उत्तर प्रदेश पेज : 05

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 04 अगस्त, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 290 | www.janexpresslive.com/epaper



नितिन गडकरी के घर को बम से उड़ाने... 12

# गोंडा में बोलेरो नहर में गिरी, 11 की मौत

- गाड़ी में छटपटाते रहे, बाहर नहीं निकल पाए, एक परिवार के 9 लोग

**जन एक्सप्रेस। गोंडा**

यूपी के गोंडा में तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक ही परिवार के 9 लोग हैं। ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। अभी 10 साल की बच्ची लापता है। एसडीआरएफ टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है। बोलेरो सवार 16 लोग जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे। हादसा इतना भयावह था गाड़ी नहर के गिरने के बाद एक भी शख्स बाहर नहीं निकल पाया। बारिश के चलते नहर में लबालब पानी था। नहर में गिरते ही गाड़ी पूरी तरह से डूब गई। उसके गेट लॉक हो गए। अंदर बैठे लोग छटपटाते रहे। तड़प-तड़पकर उनकी मौत हो गई। गाड़ी जब अनियंत्रित होकर नहर में गिरने लगी तो ड्राइवर गेट खोलकर कूद गया। आगे की सीट में बैठे दो लोग भी बाहर आ गए। जबकि बच्ची पिंकी बीच में खड़ी थी, झटके से वह भी ड्राइवर साइड के गेट से बाहर आ गई। इसके बाद बोलरो नहर में गिर गई।



### पीएम ने दुख जताया, मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए देने की घोषणा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार देने की घोषणा की। पीएम ने कहा- इस कठिन समय में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। हर संभव मदद दी जाएगी। बोलेरो में 16 लोग सवार थे। 15 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। इसमें से 11 की मौत हो चुकी है। एक बच्ची अभी भी लापता है। उसकी तलाश करने के लिए एसडीआरएफ को बुलाया गया है।

### सीएम ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की सहायता देने का ऐलान किया

सीएम योगी ने हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने अफसरों को तत्काल मौके पर पहुंचने और राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, सीएम ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा की है। हादसे के बाद लोग बुरी तरह बोलेरो में फंस गए थे। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर कार के शीशे तोड़े और लोगों को बाहर निकाला। हादसे में बची युवती ने बताया- हम सभी लोग मंदिर जा रहे थे। जिस वक्त हादसा हुआ। हम लोग भजन गा रहे थे। अचानक हमारी गाड़ी फिसल गई और नहर में जा गिरी। इसके बाद क्या हुआ, कुछ भी याद नहीं है। सब कुछ धुंधला सा हो गया।

### मंदिर जा रहे थे सभी

जहां हादसा हुआ, वहां आसपास ग्रामीण थे। बोलेरो नहर में गिरती देख वह बचाने के लिए पानी में कूद गए, लेकिन गेट नहीं खोल पाए। रस्सी बांधकर बोलेरो को किनारे तक लाए, तब जाकर गाड़ी का कुछ हिस्सा बाहर आया। बमुश्किल खिड़की का शीशा तोड़कर एक-एक को बाहर निकाला। तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। घटना रविवार सुबह 10 बजे इटियाथोक थाना क्षेत्र में हुआ। हादसे के बाद के कई वीडियो सामने आए हैं। इसमें सड़क पर 11 लाशें पड़ी हुई हैं। पानी में डूबी बोलेरो का ईंट से शीशा तोड़ते हुए युवक नजर आ रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसे के वक्त कार की स्पीड 60 किमी प्रति घंटे थी। हादसे में बची किशोरी पिंकी ने बताया- हम सभी लोग मंदिर जा रहे थे। जिस वक्त हादसा हुआ। हम लोग भजन गा रहे थे। अचानक हमारी गाड़ी फिसल गई और नहर में जा गिरी। इसके बाद क्या हुआ, कुछ भी याद नहीं है। सब कुछ धुंधला सा हो गया।

### मृतकों में 6 महिलाएं और 3 बच्चे

मृतकों में 6 महिलाएं, 2 पुरुष और 3 बच्चे हैं। मृतकों में सीहागांव निवासी प्रह्लाद की पत्नी बीना (44), दो बेटियां काजल (22), महक उर्फ रिंकी (14), प्रह्लाद के भाई रामकरण (36), रामकरण की पत्नी अनसुईया (34), बेटा शुभ (7), बेटी सौम्या (9), प्रह्लाद के सबसे छोटे भाई रामरूप की पत्नी दुर्गेश नंदिनी (35), बेटा अमित (14) शामिल हैं। वहीं, रामरूप की एक बेटी रचना (10) लापता है। इसके अलावा प्रह्लाद के पड़ोसी रामललन वर्मा की पत्नी संजू (26) और बहन गुड़िया उर्फ अंजू (20) की भी मौत हो गई। हादसे में प्रह्लाद का एक बेटा सत्यम और एक बेटी पिंकी घायल हैं। पड़ोसी रामललन और ड्राइवर सीतारमण भी घायल हैं।

### मंदिर का आधा सफर हुआ था

एक ग्रामीण ने बताया कि सभी मोतीगंज थाने के सिहा गांव के रहने वाले थे। बोलेरो में प्रह्लाद कसौधन का परिवार और उनके रिश्तेदार थे। हालांकि, वह नहीं थे। प्रह्लाद का गांव में मेवालाल माध्यमिक विद्यालय नाम से इंटर कॉलेज है। वह प्रबंधक हैं। सुबह साढ़े 9 बजे सभी मंदिर दर्शन के लिए निकले थे। गांव से पृथ्वीनाथ मंदिर की 50 किमी है। गाड़ी से आधा सफर यानी 30 किमी पूरा कर लिया था।

### हादसे में छोटे भाई का पूरा परिवार खत्म



मोतीगंज थाना अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया, हादसे में रामकरण का पूरा परिवार खत्म हो गया है। रामकरण स्कूल संचालक प्रह्लाद के छोटे भाई हैं। हादसे में रामकरण (36), रामकरण की पत्नी अनसुईया (34), बेटा शुभ (7), बेटी सौम्या (9) की मौत हुई है। हादसे की सूचना मिलने ही मोतीगंज में प्रहलाद गुप्ता के परिवार का रो-रोक बुरा हाल है। आसपास के लोग परिवार को सांत्वना दे रहे हैं, लेकिन उनकी भी आंखें नम हो जा रही हैं। नहर में गिरने के बाद पूरी गाड़ी डूबी गई थी। आसपास के युवक नहर में कूद गए और गाड़ी में रस्सी बांधकर किनारे तक ले आए।

### 11 की मौत हुई, 4 को अस्पताल में भर्ती कराया गया : एसपी

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया- पुलिस को घटना की जानकारी मिली कि बोलेरो नहर में पलट गई है। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मिलकर लोगों को बाहर निकाला। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। चार लोगों को अस्पताल इलाज के लिए भिजवाया गया है। मरने वालों को सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की गई है। प्रत्यक्षदर्शी राहुल वर्मा ने बताया- बारिश की वजह से सड़क पर फिसलन थी। जैसे ही ड्राइवर ने ब्रेक मारा, गाड़ी फिसलती हुई नहर में जा गिरी। इसके बाद हमने गांव के लोगों को बुलाया। फिर किसी तरह सभी को बाहर निकाला। ग्रामीण कप्तान अली ने बताया कि प्रह्लाद का परिवार, रिश्तेदार और पड़ोसियों के साथ मंदिर दर्शन के लिए निकला था। बारिश की वजह से बोलेरो फिसलकर नहर में जा गिरी।

# बीएएमएस की आड़ में मौत का सौदागर

## एलोपैथी में अवैध घुसपैठ, सिस्टम की चुप्पी पर सवाल

**जन एक्सप्रेस फॉलोअप**
**लखनऊ**

इलाज की उम्मीद लेकर जब आम आदमी अस्पताल की चौखट पर सिर झुकाता है, तो उसे जिंदगी की तलाश होती है... मौत का सौदा नहीं। लेकिन राजधानी लखनऊ में बॉम्बे हॉस्पिटल के संचालक डॉ. जावेद ने डॉक्टर की परिभाषा को ही कलंकित कर डाला है। डॉ. जावेद सिर्फ़ बीएएमएस (आयुर्वेद) की डिग्री रखते हैं मगर हकीकत ये है कि वे खुलेआम एलोपैथिक दवाइयों और इंजेक्शन से मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। न उनके पास एलोपैथी की डिग्री है, न कोई पंजीकरण फिर भी मरीजों को आईवी ड्रिप, एंटीबायोटिक, दर्द निवारक, और ऑपरेशन जैसी गंभीर सेवाएं दे रहे हैं।



इलाज की आड़ में कत्ल

सांस की जगह मौत... और डॉक्टर की जगह धोखा

बॉम्बे हॉस्पिटल में चल रहा है 'एमडी' के नाम पर मौत का कारोबार, कौन रोकेगा ये नाटक?

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यह अस्पताल नहीं, एक जिंदा लाशों का कारखाना है। यह डॉक्टर नहीं, मौत के सौदागर है और यह इलाज नहीं, एक सुनियोजित साजिश है इंसानियत के खिलाफ जहां मरीज इलाज की आस लेकर पहुंचते हैं, वहां उनके भरोसे का पोस्टमार्टम हो रहा है। नाम है बॉम्बे हॉस्पिटल लेकिन असलियत सुनकर आपका दिल दहल जाएगा।



'फेफड़ों का इलाज' नहीं, फेफड़ों पर हमला!

बाहरी दीवारों पर चमचमाते पोस्टर, अस्थमा, टीबी, एलर्जी, ब्रोंकाइटिस का बेहतरीन इलाज पर अंदर कोई चेस्ट फिजिशियन नहीं। न कोई फेफड़े का स्पेशलिस्ट, न एमडी मेडिसिन, न पल्मोनोलॉजिस्ट सिर्फ एक नाम- डॉ. जावेद, जिनकी डिग्री है बीएएमएस यानी आयुर्वेद, लेकिन बोर्ड पर लिखा है- बीएएमएस (एमडी), जो न मेडिकल काउंसिल मानता है, न भारत का कानून। क्या अब मौत को डिग्री पहनाकर बेचा जा रहा है?

जवाब देना पड़ेगा डॉक्टर, जब डॉक्टर ने पत्रकार से कहा, 'तुमसे मतलब?'

- जब जन एक्सप्रेस ने हॉस्पिटल के मैनेजमेंट से बात करनी चाही, तो फोन उठाया डॉ. जीशान, जो खुद को एमडी बताते हैं। पूछा गया, डॉ. जावेद की डिग्री क्या है?
- तो वो तिलमिला गए, सवाल सुनते ही भड़क उठे। पत्रकार से बोले, आपसे मतलब और फिर फोन काट दिया। ये लहजा उस इंसान का है, जो जवाबदेही से डरता है। जो जानता है कि उसके अस्पताल में सबकुछ है सिवाय कानून और नैतिकता के।

ऑपरेशन टेबल पर भरोसे की लाशें

जन एक्सप्रेस की तहकीकात में सामने आया, इस तथाकथित हॉस्पिटल में ऑपरेशन हो रहे हैं, सर्जरी हो रही है, प्रसव कराए जा रहे हैं, आईसीयू में एलोपैथिक दवाएं दी जा रही हैं। लेकिन सवाल ये है किस हक से

- क्या एक बीएएमएस डॉक्टर को एलोपैथिक दवा लिखने की अनुमति है?
- क्या वह स्किन सर्जरी, चेस्ट ट्रीटमेंट, आईसीयू वेंटिलेशन कर सकता है?
- उत्तर है-नहीं!
- लेकिन बॉम्बे हॉस्पिटल में 'ना' का कोई मतलब नहीं है। यहां कानून का मुंह काला है और मरीजों की सांसें बेआवाज लुट रही हैं।

सीएमओ ऑफिस की चुप्पी : लापरवाही या हिस्सेदारी?

इतना बड़ा मेडिकल फ्रॉड, खुलेआम पोस्टरों पर, सोशल मीडिया पर, हॉस्पिटल की दीवारों पर फिर भी सीएमओ लखनऊ डॉ. एन बी सिंह की आंखें मूंदी हैं। जन एक्सप्रेस ने जब उन्हें कॉल कर बात करनी चाही, तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। क्या उनकी चुप्पी सिर्फ लापरवाही है या कुछ और गहरा?

ये इंसाफ की मांग नहीं, इंसानियत की पुकार है

यह अस्पताल नहीं, उम्मीदों की कब्रगाह है। जहां किसी मां ने लोन लेकर अपने बच्चे का इलाज शुरू कराया, जहां किसी बुजुर्ग ने आखिरी सहारा समझ कर इस दरवाजे को खटखटाया... वहीं, एक झूठी डिग्री ने उनकी सांसें छीन लीं।

हकीकत की हिम्मत

हम खबर का पर्दा नहीं करते, हम सच की चादर खींचते हैं चाहे कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो। इस मेडिकल माफिया को अब जवाब देना होगा। बॉम्बे हॉस्पिटल – अब तुम सवालों के आईसीयू में हो!

जन एक्सप्रेस की खुली मांग, अब यह हॉस्पिटल बंद हो

- बॉम्बे हॉस्पिटल को तत्काल सील किया जाए।
- डॉ. जावेद की डिग्री और मेडिकल रजिस्ट्रेशन सार्वजनिक किया जाए।
- फर्जीवाड़ा साबित होने पर सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी हो।
- सीएमओ ऑफिस की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो क्या किसी अधिकारी की मिलीभगत है?

अब चुप रहना पाप है!

अगर आज एक फर्जी डॉक्टर को माफ किया गया, तो कल किसी और के बेटे की धड़कन बंद होगी। अब वक्त है मौत के इस खेल को बेनकाब करने का फर्जी डॉक्टरों को सलाखों के पीछे भेजने का और भरोसे को फिर से जिंदा करने का!

### स्वास्थ्य विभाग की खामोशी : मौन की चादर ताने सोया है सिस्टम

सबसे भयावह पक्ष यह है कि ये सब खेल स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे हो रहा है, और अब तक किसी अधिकारी ने संज्ञान तक नहीं लिया। यानी सवाल उठता है क्या डॉ. जावेद अकेले हैं या ये किसी बड़े मेडिकल सिंडिकेट की एक कड़ी हैं? जब जन एक्सप्रेस ने इस जनहित में महत्वपूर्ण खबर का खुलासा किया, तो डॉ. जावेद बौखला उठे। पत्रकार को धमकी दी, डराने की नाकाम कोशिश की। डॉ. जावेद, अगर आपका इलाज सही है तो डर किस बात का? क्यों आपको सच सामने आने से डर लगता है?

### कानून क्या कहता है?

इलाहाबाद हाईकोर्ट पहले ही स्पष्ट आदेश दे चुका है जिसके पास एलोपैथी की डिग्री नहीं, वह एलोपैथी की प्रैक्टिस नहीं कर सकता। बावजूद इसके, न तो प्रशासन जागा, न स्वास्थ्य विभाग की आंख खुली। अब खबर है कि शासन स्तर पर ऐसे फर्जी डॉक्टरों की सूची तैयार की जा रही है, और जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा जल्द ही प्रदेशव्यापी छापेमारी शुरू की जाएगी।

### यह अकेले डॉ. जावेद की करतूत नहीं, यह पूरे सिस्टम में फैले सड़ांध की पहली परत है

जब झोलाछाप डॉक्टर भगवान का रूप बनकर इलाज करें और सरकारी अधिकारी गूंगे-बहरों की तरह तमाशा देखें, तो जनता का भरोसा किस पर रहे? अगर किसी की मौत इन फर्जी इलाजों से होती है, तो क्या स्वास्थ्य विभाग दोषी नहीं? क्या यह हत्या में साझेदार नहीं?

### जन एक्सप्रेस की प्रतिज्ञा है हम न झुकेंगे, न रुकेंगे।

जब तक इस मेडिकल माफिया की जड़ें उखाड़ नहीं दी जातीं, जब तक हर नकली डॉक्टर का चेहरा बेनकाब नहीं होता हमारी कलम चलती रहेगी!

*जुड़े रहिए जन एक्सप्रेस के साथ क्योंकि यहां, हम सिर्फ खबर नहीं दिखाते, जमीनी हकीकत उजागर करते हैं।*

### अगली कड़ी में पढ़िए

- कितने ऐसे फर्जी डॉक्टर यूपी भर में चल रहे हैं क्लीनिक?
- कैसे स्वास्थ्य विभाग की सांठगांठ से फर्जीवाड़ा फल-फूल रहा है?
- कौन-कौन हैं इस मेडिकल सिंडिकेट के संरक्षक?

# तोताघाटी की दरारें बनीं खतरे की घंटी

## ऋषिकेश से कट सकता है गढ़वाल, बदरीनाथ-केदारनाथ यात्रा पर संकट

- पहाड़ी की चट्टानों में पाई गईं गहरी दरारें, भूगर्भ वैज्ञानिकों ने जताया भूस्खलन का खतरा
- एनएचएआई और लोनिवि की तकनीकी टीमें निगरानी में जुटीं, चार महीने की मॉनिटरिंग के बाद तय होगा अगला कदम

**जन एक्सप्रेस । नई टिहरी**

उत्तराखंड में एक बार फिर प्रकृति की नाजुक संरचना ने चिंता बढ़ा दी है। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित तोताघाटी की पहाड़ी में कई स्थानों पर ढाई से तीन फीट चौड़ी और सैकड़ों मीटर गहरी दरारें पाई गई हैं। भूगर्भ विशेषज्ञों के अनुसार, यदि इन दरारों का फैलाव बढ़ा, तो पूरी पहाड़ी का एक हिस्सा खिसक सकता है, जिससे बदरीनाथ और केदारनाथ सहित पूरे गढ़वाल क्षेत्र का ऋषिकेश से संपर्क कट सकता है।



### गढ़वाल की लाइफलाइन पर मंडरा रहा है संकट

वरिष्ठ भूगर्भ वैज्ञानिक और हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूगर्भ विभागाध्यक्ष प्रो. महेंद्र प्रताप सिंह बिष्ट के अनुसार, तोताघाटी की पहाड़ियाँ चूना पत्थर से बनी हैं, जो समय के साथ दरकती रहती हैं। उन्होंने बताया कि इन दरारों की गहराई का सही अनुमान अभी संभव नहीं है, लेकिन ये सतही नहीं, संरचनात्मक दरारें हैं, जो पहाड़ी की आंतरिक मजबूती को भी प्रभावित कर रही हैं।

### चार दरारें, तीन फीट तक चौड़ाई, गहराई अनिश्चित

विशेषज्ञों ने बताया कि जिस बिंदु से यह सड़क पहाड़ी को पार करती है, उसके लगभग 300 मीटर ऊपर चार मुख्य दरारें पाई गई हैं। ये दरारें कई महीनों से बनी हुई हो सकती हैं, लेकिन उनका सक्रिय होना हाल में सामने आया है। इन दरारों की चौड़ाई ढाई से तीन फीट तक है, और गहराई इतनी अधिक है कि स्थानीय भूगर्भीय स्कैनिंग से भी पूरा अंदाजा नहीं लगाया जा सका।

### लगातार निगरानी से मिलेगा वास्तविक डेटा

एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग की टीमें भूगर्भ वैज्ञानिकों के साथ मिलकर क्षेत्र की लगातार ड्रोन मैपिंग, थ्री-डी स्कैनिंग और सेस्मिक मॉनिटरिंग कर रही हैं। प्रो. बिष्ट के अनुसार, कम से कम चार महीने तक लगातार निगरानी के बाद ही दरारों के व्यवहार की स्पष्ट तस्वीर सामने आ सकेगी। निगरानी से जुड़े सभी आंकड़े टीएचडीसी को सौंपे जाएंगे, जिसके विशेषज्ञ आगे की कार्य योजना तैयार करेंगे।

### धाम यात्रा पर संकट, आर्थिक व धार्मिक प्रभाव संभव

यदि यह मार्ग बाधित होता है तो बदरीनाथ, केदारनाथ, हेमकुंड साहिब जैसी तीर्थ यात्राएं सीधे प्रभावित होंगी। साथ ही, गढ़वाल के कई जिलों की आर्थिक और आपातकालीन आपूर्ति व्यवस्था भी ठप हो सकती है। ऐसे में यह संकट केवल भौगोलिक नहीं, सामाजिक और धार्मिक भी है। तोताघाटी में उभर रही यह स्थिति सिर्फ एक भूस्खलन का मामला नहीं, बल्कि गढ़वाल की जीवन रेखा के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न है। समय रहते वैज्ञानिक और तकनीकी समाधान अपनाए गए तो बड़ा संकट टल सकता है अन्यथा यह दरारें भविष्य की बड़ी तबाही का संकेत हो सकती हैं।

# बाराबंकी : लोधेश्वर महादेव मेला परिसर के निकट उतरा करंट, दो स्थानीय दुकानदारों की चिपककर मौत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

रामनगर कोतवाली क्षेत्र के महादेवा में सड़क किनारे दुकान की सीढ़ियों में उतरे करंट की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सड़क किनारे एक दुकान की आंतरिक वायरिंग से करंट लोहे की सीढ़ियों में उतर रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार सावन के चौथे सोमवार के अवसर पर महादेवा में रविवार से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंदिर परिसर से लगभग 300 मीटर दूर सूरतगंज मार्ग के किनारे, महादेवा चौकी के पास एक बाजार सजा हुआ था। इसी स्थान पर गोबरहा गांव निवासी संजय कुमार (38) का एक फोटो स्टूडियो और लैया की दुकान है। प्रशासन के मुताबिक, बाजार में प्रथम तल पर स्थित स्टूडियो को जाने वाली लोहे की सीढ़ियों में दुकान की आंतरिक वायरिंग से करंट प्रवाहित हो रहा था। जैसे ही संजय सीढ़ियों के पास पहुंचे, वे करंट की चपेट में आ गए। उन्हें करंट लगते देख, उनके साथ काम कर रहे मसौली थाना क्षेत्र के गुलरिया गांव निवासी हौसला ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए। कुछ ही पलों में दोनों निढाल हो गए।



# यूपी : प्रदेश में 30 फीसदी महंगा हो सकता है बिजली का नया कनेक्शन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

पावर कॉर्पोरेशन बिजली दर ही नहीं बल्कि नए कनेक्शन की दरों में भी बढोतरी चाहता है। घरेलू कनेक्शन की दर में करीब 25 से 50 फीसदी और वाणिज्यिक दर में 100 फीसदी तक बढोतरी की मांग कर रहा है। पावर कार्पोरेशन बिजली दर में करीब 45 फीसदी बढोतरी के साथ ही नए कनेक्शन की दर बढ़ाने का प्रस्ताव दाखिल कर चुका है। नियामक आयोग सभी निगमों में सुनवाई भी कर चुका है। अब नियामक आयोग की उप समिति की जल्द ही बैठक होने वाली है। इसमें दरों पर विचार विमर्श किया जाएगा। ऐसे में कार्पोरेशन प्रबंधन उप समिति की बैठक में नए कनेक्शन की दरों को बढ़ाने के लिए लगातार पैरवी कर रहा है। दो दिन पहले कार्पोरेशन के अधिकारियों ने इस मुद्दे पर नियामक आयोग में चर्चा भी की।

# 2017 से पहले होने वाली भर्तियों में हावी था भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद, अब युवाओं के लिए मौके : सीएम

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

2017 से पहले प्रदेश में होने वाली भर्तियों में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद हावी था। उस दौरान पैसों का लेन-देन, बोली और भेदभाव ने नौजवानों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया था। इसका सीधा असर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर पड़ा। इससे दंगे, अराजकता, गुंडागर्दी, आतंकी घटनाएं बढ़ गयीं और जनता में असुरक्षा का माहौल बन गया। कभी अयोध्या, काशी और लखनऊ की कचहरी में हमले होते थे तो कभी आतंकी हमले। इस दौरान सीआरपीएफ कैंप रामपुर को भी निशाना बना गया। वहीं वर्ष 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने पर सबसे पहले भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए बड़े कदम उठाए गए। इसके तहत पुलिस भर्ती बोर्ड का सुदृढ़ीकरण किया गया। इसी का परिणाम है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पुलिस की भर्ती और सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में पहले स्थान पर है। अब तक हमारी सरकार साढ़े आठ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान कर चुकी है, जो पूरे देश में सबसे बड़ा आकड़ा है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 1,494 सहायक परिचालकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कही। इस दौरान सीएम ने चयनित कई अभ्यर्थियों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र वितरित किये।

### पुलिस बल में 2,17,500 अभ्यर्थियों की भर्ती

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में जो ऐतिहासिक बदलाव आए हैं, वे सिर्फ आंकड़ों की कहानी नहीं हैं, बल्कि एक नई पहचान, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक बन चुके हैं। वर्ष 2017 से अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस में 2 लाख 17 हजार 500 से अधिक कार्मिकों की निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जा चुकी है, जो देश में सबसे बड़ा आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में बीजेपी सरकार बनी, तो सबसे पहले भर्ती बोर्ड को मजबूत करने का काम किया गया। यह तय किया गया कि यदि किसी ने नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ किया तो जिम्मेदारी तय की जाएगी। आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश की भर्ती प्रक्रिया नजीर बन गयी है।सीएम ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता आने के बाद निवेश भी बढ़ा, जिससे करीब 2 करोड़ युवाओं को अपने जिले में ही रोजगार के अवसर मिले। वहीं नहीं आउटसोर्सिंग, टेक्नोलॉजी और नीति-निर्माण के सहयोग से उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वर्ष 2017-18 में पहली भर्ती हुई तो ट्रेनिंग क्षमता बेहद सीमित थी, लेकिन अब राज्य में 60,244 पुलिस कार्मिकों की ट्रेनिंग की व्यवस्था उत्तर प्रदेश पुलिस के ही ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स में की जा रही है।





### तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत

सीएम ने कहा कि आज जब भारत आजादी के अमृतकाल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तो पुलिस को भी उतना ही संवेदनशील और सख्त दोनों होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हर दस साल में पीढ़ी बदलती है और हमें इस नई पीढ़ी के सामने एक सुरक्षित, पारदर्शी और समर्थ उत्तर प्रदेश की तस्वीर पेश करनी होगी, जिसमें पुलिस बल एक प्रेरणास्रोत बनकर खड़ा हो।

### आज हर जिले में पुलिस बैरक का है सबसे ऊंचा भवन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में पुलिस लाइन, पुलिस मुख्यालय और आवासीय सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि अब किसी भी जिले में सबसे ऊंचा और बेहतर भवन पुलिस का बैरक होता है। प्रदेश के 10 जिलों में जहां पहले पुलिस लाइन नहीं थी, वहां नए पुलिस लाइन और मुख्यालय बनाए गए हैं। वर्ष 1971-72 से लंबित पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली को डबल इंजन की सरकार ने लागू किया। अब तक 7 नए पुलिस कमिश्नरेट बनाए गए हैं, जिससे पुलिसिंग में आधुनिकता और जवाबदेही दोनों बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश पुलिस एक मॉडल फोर्स बन चुकी है, जो दंगा मुक्त, अराजकता मुक्त और सुरक्षित प्रदेश की पहचान बन रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की संवेदनशीलता और तत्परता का उदाहरण महाकुंभ जैसे आयोजन में देखने को मिला, जहां पुलिस के समर्पण और व्यवहार ने इसे सफल बनाया। उन्होंने पुलिस बल को याद दिलाया कि जनता की नजर सिर्फ उनके कार्य नहीं, बल्कि उनके व्यवहार पर भी होती है। वहीं पुलिस विभाग में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल में 20 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी है।

### 25 करोड़ आबादी वाले प्रदेश में दूरसंचार पुलिस की जिम्मेदारी काफी अहम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में अग्निवीर को 20 प्रतिशत रिजर्वेशन देने का निर्णय किया गया है। इससे प्रशिक्षित और अनुशासित युवा पुलिस बल का हिस्सा बन सकेंगे। सीएम ने महाकुंभ में दूरसंचार विभाग के उत्कृष्ट कार्यों का प्रशंसा करते हुए कहा कि संचार व्यवस्था किसी भी पुलिस फोर्स की रीढ़ होती है। 25 करोड़ की आबादी वाला प्रदेश में कम्युनिकेशन और टेलीकॉम पुलिस की जिम्मेदारी कहीं कम नहीं होती। उन्होंने कुंभ के दौरान टेलीकॉम पुलिस के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की और टेक्नोलॉजी को पुलिसिंग का अनिवार्य अंग बताया।

# बाढ़ राहत कार्यों को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध

**जन एक्सप्रेस । उरई**

प्रदेश सरकार बाढ़ जैसी आपदा की इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में पूरी तरह सक्रिय है और मुख्यमंत्री स्वयं हालात की निगरानी कर रहे हैं। सरकार के निर्देश पर वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों को लगातार प्रभावित क्षेत्रों में भेजा जा रहा है, ताकि पीड़ितों को त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

इसीक्रम में प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और ज़मीनी स्थिति का जायज़ा लिया। मंत्री ने सबसे पहले जालौन और कालपी तहसीलों के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया, जिसके पश्चात उन्होंने रामपुरा विकासखंड के ग्राम भिटौरा और कंजौसा में पहुंचकर 180 बाढ़ पीड़ितों को सरकारी राहत किटों का वितरण किया। इन राहत किटों में दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुएं- चावल, आटा, दाल, आलू, तेल, नमक, मसाले, बिस्कुट, लाई, साबुन, सैनिटरी पैड, कपड़ा, बाल्टी, तिरपाल आदि उपलब्ध कराई गई। जिससे बाढ़ से प्रभावित परिवारों को तत्काल सहारा मिल सके। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बुंदेलखंड में औसत से अधिक वर्षा होने के कारण यमुना, पहूज और सिंध नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा, जिससे अनेक गांवों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और अगले दो दिनों में अधिकांश क्षेत्रों से पानी उतरने की संभावना है। सरकार द्वारा पहले से ही बाढ़ की संभावनाओं को देखते हुए समुचित तैयारियाँ की गई थीं। प्रभावित गांवों




में राहत शिविर, विद्यालय और पंचायत भवनों को शरणस्थलों के रूप में चिह्नित किया गया है, जहां भोजन, रहने और चिकित्सा की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बीमारियों की आशंका को देखते हुए चिकित्सकों की टीमें सतत निगरानी में लगी हुई हैं।पशुधन की सुरक्षा के लिए चारा, टीकाकरण और चिकित्सकीय सेवाएं सुलभ कराई गई हैं। शहरी क्षेत्रों में जलभराव से निपटने के लिए पंपिंग सेटों के माध्यम से जलनिकासी का कार्य तेज़ी से चल रहा है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार की नीति ÷कोई भी प्रभावित परिवार सहायता से वंचित न रहे÷ के सिद्धांत पर आधारित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों के पुनर्वास और मुआवज़े की कार्यवाही भी प्रारंभ की जा चुकी है। जिन परिवारों को पहले से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध हैं लेकिन वे पैतृक घरों में रहते थे और इस आपदा से प्रभावित हुए हैं, उनकी भी राहत के लिए विशेष योजना बनाई जा रही है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रशासन लगातार राहत कार्यों में जुटा हुआ है। जिन क्षेत्रों में सड़क संपर्क नहीं है, वहां नावों के माध्यम से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। प्रशासनिक टीमें गांव-गांव जाकर स्थिति का आकलन कर रही हैं और जरूरतमंदों को समय पर सहायता दी जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# घटना के बाद कुछ घंटों में ही नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले अज्ञात अभियुक्तों की पहचान कर सूचना के कुछ ही घण्टे के भीतर घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार । मुठभेड़ में दोनों अभियुक्तों के पैर में लगी गोली।

आपको बताते चलें कि मामला थाना नगर कोतवाली क्षेत्र का है जहां अभियुक्तों द्वारा कोचिंग पढ़कर ऑटो से घर जा रही नाबालिग लड़की से ऑटो को सूनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म की घटना को दिया गया था अंजाम।

दिन रविवार को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया।गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने दिनांक 2 अगस्त की देर रात्रि को थाना कोतवाली नगर पर



सूचना दी कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री दोपहर में कोचिंग पढ़ने गई थी शाम को कोचिंग से घर सीएनजी ऑटो में लौट रही थी।घर लौटते समय ऑटो चालक तथा उसमें बैठे एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि वे भी उसी तरफ जा रहे हैं।दोनों अभियुक्त ऑटो को सूनसान स्थान पर ले जाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिए।सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु कई टीमों का गठन किया गया था।सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस,रिक्शा वेरिफिकेशन ड्राइव व मिनिट टू मिनिट ट्रैकिंग से रुट,व सीएनजी ऑटो की पहचान कर घटना का सफल अनावरण करते हुए चालक व अन्य साथी की जानकारी हुई।जानकारी पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को करिया नाला के पास से गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करना शुरू कर दिया गया।पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी है।दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।घायल अभियुक्तों को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर है।

# साईबर टीम ने ठगी करने वाले पांच अभियुक्त किए गिरफ्तार

- **नौकरी का झांसा देकर लोगों से करते थे ठगी, लेपटॉप, मोबाइल, चार्जर सहित नगदी बरामद**

**जन एक्सप्रेस । उरई**

पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशन में साइबर थाना टीम ने एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। जिसमें पुलिस ने मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लैपटॉप, दो चार्जर, दस मोबाइल फोन, सात डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नौ सिम कार्ड व 65 सौ रुपये नकद बरामद किए है। बता दें कि रविवार को साइबर थाना टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध युवक चुर्खी बाईपास रोड स्थित इकलासपुरा चौराहे पर खड़े हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांचों युवकों को दबोच लिया। बरामद मोबाइल व सिम की आईएमईआई जांच एनसीआरपी पोर्टल पर की गई तो सामने आया कि इनके जरिए झारखंड, मध्यप्रदेश, केरल, मणिपुर, हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक,



तेलंगाना और आंध्रप्रदेश समेत कई राज्यों में दर्ज 50 से अधिक ऑनलाइन ठगी की शिकायतें जुड़ी हुई हैं। फिलहाल गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे फ्रेशरवर्ल्ड डॉट कॉम, शाइन कॉम और क्विकर डॉट कॉम जैसी वेबसाइट से नौकरी चाहने वालों का डाटा खरीदते थे। इसके बाद फर्जी सिम कार्ड से कॉल व मैसेज भेजकर उम्मीदवारों से संपर्क करते थे। एयरपोर्ट व अन्य प्रतिष्ठित जगहों पर नौकरी दिलाने का लालच देकर उनसे रजिस्ट्रेशन, मेडिकल, यूनिफार्म और ट्रेनिंग के नाम पर मोटी रकम ऐंठ लेते थे। ठगी करने के बाद वे इस्तेमाल किए गए सिम कार्ड तोड़कर फेंक देते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान धीरज सिंह पुत्र स्व. भोला सिंह निवासी ग्राम सैड़वा थाना गजनेर, जिला कानपुर देहात, सुमित सिंह पुत्र तेज सिंह निवासी ग्राम परौख थाना मंगलपुर, जिला कानपुर देहात (गिरोह का मास्टरमाइंड), उदय प्रताप सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी ग्राम बघौरा नियामतपुर थाना सिरसाकलार, जिला जालौन, अमरजीत सिंह पुत्र स्व. इन्द्रवीर सिंह निवासी ग्राम हैदलपुरा थाना माधौगढ़, जिला जालौन और दीपक सिंह पुत्र अनुरूद्ध सिंह निवासी ग्राम मिहौनी थाना माधौगढ़, जिला जालौन के रूप में हुई है। दीपक सिंह पहले तिहाड़ जेल जा चुका है और इसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं।गिरफ्तारी करने वाली टीम में साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार मौर्या, एसआई आयुष गुप्ता, एसआई शिवेंद्र परमार, कांस्टेबल अरियंत दुबे और अक्षत सारस्वत शामिल रहे।

# थानेदार चन्द्रप्रकाश तिवारी की पहल ने मानसिक मंद महिला को अपने घर(राजस्थान) पहुंचा दिया

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

थाना गिरवां पुलिस ने पेश की मानवता की मिशाल।राजस्थान की रहने वाली,लगभग डेढ़ वर्ष से घर से भटकी मानसिक रुप से मंद महिला को परिजनों की पहचान कर महिला को उसके घर जयपुर ले जाकर परिजनों को किया गया सुपुर्द।परिजनों ने पुलिस को हृदय से दिया धन्यवाद।थाना गिरवां पुलिस द्वारा संवेदनशीलता एवं मानवता की एक अनोखी मिशाल पेश की गई । गौरतलब हो कि दिनांक 31जुलाई को थाना गिरवां क्षेत्र अंतर्गत माँ विंध्यवासिनी मंदिर परिसर के पास एक मानसिक मंद महिला बरामद हुई थी।थाना गिरवां पुलिस द्वारा महिला को अभिरक्षा में लेकर महिला भोजन आदि कराया गया तथा उसके परिजनों की जानकारी के प्रयास किए गए।महिला द्वारा बताए गए सभी अस्पष्ट पतों को थानाध्यक्ष गिरवां चन्द्रप्रकाश तिवारी द्वारा पुष्टि करने के प्रयास किए गए।जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि महिला शहीद अब्दुल नगर थाना जालूपुरा जनपद जयपुर (राजस्थान) की रहने वाली है तथा



उसका नाम रुबीना पत्नी माजिद है । जरिए फोन परिजनों से बात करने पर परिजनों द्वारा बताया गया कि महिला मानसिक रुप से मंद है तथा कुछ दिनों पहले घर से भटक गई थी।परिजनों द्वारा बताया गया कि वे आर्थिक रुप से काफी कमजोर हैं तथा बांदा नहीं आ सकते इस पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में थानाध्यक्ष गिरवां द्वारा निजी वाहन से महिला को परिजनों को सकुशल सुपुर्द करने हेतु आरक्षी प्रहलाद, महिला आरक्षी सोनी तथा महिला आरक्षी चांदनी को रवाना किया गया।पुलिस टीम द्वारा महिला को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया । परिजनों द्वारा पुलिस टीम का हृदय से धन्यवाद दिया गया।

# मुख्यमंत्री स्वदेशी गोसंवर्धन योजना के लाभार्थियों को नहीं मिल रहा अनुदान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मुख्यमंत्री स्वदेशी गोसंवर्धन योजना के अंतर्गत चयनित आवेदक सभी शर्ते पूरी करने के बाद भी अनुदान के इंतजार में हैं। विभागीय लापरवाही के चलते अब तक अनुदान न मिलने से किसान परेशान है। जिले के आधा दर्जन किसानों ने उच्चाधिकारियों को भेज पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत संचालित मुख्यमंत्री स्वदेशी गोसंवर्धन योजना का जिले में बुरा है। पहाड़ी क्षेत्र के बसहर दरसेड़ा निवासी रामलली व रामबरन, मऊ क्षेत्र के पूरब पताई निवासी कमला देवी, लोहदा निवासी रेनू सिंह, भारतपुर निवासी शिवगोपाल व कमला तथा कबरापुरवा निवासी कुंती देवी आदि ने बताया कि उन लोगों ने योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें लॉटरी सिस्टम के तहत 25 किसानों का चयन किया गया था। इन किसानों द्वारा निर्धारित समय में सभी शर्तों को पूरा करते हुए दो गायों और कटिया मशीन क्रय करने के साथ टीन शेड भी बनवा लिया गया। योजना में नियमानुसार दो लाख रुपये खर्च कर दो गायें, कटिया मशीन और टीन शेड़ के लिए पशु पालक को 80,000 रुपये का अनुदान दिया जाता है। सारी औपचारिताएं पूरी होने के बावजूद अब तक किसी पशुपालक को अनुदान नहीं दिया गया है। जिससे पशु पालक परेशान है। इस सम्बन्ध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एसके पाण्डेय ने बताया कि चयनित 25 आवेदकों के यहां स्थलीय निरीक्षण किया गया है।

## महिला ने केरोसिन डालकर लगाई आग

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव में विवाहिता ने जीवन लीला समाप्त करने के उद्देश्य से ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। कुठौद थाना क्षेत्र के ग्राम हाजीपुर निवासी अखिलेश कुमार का पुनर्विवाह रीमा देवी के साथ वर्ष पूर्व हुआ था। बताया गया कि अखिलेश की पहली पत्नी से दो बच्चे हैं, और पुनर विवाह कर आई रीमा से एक बच्ची 4 वर्ष की है। इसके बाद में 8 माह पूर्व उसके एक बच्चे ने जन्म लिया था, जो जन्म लेने के बाद ही उसकी मौत हो गई थी। बताया कि पहले के बच्चों को लेकर पति से कुछ कहा सुनी हुई इसी से नाराज़ होकर उसने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। जिससे वह झुलस गई। घटना के बाद परिजन उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस दौरान घटना की सूचना रीमा के मायके पक्ष को दी गई। खबर मिलते ही उसके मायके पक्ष के लोग भी आ गए और उन्होंने ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। हालांकि मायके पक्ष ने अभी थाने में तहरीर नहीं दी है। लेकिन गंभीर रूप से झुलसी महिला का उपचार चल रहा है जो जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है।

## आज रामनगर ब्लाक में 'पर ब्लाक वन क्रॉप' के तहत होगी संगोष्ठी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी प्रतिमा पाण्डेय ने बताया कि शासन द्वारा औद्यानिक विशिष्ट फसलों का चयन एवं उत्पान के साथ उपज के मूल्य संर्वधन, पैकेजिंग, विपणन, ब्राडिंग और दृष्टिकोण से उत्पादों को निर्यात योग्य बनाने के लिये तथा वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने एवं कृषकों की आय में वृद्धि किये जाने के उद्देश्य से 'पर ब्लाक वन क्राप' सप्ताह मनाने के निर्देश दिए गए है।

# पुलिस पार्टी पर हमला कर कत्ल की कोशिश के सात गुनाहगारों को आठ साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ तीन लाख चौदह हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के जरिया के ग्राम अतरौली में तीन सितम्बर 2010 में अभियुक्तों ने एक राय होकर पुलिस पार्टी के ऊपर जान से मारने की नियत से अवैध असलहों से फायर करने के साथ ही लाठी डण्डा और कांटा मारकर बुरी तरह से जख्मी करने के साथ ही अपने साथी अभियुक्त सुरेश को छुडाकर सरकारी रायफल छीनकर ले जाकर फेंक देने के मामले में एस आई बुद्ध प्रकाश दिक्षित की तहरीर पर जरिया में मुकदमाअपराध संख्या -847/2010 धारा-147,148,152,307,332,333, 353,224,225,325 आईपीसी सहित 2बी(12)/14 द0प्र0क्षे0 एक्ट में अभियुक्त सुरेश,रमेश, राकेश ,राजेश उर्फ राजेन्द्र पुत्र टीकाराम लोधी, सिंहराज पुत्र महिपाल लोधी निवासी ग्राम अतरौली, जरिया,अजय पुत्र तुलाराम लोधी निवासी ग्राम धगवां, जरिया, प्रभूदयाल पुत्र बेनीप्रसाद निवासी गोहाण्ड जरिया हमीरपुर के खिलाफ 3 सितम्बर 2010 को दर्ज किया गया। वही आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर की अपर सत्र डकैती अदालत के स्कालर जज रनवीर सिंह ने हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सुरेश को



गुनाहगार मानते हुये आठ साल की सख्त सजा के साथ ही 44 हजार रुपये का हुआ जुर्माना,वही हिस्ट्रीशीटर रमेश,जबकि हिस्ट्रीशीटर राकेश, हिस्ट्रीशीटर राजेश उर्फ राजेन्द्र, हिस्ट्रीशीटर सिंहराज , अजय पुत्र तुलाराम लोधी,प्रभूदयाल पुत्र बेनीप्रसाद को गुनाहगार मानते हुये आठ साल की सख्त सजा के साथ ही पैंतालीस हजार रुपये का जुर्माना किया गया है। मामले की जांच जरिया थाने के तत्कालीन एस आई नयन सिंह ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी, वही अभियोजन की तरफ से अदालत में एडीजीसी मणिकर्ण शुक्ला की दमदार पैरवी के चलते मामले के सातों गुनाहगारों को आठ साल की सख्त सजा के साथ ही सम्भव हो सका तीन लाख चौदह हजार का जुर्माना।

# जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का हैलीकॉप्टर से लिया जायज़ा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह चन्देल ने हमीरपुर पहुँचकर हैलीकॉप्टर से लिया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा। साथ ही राजकीय महाविद्यालय कुछेछा के राहत शिविर में पहुँच कर बाढ़ पीड़ितों को बांटे लंच पैकेट। मन्त्री ने कहा कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों की निगरानी कर प्रभावित लोगो को जरुरी राहत उपलब्ध कराने के साथ ही, पशुओ को किसी भी तरह की परेशानी न हो। साथ ही कहा कि जरूरत मंदो को आपदा राहत किट वक्त पर पहॅुचायी जाय। जिन लोगों के घरों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है, उसका अंदाज लगाकर उन्हें जल्द राहत पहॅुचायी जाये। मन्त्री ने कहा कि सभी पीड़ितों को वक्त पर ताजे



खाने के साथ ही जरुरी दवायें मुहय्या कराई जायें। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सहित जिला प्रशासन पूरी तरह बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा हुआ है, उन्हें किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जायगी। जो किसान बाढ़ से प्रभावित हुये है, उनके नुकसान का पूरा मुआवजा दिया जायेगा। उनहोंने जिला प्रशासन के इंतजामों के साथ ही जिलाधिकारी घनश्याम मीना की संवेदनशीलता की जमकर तारीफ की। इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस कप्तान दिक्षा शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति, राठ विधायिका मनीषा अनुरागी सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उदर शक्ति विकासक योग

# नियमित अभ्यास से कब्ज व एसिडिटी से मिलता है छुटकारा : योगाचार्य

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने रविवार को पेट को स्वस्थ, सबल और निरोग बनाए रखने वाली सूक्ष्म योग श्रृंखला के भाग 3 का विधिवत् अभ्यास कराया।

उन्होंने बताया कि पेट की बीमारियों के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें अधिक तैलीय, मसालेदार, फास्ट फूड, फाइबर विहीन खराब भोजन, शारीरिक गतिविधियों की कमी, तनाव, नींद की कमी वाली जीवन शैली, बैक्टीरिया-वायरस संक्रमण, गैस्ट्रिटिस, अल्सरेटिव कोलाइटिस आदि शामिल है, इससे पेट दर्द, पेट फूलना, जलन, दस्त, कब्ज, मतली उल्टी की समस्या होती है। ऐसे में स्वस्थ खान-पान, नियमित योग व्यायाम, तनाव का प्रबंध करना और पर्याप्त नींद लेने से पेट में जमा टॉक्सिंस हटता रहता है। जिसके फलस्वरुप शरीर के अंदरूनी सभी अंग



अपने ठीक गति और लय के साथ हमारे लिए काम करते हैं। आंखों का स्वास्थ्य भी ठीक बना रहता है व जठराग्नि प्रज्वलित होती है, जिससे भोजन का पाचन ठीक से होता है। साथ ही सप्त धातुओं (रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र) का निर्माण अच्छे से होता है। खाना खाने के बाद दिन में कई बार शौच जाने की समस्या, पेट का बड़ा होना आदि समस्याएं उदर शक्ति विकासक सूक्ष्म योग क्रिया करने से सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। बताया कि इस सूक्ष्म योग क्रिया को करने के लिए एडी पंजा मिलाकर, हाथ नीचे रखते हुए सर को पीछे की ओर ले जाते हैं, जिससे छाती और आगे गर्दन में खिंचवा तथा पीछे गर्दन में दबाव महसूस होता है। आज्ञा चक्र में दृष्टि लगाकर सांस लेते हुए पेट फुलाना और सांस छोड़ते हुए पेट पिचकाना ऐसा पेट में ध्यान लगाते हुए 25 बार लगातार करना चाहिए। अंत में शिथिल ताड़ासन कर विश्राम करें। सावधानी के तौर पर पेट सर्जरी की दशा में इसे नहीं करना चाहिए।

## नौ पर की गई गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद में बढ़ रहे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले नौ आरोपियों के विरुद्ध पुलिस टीम ने नौ आरोपियों पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा आरोपी अंकित पाल निवासी कसहाई रोड, पंकज मिश्रा निवासी रगौली व अखिलेश पाल निवासी रूद्रा डेयरी के पास कसहाई के विरुद्ध, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव द्वारा आरोपी आशू सिंह उर्फ अभिषेक सिंह निवासी ग्राम गढ़चपा के विरुद्ध, प्रभारी निरीक्षक भरतकूप मनोज कुमार द्वारा आरोपी अजय मिश्रा निवासी दुगवां थाना भरतकूप के विरुद्ध, प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा आशुतोष तिवारी द्वारा आरोपी सम्पत मवासी उर्फ शिवसम्पत निवासी करका पड़रिया व बल्लू उर्फ बलराम निवासी खांच मजरा रूकमा बुजुर्ग के विरुद्ध, प्रभारी निरीक्षक मऊ दुर्गविजय सिंह द्वारा आरोपी राहुल कुमार निवासी रेड़ी भुसौली थाना मऊ के विरुद्ध तथा पहाड़ी थाना प्रभारी अनुपमा तिवारी द्वारा आरोपी अमन सिंह पटेल निवासी बाबूपुर के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्यवाही की गई।

# स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

विकासखण्ड रामनगर में जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर जागरूकता संदेश दिया। इस दौरान साथ ही छह से 14 वर्ष के बच्चों का परिषदीय स्कूलों में नामांकन कराने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया। संस्थान के सचिव शंकर दयाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्कूल चलो अभियान के तहत पराको, खटवारा, बरिया और नांदी कुर्मियान गांव में पैदल मार्च,




नुक्कड़ सभाएं, घर-घर संपर्क और सामूहिक संवाद के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक किया गया है। इसके तहत जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसमें बच्चों ने भी लोगों को जागरूकता संदेश दिया। कार्यक्रम समन्वयक आदित्य मिश्रा ने बताया कि अभियान के ग्रामीणों को स्कूलों में मिलने वाली मुफ्त यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तकें, मिड-डे मील, छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी दी गई। कहा कि नामांकन सिर्फ कागजी प्रक्रिया नहीं है, यह एक बच्चे को उसके भविष्य से जोड़ने का पहला कदम है।

# दो दिन से लगातार हो रही बारिश के जनपद की नदियों का फिर से बढ़ा जलस्तर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दो दिन से जनपद में हो रही लगातार बारिश के चलते जनपद में तीसरी बाद बाढ़ आ गई। धर्मनगरी में मंदाकिनी तो राजापुर व मऊ क्षेत्र में यमुना व पयस्वनी सहित अन्य नदियों में जलस्तर बढ़ गया। जिससे कई गांवों व मार्गों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसके साथ ही पूरे जिले में हजारों बीघे खेती भी पानी में डूब गई है।

जनपद में लगातार हो रहे भारी वर्षा के कारण मंदाकिनी, यमुना व पयस्वनी सहित अन्य नदियों का जल स्तर बढ़ने के कारण ग्राम पंचायत सरधुवा में 45 घरों के 130 लोग प्रभावित हुए हैं, इन प्रभावित लोगों को कंपोजिट विद्यालय सरधुवा में आश्रय दिया गया है। बाढ़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने सम्बन्धित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित गांवों में अस्थाई कैंप सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। इनमें ठहरने, खाने, पीने सहित दवाओं आदि की समुचित व्यवस्था रहनी चाहिए। सभी थाना व चैकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि सतर्क रहकर भ्रमणशील रहे। किसी भी मनुष्य, पशु की हानि नहीं होनी



चाहिए। प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई राहत सामग्री का बाढ़ प्रभावित लोगों में नियमानुसार वितरण कराएं। साथ ही मेडिकल कैंप लगाकर चिकित्सा उपलब्ध कराए। इसके अलावा पशुओं को भूसे व चारे की व्यवस्था कराएं तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण कराए। निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चलने वाली नावों में क्षमता के अनुसार ही लोगों को बैठाएं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकमल, तहसीलदार भारत प्रताप सिंह, थाना प्रभारी राम सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# ‘एक उम्मीद’ एनजीओ ने चौबेपुर के टूटा घाट पर स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





ग्रामीण की बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चौबेपुर टूटा घाट गंगा तट पर एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं श्रद्धालुओं से घाटों को साफ रखने की अपील भी की गई आपको बताते चले संस्था की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव के निर्देशानुसार एक उम्मीद कानपुर ग्रामीण टीम द्वारा लगातार गंगा मां के तट पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इससे पूर्व ब्रर्मावत घाट बिठूर में यह अभियान चलाया गया था एक उम्मीद की एक पहल मां गंगा को स्वच्छ निर्मल बनाने में संस्था के सभी सदस्य पूरी निष्ठा से लगे हुए हैं पत्रकार वार्ता में कानपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष पवन चौहान ने बताया कि हम लोग लगातार यह अभियान चलाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं जिसमें मां गंगा की घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं से आग्रह है की घाटों को स्वच्छ रखें और गंदगी ना फैलाएं आज के सफाई अभियान कार्यक्रम का नेतृत्व एक उम्मीद के (बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष) सौरभ राठौर ने किया जिसमें मुख्य रूप से सुरेंद्र प्रताप सिंह (वरिष्ठ समाजसेवी)विवेक यादव (जिला संगठन मंत्री का० ग्रा०) आर्यन शर्मा (जिला मीडिया प्रभारी का0 ग्रा0) युनुस खान (जिला सचिव का0 ग्रा०) अरुणा कश्यप (जिला सचिव का0 ग्रा0) लता कश्यप (कल्याणपुर वि0स0 अध्यक्ष) लक्ष्मी शर्मा (उपाध्यक्ष बिल्हौर वि0स०) अंकुल कुशवाहा (महामंत्री बिल्हौर वि0स0) वीरेंद्र कुमार (मंत्री बिल्हौर वि0स0) कपिल किशोर (मीडिया प्रभारी बिल्हौर वि0स0) संजय द्विवेदी (कल्याणपुर वि0स0 कोषाध्यक्ष) रवि कुमार कल्याणपुर वि0स0 मंत्री ) हर्ष राज वर्मा (कल्याणपुर वि0स0 मंत्री )सूरज प्रसाद (बिल्हौर वि0स0 सचिव) शिवजल (कल्याणपुर वि0स0 सचिव) विजय कमल, विशाल यादव, रोमी कुमार,अमन तिवारी, तुषार सोनकर,आदित्य, आदि लोग अभियान में शामिल रहे।

# बिल्हौर एसडीएम ने शिकायतकर्ता महिला को किराया दिया, एडीओ-आईएसबी थोड़ी देर बाद फटकारते दिखे





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

**बिल्हौर।** बिल्हौर संपूर्ण समाधान दिवस सभागार से निकलते एसडीएम संजीव कुमार दीक्षित की नजर मैदान में बुजुर्ग महिला लाठी के सारे झुक कर जाते हुए दिखी उन्होंने दौड़कर महिला बुजुर्ग से हाल-चाल जाना और क्या शिकायत थी किसके साथ आई हो और कैसे जाओगी उसकी मासूम जवाब सुनकर एसडीएम ने किराए को पैसे चुपचाप मुट्ठी में बंद कर दिए और उनके झोले में रख दिए। एडीओ आईएसबी देवी प्रसाद से महिला का कार्य करवा कर घर भिजवाने की व्यवस्था करने को कहा इसके बाद अधिकारी चले गए महिला को दूसरे कर्मचारियों द्वारा एडीओ समाज कल्याण कार्यालय लेकर पहुंचे एडीओ आईएसबी देवी प्रसाद और सचिव प्रशांत वाजपेई ने बुजुर्ग महिला माया देवी सरैया दस्तम खां, आकिन ग्राम सभा की निवासी को फटकार लगाते हुए दिखे बुजुर्ग महिला जमीन पर बैठी है महिला माया देवी ने बताया कि हमारी उंगलियां नहीं लगती है जिसके चलते खाता अपडेट नहीं हो पा रहा है जिससे मिलने वाली सहायताएं बंद हो गई है महिला के साथ व्यवहार अधिकारी के बाद कर्मचारियों का जब अधिकारी को बताया गया तो उन्होंने पुनः फटकार लगाते हुए महिला को तुरंत गंतव्य स्थान को भिजवाया एडीओ आईएसबी देवी प्रसाद का व्यवहार ब्लॉक के किसी कर्मचारी से छुपा नहीं है । खंड विकास अधिकारी के पास शिवराजपुर का चार्ज होने के चलते पूरे समय वह हे बेलो ब्लॉक में प्रभारी बीडियो का काम देखते रहते हैं उनका व्यवहार जनता के प्रति ठीक नहीं है यह फोटो बयां कर रहा हैं। दोनों फोटो मे कर्मचारियों का व्यवहार अलग-अलग देखने कोमिला।

## बिल्हौर ब्लॉक सभागार में एडीएम व एसडीएम की अध्यक्षता में 93 शिकायतकर्ता पहुंचे, 15 का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस। बिल्हौर।** बिल्हौर ब्लॉक सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एडीएम न्यायिक चंद्र शेखर की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में एसडीएम संजीव कुमार दीक्षित, तहसीलदार अनुभव चंद्रा और नायब तहसीलदार सीपी राजपूत ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 93 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें से केवल लगभग 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जा सका। राजस्व, ब्लॉक, पुलिस सहित अधिकांश विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित रहे।बहरमापुर गांव के राजवीर ने बताया कि शासन से पट्टें मिली उनकी भूमि पर पडोसी काश्तकार विजय कुमार के बेटों ने मेड़ तोडकर कब्जा कर लिया है। उन्होंने एसडीएम से पहले शिकायत की थी लेकिन अभी तक उन्हें जमीन वापस नहीं मिली है। संजती बादशाहपुर गांव के अहिबरन नेशिकायत की कि पड़ोसी अशोक उनसे रंजिश रखते हैं। खेत पर फसल की रखवाली के दौरान अशोक के बेटे ने उनके पौत्र को गाली देते हुए चाकू लेकर घर तक दौड़ाया। बचाव में आए अहिबरन की पिटाई कर दी गई और उनकी पत्नी को धक्का मारकर घायल कर दिया गया। बहरामपुर के रामचंद्र ने कन्या विवाह अनुदान के लिए किए गए आवेदन को जांच अधिकारी द्वारा बिना जांच निरस्त करने का आरोप लगाया। काजीगंज हसौली की कुंती ने हाईवे निर्माण में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा न मिलने की शिकायत की।महिगवां गांव के रामबाबू ने बताया कि पट्टे पर मिली उनकी भूमि पर दबंग ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद उन्हें जमीन वापस नहीं मिली। औरोंताहरपुर के नन्हे ने अपनी बेटी और दामाद पर फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। एसडीएम संजीव कुमार दीक्षित ने सभी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए हैं। सचिव प्रशांत बाजपेई व एडीओ आईएसबी देवी प्रसाद को फटकारते हुए।






# फ्रेंडशिप डे और हरियाली तीज का प्रोग्राम धूमधाम से मनाया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

3 अगस्त रविवार फ्रेंडशिप डे और हरियाली तीज का प्रोग्राम नारी जाग्रती एवम् समस्या निदान केंद्र की तरफ से अनीता त्रिपाठी विजय नगर के निवास में किया गया। प्रबंधक सीमा त्रिपाठी ने बताया की हर साल की तरह इस बार भी हरियाली तीज और फ्रेंडशिप डे हम लोगो ने मनाया इस बार गेम ज्यादा खेले कुर्सी दौड़ गेम मे प्रीति सोनकर प्रथम आई प्रीति सोनकर को मुख्य अतिथि अनीता चतुर्वेदी और विशिष्ट अतिथि एडवोकेट चेतना गुप्ता ने रुपट्टा गिफ्ट देकर सावन क्वीन बनाया प्रत्येक गेम जितने वालो को गिफ्ट दिया गया साथ ही नाच गाने मे महिलाये थिरकी कवित्री डॉक्टर सुषमा सेंगर और डॉक्टर कनक लता ने फ्रेंडशिप पर मनमोहक कविता सुनाई कायक्रम में उपस्थित रही मनीषा, शुभा,सुमन, अर्चना,पूनम सचान एडवोकेट शालनी, एडवोकेट सोनल,मंजू पाल, सुधा, सविता आदि महिलाये मौजूद रहीं।



# बैराज के 30 गेट खोलकर छोड़ा गया 1.56 लाख क्यूसेक पानी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

यमुना के साथ अब गंगा के जलस्तर में भी बढ़ोतरी हो रही है। नदी अभी चेतावनी और खतरे के निशान से नीचे है। गंगा बैराज के सभी 30 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। सिंचाई विभाग और प्रशासन के अधिकारी गंगा से सटे कटरी व अन्य गांवों पर नजर बनाए हुए हैं। बारिश के अलावा हरिद्वार, नरौरा से छोड़े जा रहे पानी से गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। रविवार को बैराज पर गंगा का जलस्तर 112.90 मीटर रहा जो चेतावनी बिंदु 114 व खतरे के निशान 115 मीटर से नीचे है। नरौरा से 77,369 और हरिद्वार से 94,939 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसे देखते हुए बैराज के सभी गेट खोलकर 1.56 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज सिंह ने बताया कि अभी बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है। कटरी से सटे इलाकों में सतर्कता बरती जा रही है। बिल्हौर के नानामऊ में गंगा तट पर भी जलस्तर बहुत कम है। बिठूर स्थित ब्रह्मखुटी भी अभी तक नहीं डूबी है। पिछले साल 13 जुलाई को ब्रह्मखुटी पूरी तरह गंगा में डूब गई थी। नवाबगंज क्षेत्र के भगवानदीनपुरवा गांव व गंगा कटरी के खेतों में अभी पानी नहीं भरा है। यहां से गंगा करीब छह से सात फीट नीचे है। हालांकि, जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

# तिजोरी काटकर 13 लाख के जेवर ले गए चोर, नकली छोड़ गए, बच्चों की गुल्लक तक उठा ले गए

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बाबूपुरवा थानाक्षेत्र के बगाही में शनिवार रात महिला अधिवक्ता आकांक्षा गुप्ता के बंद मकान का ताला तोड़कर चोर दाखिल हुए। वह तिजोरी काटकर नकदी और जेवर सहित 13.35 लाख रुपये का माल उठा ले गए। अधिवक्ता के अनुसार शातिरों ने अलमारी में रखे नकली जेवरों को हाथ तक नहीं लगाया। चोरी की सूचना पर पहुंची बाबूपुरवा पुलिस ने आस-पास के कैमरे खंगाले हैं। इसमें कुछ संदिग्ध नहीं दिखा। घटना के वक्त अधिवक्ता परिवार संग गांव गई थीं। बगाही निवासी अधिवक्ता आकांक्षा ने बताया कि तीन मंजिला मकान में उनके अलावा मां शांती, भाई गिरीश चंद्र गुप्ता, लवकुश, भाभी सोनी, बहन पूजा और बहनोई दीपक रहते हैं। 18 जुलाई को हमीरपुर के भरुवा सुमेरपुर निवासी ताऊ कल्लू प्रसाद गुप्ता का देहांत हो गया था।

बारिश ने खोली नगर पंचायत की पोल...

# तहसील-रजिस्ट्री ऑफिस समेत कई इलाकों में जलभराव

जन एक्सप्रेस । अमेठी



रविवार की सुबह तड़के से ही अमेठी में झमाझम बारिश का सिलसिला शुरू हो गया।लगातार सात -आठ घंटे तक हुई मूसलधार बारिश ने नगर पंचायत की जल निकासी व्यवस्था की पूरी तरह से पोल खोल दी।सुबह चार बजे से ही लगातार हुई बारिश के कारण कस्बे के एसडीएम कालोनी,तहसील परिसर,रजिस्ट्री ऑफिस,वार्ड नंबर दो और चार रामलीला मैदान और गंगागंज क्षेत्र में भारी जलभराव हो गया।बारिश का पानी वार्ड नंबर दो के कई घरों में घुस गया,जिससे लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया।गली- मोहल्लों में एक फुट तक पानी भर गया।आवास विकास कॉलोनी,जो नगर पंचायत की सबसे पॉश कॉलोनी मानी जाती है,वहां भी जल निकासी की व्यवस्था फेल हो गई। और कॉलोनी के भीतर तक पानी भर गया।नालियों की सफाई न होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर बहता रहा।स्थानीय निवासियों ने खुद ही जलभराव की तस्वीरें और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।इस संबंध में नगर पंचायत के अधिकारियों और नगर पंचायत अध्यक्ष से फोन संपर्क ना हो पाने के कारण बातचीत नहीं हो सकी।लोगों का कहना है,कि नगर पंचायत हर साल नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था सुधारने का दावा करता है,लेकिन हकीकत बारिश के समय सामने आ जाती है।बारिश रुकने के कई घंटे बाद भी कस्बे में पानी जमा रहा।तकिया मोहल्ला, रामलीला मैदान और गंगागंज के लोग भारी परेशानी में रहे।एसडीएम कॉलोनी,तहसील और रजिस्ट्री ऑफिस के आसपास आना जाना मुश्किल हो गया। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है, कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया,तो वे आंदोलन करेंगे।

# दुश्वारियां : दूषित जलभराव की समस्या से जूझ रहा नगर पंचायत, संक्रामक बीमारियों का खतरा

जन एक्सप्रेस । कोहड़ौर, प्रतापगढ़



नगर पंचायत कोहड़ौर में जगह जगह जलभराव की समस्या से निजात न मिलने से नगरवासियों में खासा नाराजगी है। कस्बे के प्रमुख स्थानों पर जैसे कांधरपुर मोड़, मदाफरपुर मोड़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर दूषित जलभराव के चलते महामारी एवं संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कस्बे में चौराहे पर चाय नाश्ते की दुकानें हैं जहां पास में ही कीचड़ व गन्दे पानी से लबालब भरे नालों में तमाम प्रकार के कीटाणु पनपने लगे हैं इसके बावजूद नगर पंचायत प्रशासन द्वारा इस समस्या के निस्तारण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। गंदे पानी से घिरे हैंडपंपों का पानी भी पीने योग्य नहीं रह गया है बावजूद इसके दुकानों पर आने वाले लोगों को जाने अनजाने में दूषित जल से ही अपनी प्यास बुझानी पड़ती है। गंदगी के चलते कस्बे में संक्रामक बीमारियां अपना पैर पसारने लगी हैं। पानी निकासी का कोई इंतजाम न होने के कारण यहां भयावह स्थित उत्पन्न हुई है। नगर में फैली गंदगी से क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की वजह से संक्रमण फैलने लगा है। गन्दे पानी के बगल से ही रोजाना सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चों का आना जाना होता है। जरा सी बारिश हो जाती है तो जलभराव की समस्या विकराल रूप ले लेती है। सीएचसी कोहड़ौर का प्रमुख गेट जलमग्न हो जाता है। हालांकि पिछले दिनों चैयरमैन शीतला प्रसाद द्वारा नाले के गंदे पानी को निकालने की कोशिशें की गयी मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात। अब देखना ये होगा कि नगर पंचायत कोहड़ौर जलनिकासी की समस्या का समाधान कब तक करने में सफल हो पाता है या फिर समस्या जस की तस बनी रहेगी।

# मौनी महाराज आश्रम में अग्निहोत्री परिवार ने भंडारे हेतु कई टिन सरसों का तेल किया भेंट

जन एक्सप्रेस । तिलोई अमेठी



जनपद के बाबूगंज सगरा स्थित मौनी महाराज के पावन आश्रम में आगामी चार अगस्त को आयोजित होने वाले विशाल भंडारे के लिए सेमरौता में इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज के संचालक एवं युवा कांग्रेसी नेता कमलेश अग्निहोत्री की ओर से कई टिन सरसों का तेल भेंट किया गया।यह सेवा उनके पुत्र अभिषेक अग्निहोत्री ने रविवार को आश्रम पहुंचकर भेंट की।इस दौरान उनके साथ क्षेत्र एवं जनपद के कई समाजसेवी एवं भक्त मौजूद रहे।इन सभी ने आश्रम प्रबंधन को यह सहयोग सामग्री सौंपते हुए भंडारे की सफलता की कामना की।अभिषेक अग्निहोत्री ने कहा कि भंडारे में सेवा देना उनके परिवार की परंपरा रही है।और उनके पिता कमलेश अग्निहोत्री सदैव धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा में जो भी सहयोग हो सके, वह हमारा सौभाग्य है।भंडारे में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह छोटा सा सहयोग हमारे परिवार की ओर से भक्ति और सेवा भावना का प्रतीक है।आश्रम प्रबंधन और उपस्थित श्रद्धालुओं ने अग्निहोत्री परिवार के इस सहयोग की सराहना की।और परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशीर्वाद दिया।आश्रम प्रबंधन ने कहा कि क्षेत्र में ऐसे समाजसेवी परिवारों की बदौलत ही भक्ति और सेवा का वातावरण बना रहता है। चार अगस्त को आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।इसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।आश्रम में भंडारे की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अनेक स्वयंसेवी संगठनों और भक्तों का सहयोग मिल रहा है।

तेंदुए की मौत को लेकर उठ रहे कई सवाल

# पांच लोगों पर हमला करने वाले तेंदुए की मौत, भैंसों के तबेले में मरा मिला तेंदुआ

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा नेवादा में शनिवार को दहशत का माहौल उस समय बन गया,जब एक तेंदुए ने गांव में घुसकर 5 ग्रामीणों पर हमला कर दिया।दिनभर रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा,लेकिन देर रात तेंदुए का शव गांव के एक तबेले में मिला। प्रशासन और वन विभाग का अनुमान है कि भैंसों के हमले में तेंदुए की मौत हो गई है।शनिवार सुबह करीब दस बजे कादू नाला वन क्षेत्र से आया तेंदुआ सबसे पहले भेंदपुर और बिरईपुर गांव के पास दिखा।लकड़ी काटने जा रहे विजय 32 और बलदेव 35 पर तेंदुए ने झाड़ियों में छिपकर हमला बोल दिया।दोनों किसी तरह जान बचाकर भागे,लेकिन तेंदुआ भी उनके पीछे-पीछे गांव में घुस आया।गांव में भगदड़ मच गई।ग्रामीणों ने डंडों और लाठियों से तेंदुए को भगाने की कोशिश की,इसी दौरान छोटेलाल 55 वर्ष समेत दो अन्य युवक भी घायल हो गए।ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।एक दरोगा और सिपाही ने तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया,लेकिन स्थिति पर काबू नहीं पाया जा सका।तेंदुआ कभी किसी के घर में घुस जाता तो कभी खेतों की तरफ भागता रहा।दोपहर तीन बजे तक तेंदुआ गांव में खुलेआम घूमता रहा।शाम चार बजे के बाद चीफ कंजर्वेटर समर कुमार, डीएफओ रणवीर मिश्र,एसडीएम अभिनव कन्नौजिया समेत प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।डीएफओ रणवीर मिश्र के नेतृत्व में तेंदुए को पकड़ने के लिए चार टीमें लगाई गईं,जिनमें 6-6 वनकर्मी शामिल थे।ड्रोन कैमरे, पिंजड़े और जाल भी लगाए गए। गांव में पीएसी के 12 जवानों को भी तैनात किया गया।लेकिन तेंदुआ टीम के हाथ से बचकर ईंट भट्ठे की तरफ भाग निकला।रात करीब तीन बजे ग्रामीणों ने सूचना दी कि गांव के सिंगूर के तबेले में तेंदुआ मृत पड़ा है।वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। डीएम संजय चौहान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है,कि तेंदुआ भैंसों का शिकार करने के इरादे से तबेले में घुसा था,जहां भैंसों के हमले में उसकी मौत हो गई।घटना के बाद गांव में भय का माहौल बना हुआ है।घायल विजय की हालत गंभीर होने पर उसे सुल्तानपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।तेंदुए की मौत के कारणों की विस्तृत जांच के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# गौशाला में खून के आंसू बहा रहे गोवंश

- मरने पर जेसीबी से गड्ढे खोदकर जमीन में गाड़ दिए जाते हैं गोवंश

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिले में गो आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोशालाओं के हालात अत्यंत खराब है।चारे पानी का समुचित प्रबंध नहीं है।इलाज के अभाव में बीमार गोवंश रोज मर रहे हैं।मृतक गोवंशों के पोस्ट मार्टम की कोई व्यवस्था नहीं है।गायों के मरने पर उन्हें गो आश्रय स्थलों के पास ही जे मसीबी से गड्ढे खोदकर जमीन में गाड़ दिया जाता है।केयर टेकर, पंचायत सचिव,ग्राम प्रधान और चिकित्सक संरक्षित गोवंशों की ठीक से सेवा इलाज के बजाय कमाई करने में लगे हुए हैं।जिले में संचालित गोशालाओं की संख्या 126है।इनमें संरक्षित गोवंशों की संख्या 22 हजार के आसपास है।

बताते चलें कि गो आश्रय स्थलों पर चारे पानी के साथ पशु आहार और हरा चारा देने के लिए बजट मिलता है।इस बजट की धनराशि को संरक्षित गोवंशों की सेवा पर खर्च करने के बजाय ग्राम प्रधान,सेक्रेटरी, केयर टेकर और डाक्टर बंदरबांट में लगे हुए हैं।अमेठी विकास खंड के अन्तर्गत नुंवावा में गो आश्रय स्थल स्कूल के पीछे बना हुआ है।यहां लगभग दो सौ गोवंश संरक्षित हैं।ईयर टैगिंग नहीं हुई है।जब कोई पशु मरता है तो मरने पर उसकी ईयर टैगिंग कर जमीन में गाड़ दिया जाता है।ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह के भीतर आठ गोवंश मर चुके हैं।इन्हें मिट्टी में ठीक से गाड़ा नहीं गया है।दुर्गंध स्कूल तक पहुंच रही है।शनिवार की रात एक गाय और बछड़े की मौत हो गई,सुबह पांच बजे केयर टेकर ने जेसीबी मंगाकर जमीन में गाड़ दिया।फोन करने के बाद भी सेक्रेटरी और डाक्टर गोवंश आश्रय स्थल तक नहीं आए।कोतवाली सौ नम्बर पुलिस सेवा की एक गाड़ी आई थी। जानकारी नोट करके गये हैं।इस गोवंश आश्रय स्थल पर पहले 90 गोवंश संरक्षित थे।सबकी ईयर टैगिंग हुई थी।मृतक गोवंशो के बारे में प्रधान,सेक्रेटरी और बीडीओ कभी रिपोर्ट नहीं करते।जिला प्रशासन भी संज्ञान नहीं ले रहा है।खंड विकास अधिकारी,ग्राम्य विकास विभाग और जिला पंचायती राज विभाग शासन के आदेश के अनुरूप अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहा है।सूत्रों की माने तो पशुपालन विभाग को जो जिम्मेदारी दी गई है,उसके लिए पर्याप्त स्टाफ,इलाज के लिए दवाएं और अनुरक्षण के लिए कोई अलग से बजट नहीं मिलता है।

## अवैध शराब की रोकथाम पर विशेष प्रवर्तन अभियान जारी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के मार्गदर्शन मे अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध सोमवार को विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली में विवियापुर, अहियारायपुर के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। दबिश के दौरान लगभग 45लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट कर 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए । जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त जारी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




रायबरेली माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा जनपद के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त प्रदान की गई। इसके अंतर्गत जनपद के 417950 किसानों को 83.50 करोड़ रुपए उनके खातों में उपलब्ध कराए गए

माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद के सेवापुरी से मुख्य समारोह के माध्यम से यह धनराशि किसानों के खाते में भेजी गई। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी जनपदों के सभी विकास खंड के मुख्यालयों पर, सभी साधन सहकारी समितियां पर, एफपीओ के मुख्यालयों पर, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों पर किसानों की मौजूदगी में हुआजनपद का मुख्य कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र, दरियापुर रायबरेली में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि बुद्धिलाल पासी, जिला अध्यक्ष बीजेपी रहे। कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किसानों से विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आवाहन किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित किसानों से विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए जागरूक होने का अनुरोध किया गया और कहा गया कि चाहे भारत सरकार हो या प्रदेश सरकार हो उनके स्तर से किसानों के हितार्थ विभिन्न प्रकार की कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनसे जुड़कर किसान अपने आप को और अपनी खेती को समृद्ध बना सकते हैकार्यक्रम में उप कृषि निदेशक के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सोलर फोटोवोल्टिकइरीगेशनपंपयंत्रीकरण प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित विभाग की कई योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ के के सिंह अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर, डॉ आर कनौजिया ,डॉ शैलेंद्र विक्रम सिंह, डॉ दीपक मिश्रा कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर, अखिलेश पांडे जिला कृषि अधिकारी रायबरेली जगदीश प्रसाद यादव भूमि संरक्षण अधिकारी रायबरेली आदि उपस्थित रहे

# हरियाली, योग और सेवा से रचा प्रेरणा का नया अध्याय

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



रायबरेली गोसेवा से लेकर समाजसेवा, मानवीय करुणा की मिसाल बन चुके मातृभूमि सेवा मिशन इकाई के जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल ने अपने 69वें जन्मदिवस को पारंपरिक उत्सवों की सीमाओं से ऊपर उठाकर प्रकृति,सेवा और सार्वजनिक चेतना को समर्पित कर एक प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत किया। ऐतिहासिक शहीद स्थल प्रांगण में शनिवार को प्रातः काल पांच बजे से दैनिक निःशुल्क योगाभ्यास सत्र में उन्होंने सहभागिता कर स्वस्थ जीवन और आत्मिक अनुशासन का संदेश दिया। उन्होंने योग को शरीर, मन और आत्मा का सामंजस्य बताते हुए कहा कि यही अनुशासन मानवता की सेवा और सामाजिक सौहार्द की ओर अग्रसर करता है। योग सत्र का संचालन प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता द्वारा प्रातः 5 बजे से डेढ़ घंटे तक विविध आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान के माध्यम से किया गया, जबकि राज अग्रहरि ने भी योग की विभिन्न क्रियाओं में मार्गदर्शन प्रदान किया। योग के पश्चात अग्रवाल ने राणा बेनी माधव बख्श सिंह पार्क में बेल वृक्ष का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई। यह पौधारोपण केवल औपचारिकता नहीं, अपितु उनकी दिवंगत बहू और पुत्र की स्मृति को प्रकृति के माध्यम से अमरत्व देने का एक भावनात्मक संकल्प था। उन्होंने कहा, ÷हर पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए न केवल प्राणवायु है, बल्कि आशा, परोपकार और प्रकृति से जुड़ाव की जीवंत कड़ी भी है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की छवि पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुआ। उत्तर प्रदेश इकाई के संयोजक प्रदीप पांडेय ने महेंद्र अग्रवाल को संस्थान की ओर से पुष्पमाला, प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अग्रवाल ने अपने जन्मदिवस को व्यक्तिगत उल्लास में सीमित न रखते हुए समाज के बीच आकर सामूहिक सहभागिता के साथ उसे सेवा और प्रेरणा का उत्सव बना दिया। योगसाधक व साधिकाओं में माया, पूजा मौर्या, रश्मि पांडेय, शन्नो वास्तव, सोनल, सुमन, पिंकू सिंह, राकेश यादव, संदीप यादव, अनुज यादव, अधिवक्ता अजय पाल सिंह, दिनेश पाण्डेय, सत्यम अग्रहरि, कल्लू राम अग्रहरि, प्रकाश, अजय मिश्रा, अजय यादव, दिनेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन भारत माता के जयकारों और वंदे मातरम्‌ की सामूहिक स्वरगूंज के साथ हुआ, जिसने वातावरण को देशभक्ति, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया।

## अवैध शराब की रोकथाम पर विशेष प्रवर्तन अभियान जारी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के मार्गदर्शन मे अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध सोमवार को विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली में विवियापुर,अहियारायपुर के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। दबिश के दौरान लगभग 45लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट कर 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए । जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी। रायबरेली मयंक अग्रवाल ने बताया है कि दिनांक 31 जुलाई 2025 को रात्रि लगभग 8: 00 बजे ग्राम सहगों तमनपुर ब्लाक बछरावां में तेंदुए के देखे जाने की सूचना दूरभाष पर प्राप्त हुई।

# राज्यपाल की प्रेरणा से राजभवन से प्रारंभ जनपद लखनऊ और रायबरेली हेतु 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' दो दिवसीय साइकिल रैली का राजभवन में सफल समापन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



रायबरेली उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से 01 अगस्त, 2025 को राजभवन, लखनऊ से लखनऊ एवं रायबरेली जनपदों के लिए प्रारंभ हुई दो दिवसीय 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' साइकिल रैली का समापन आज राजभवन में हुआरैली के द्वितीय दिवस पर प्रतिभागी रायबरेली जनपद पहुँचे, जहाँ विभिन्न स्थलों पर उनका भव्य स्वागत किया गया। बछरावां नगर पंचायत में रैली का स्वागत नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह (राम जी), अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थ, उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर किया गया।

प्रतिभागी इस अवसर पर रायबरेली जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गोझवा, बाला हरचंदपुर तथा चंदापुर, शिवगढ़ पहुँचे, जहाँ छात्राओं, शिक्षा विभाग एवं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पुष्पवर्षा, पुष्पगुच्छ एवं मालाओं के साथ उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।

इन विद्यालय परिसरों में नीम, जामुन, मौल , सहजन, छितवन, बॉटल ब्रश, अमरूद आदि प्रजातियों के कुल 112 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने छात्राओं के साथ मिलकर पौधे रोपे तथा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दियाराजभवन के अधिकारियों द्वारा विद्यालय की कक्षाओं का निरीक्षण कर छात्राओं से संवाद स्थापित किया गया एवं उन्हें अध्ययन के प्रति प्रेरित किया गया। बच्चों में दिखे उत्साह और ऊर्जा की सराहना की गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं जैसे रसोईघर, सोलर प्लांट, अध्ययन कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, स्मार्ट क्लास, छात्रावास आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार हेतु कहा गया। साथ ही विद्यालय समय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं खेल मैदान की उपलब्धता की जानकारी भी प्राप्त की गई। राजभवन के कार्मिकों ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी सक्रिय भागीदारी की प्रेरणा दीउल्लेखनीय है कि रैली के प्रथम दिवस लखनऊ जनपद के मोहनलालगंज ब्लॉक स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खुजौली एवं शिवलर में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान संचालित किया गया था। दो दिवसीय इस साइकिल रैली के अंतर्गत कुल 212 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण पाँच कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में किया गयारैली का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहाइस अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा राजभवन कार्मिकों की बाइट भी ली गई साइकिल रैली में राज्यपाल के परिसहाय आभास शेजवलकर, रैली प्रभारी जमाल सिद्दीकी सहित राजभवन के सभी प्रतिभागी अधिकारी एवं कर्मचारीगण की सक्रिय सहभागिता रही

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में प्रभारी बीएसए/डीआईओएस संजीव सिंह,परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा,उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा,डीपीआरओ सौम्यशील सिंह और अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।



**7 अगस्त को राहुल गांधी के घर पर इंडिया...**

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की अगली बैठक 7 अगस्त को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर होगी। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक डिनर के दौरान होगी और इसमें कई अहम मुद्दों.... पढ़ें पेज 12 पर...

# यूपी में बिना अनुमति उड़ाया ड्रोन तो अब खैर नहीं

## एनएसए और गैंगस्टर एक्ट के तहत होगी कार्रवाई, सरकार का आदेश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



उत्तर प्रदेश में पुलिस-प्रशासन की इजाजत के बिना ड्रोन उड़ाने वालों की अब खैर नहीं है। राज्य सरकार ने ड्रोन के जरिए दहशत फैलाने, जासूसी या किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से यह चेतावनी ऐसे समय पर आई है जब ड्रोन के दुरुपयोग के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। सरकार ने अपने बयान में कहा कि बिना इजाजत ड्रोन उड़ाने पर राज्य में पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देश दिए गए हैं कि वे हर जिले में ड्रोन गतिविधियों की समीक्षा करें और जरूरत पड़ने पर सख्त कदम उठाएं।

### ड्रोन के जरिए किसी भी अवैध गतिविधि पर एनएसए

सरकार ने कहा है कि ड्रोन का इस्तेमाल अगर जनसुरक्षा, धार्मिक स्थलों, संवेदनशील इलाकों या भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अवैध उद्देश्य से किया गया तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून भी लगाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश पुलिस और खुफिया एजेंसियों को हाल ही में मिली रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई थी कि कुछ स्थानों पर ड्रोन का दुरुपयोग कर शांति भंग करने और लोगों में भय फैलाने की कोशिशें की जा रही हैं। इस पर अब सरकार ने जिला प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

**ड्रोन ऑपरेटर्स के लिए पंजीकरण और मंजूरी अनिवार्य**

सरकार की नई नीति के मुताबिक, कोई भी व्यक्ति, संगठन या संस्थान ड्रोन का उपयोग बिना प्रशासनिक अनुमति के नहीं कर सकता। इसके लिए स्थानीय प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। ड्रोन संचालन की निगरानी के लिए हर जिले में समीक्षा तंत्र स्थापित किया जाएगा।

# जिस बेटे को बनाने में बाप ने छोड़ा देश, उसे लखनऊ की सड़क ने निगल लिया और पुलिस ने हादसा कहकर पोंछ दिए हाथ

**जन एक्सप्रेस फॉलोअप**

लखनऊ

बेटे को अफसर बनाने का सपना लेकर एक पिता ने सऊदी की तपती रेत में अपनी जवानी कुर्बान कर दी। माँ ने आँखों में आंसू छुपाकर बेटे को पढ़ाया, बढ़ाया, और इतना काबिल बनाया कि खुद देश के रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह ने उसे सम्मानित किया। 19 साल की तपस्या रंग लाई थी। लेकिन किसे पता था कि जिस बेटे को सीने से लगाकर मां-बाप ने दुनिया की हर ठोकर से बचाया, उसे लखनऊ की बेरहम सड़क निगल जाएगीज और सिस्टम सिर्फ हादसा कहकर खामोश हो जाएगा।

*ये खबर नहीं, एक सवाल है - उन सभी मां-बाप से जो अपने बच्चों को बेहतर भविष्य देने के लिए सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। अगर उनका बेटा भी सिस्टम की लापरवाही में मारा जाएगा, तो किससे उम्मीद करें?*

**लखनऊ में 'रेसिंग गैंग' ने किया 19 साल के ज़मान का एनकाउंटर, पुलिस ने हादसा बता कर फाइल बंद की**

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यह कोई फिल्म नहीं, लखनऊ की वह सच्चाई है जो खून रुला दे तीन अगस्त की रात्रि नौ बजे, ज़मान अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था सपने थे, ज़िंदगी थी, मुस्कान थी। लेकिन शाम तक वही ज़मान अस्पताल की ठंडी स्लैब पर पड़ा था, शरीर लहूलुहान और जान जा चुकी थी। लखनऊ की सड़कों पर उस दिन कोई एक्सीडेंट नहीं हुआ था एक सुनियोजित कत्ल हुआ था। 8 बेलगाम बाइक सवारों ने मिलकर ज़मान को रफ्तार के नाम पर कुचल डाला। लेकिन अफ़सोस पुलिस को न आंखें दिख रही है, न कानों में आवाज जा रही है।



**ये रेस नहीं थी, ये मौत का षड्यंत्र था**

स्टंट के नाम पर सड़क को रणभूमि बना देने वाले इन युवकों ने ज़मान को घेर कर ऐसे टक्कर मारी कि उसका शरीर हवा में उछलकर जमीन पर गिर पड़ा। सिर फट चुका था, हड्डियाँ चकनाचूर। डॉक्टरों ने जवाब दे दिया ज़मान अब इस दुनिया में नहीं रहा। लेकिन ज़िंदा है वो सिस्टम जो मरने के बाद भी इंसाफ नहीं देता। पुलिस ने केस को सड़क हादसा बताकर मामला ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी कर ली। हमें शर्म आती है कि हम इस देश में पैदा हुए... आज ज़मान के मां-बाप इंसाफ़ की भीख मांगते हुए जन एक्सप्रेस के दरवाज़े पर रोते-बिलखते पहुँचे।

- हम थक गए हैं थानों के चक्कर लगाते-लगाते...
- अब इंसाफ मांगने में भी शर्म आती है।
- क्या गुनाह था हमारे बेटे का?
- क्या आम आदमी का बेटा होना ही सबसे बड़ा अपराध है?
- उनकी आँखों में आँसू नहीं सिस्टम के लिए जली हुई आग थी।

**पुलिस क्यों बचा रही है हत्यारों को?**

स्थानीय लोग गवाही दे रहे हैं ये कोई एक्सीडेंट नहीं था, जानबूझकर किया गया हमला था!

- वीडियो फुटेज है, चश्मदीद हैं, आवाज़ें हैं लेकिन पुलिस के पास सिर्फ मौन है, और शायद किसी ऊपर के दबाव की बंद फाइल।

**अब जनता पूछेगी...**

- क्या लखनऊ की सड़कें स्टंटबाजों का स्टेज बन चुकी हैं?
- क्या पुलिस आम लोगों की नहीं, रसूखदारों की नौकर बन गई है?
- क्या ज़मान का मरना सिर्फ एक हादसा था या कानून के मुंह पर करारा तमाचा?

**अब ज़मान नहीं, लखनऊ बोलेगा**

- अगर आज चुप रहे, तो कल किसी और की बारी होगी।
- हर ज़मान की मौत सिर्फ रफ्तार से नहीं, सिस्टम की चुप्पी से होती है।

**जन एक्सप्रेस का सवाल सीधा है**

- क्या हमारे बच्चे सिर्फ मरने के लिए सड़कों पर भेजे जाते हैं?
- क्या इस देश में इंसाफ़ अब सिर्फ रसूख वालों की जेब में रहता है?
- क्या ज़मान का खून यूं ही बह जाएगा?
- अब वक्त है आवाज़ उठाने का ज़मान के लिए, न्याय के लिए, और उन हज़ारों बेटों के लिए जो रोज़ सड़कों पर कुचले जाते हैं और सिस्टम खामोश रहता है।

### बेटे की मौत, पुलिस की चुप्पी, माँ-बाप की चीखें कौन सुनेगा?

उस रात क्या हुआ था? सीसीटीवी खामोश है। गवाह नदारद हैं। और लखनऊ पुलिस ने आंख मूंद ली सड़क हादसा था, केस क्लोज।

### देश के लिए सपने देखो, लेकिन सिस्टम से उम्मीद मत रखो

जिस बाप ने अपने वतन को छोड़कर बेटे के भविष्य के लिए खून-पसीना एक किया, आज उसी की गोद में बेटे की लाश पड़ी है। वो मां जो बेटे के विदेश जाने का सपना देख रही थी, आज हर रात बेटे की तस्वीर से लिपटकर रोती है।

**अब सवाल उठता है**

- क्या लखनऊ पुलिस की जांच ईमानदार है?
- क्या सीसीटीवी खंगाले गए?
- क्या कोई गहरी साजिश छुपाने की कोशिश हो रही है?
- अगर ये सिर्फ एक हादसा है, तो पुलिस को जवाब देने में परेशानी क्यों हो रही है?

**जन एक्सप्रेस की मांग**

- इस मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हो।
- सीसीटीवी फुटेज को सार्वजनिक किया जाए।
- पीड़ित परिवार को न्याय मिले, न कि सरकारी लीपापोती।

**क्या सड़क हादसे यूँ ही होते हैं?**

क्या इतनी साधारण होती है एक होनहार युवा की मौत? क्या इतने आसान होते हैं माँ-बाप के सपनों के टुकड़े करना?

## एक्सप्रेस खबरें...

### 'अंबेडकर तीर्थ-स्थल यात्रा योजना' शुरू की जाएं: रालोद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 'अंबेडकर तीर्थ-स्थल यात्रा योजना' प्रारम्भ करने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि योजना अंतर्गत लोगों को निःशुल्क बाबा साहब के जीवन से जुड़े पंचतीर्थ की यात्रा का आयोजन कराया जा सकेगा।उत्तर प्रदेश से इस ऐतिहासिक पहल की शुरुआत देश को दिशा दिखाएगी।

### आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेला कल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई लखनऊ में 5 अगस्त को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित कंपनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं, जो विभिन्न पदों पर चयन के लिए युवाओं को अवसर प्रदान करेंगी।आईटीआई अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में वैकमेट इंडिया लिमिटेड, श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड, बी-एबिल फाउंडेशन डॉ पैथ लैब और श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग ले रही हैं।आईटीआई अलीगंज के प्लेसमेंट अधिकारी एम. ए. खान ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान में निर्धारित तिथि पर प्रातः समय से पहुँचें तथा अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्र, बायोडाटा व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ प्रतिभाग करें। यह प्लेसमेंट ड्राइव युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### सचिवालय के 17 समीक्षा अधिकारियों के तबादले

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। यूपी में लखनऊ स्थित सचिवालय में प्रशासनिक स्तर पर बदलाव हुआ है।सचिवालय प्रशासन विभाग ने 17 समीक्षा अधिकारियों के तबादले किए हैं। उप सचिव संजीव श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन अधिकारियों को विभिन्न विभागों में नई तैनाती दी गई है। एकाएक 17 समीक्षा अधिकारियों के तबादले से प्रशासनिक अमले में चर्चाएं शुरू हो गयीं हैं।अधिकारियों द्वारा बताया जा रहा है कि यह कदम प्रशासनिक कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है।स्थानांतरित समीक्षा अधिकारियों में अनिल कुमार, कुमुद रंजन झा, सुनील कुमार मिश्रा, कृष्ण प्रकाश, मनीष कुमार सिंह, विजय सिंह, अजय ओझा, आदर्श पाठक, आशीष अग्रवाल, राज कुमार, भाष्कर सिंह, नेहा खरे, आदित्य कुमार, ज्ञान सिंह, शिव शंकर सिंह, राजीव कुमार चक्रवर्ती, बलराम सिंह शामिल हैं। सहायक समीक्षा अधिकारी जय शंकर यादव का भी तबादला किया गया है।सचिवालय प्रशासन के इस कदम का उद्देश्य विभागों में समीक्षा अधिकारियों की सेवाओं का बेहतर उपयोग करना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और सुचारू करना है। तबादला कार्यकुशलता बढ़ाने और विभागों में नए दृष्टिकोण को शामिल करने के लिए किया गया है।अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नए विभागों में कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। सचिवालय उत्तर प्रदेश सरकार का केंद्रीय प्रशासनिक केंद्र है, जहां से राज्य के विभिन्न विभागों का संचालन होता है। तबादले प्रशासनिक प्रणाली को गतिशील बनाए रखने और अधिकारियों को विविध अनुभव प्रदान करने का हिस्सा हैं।तबादले से सचिवालय के कार्यों में और अधिक तेजी और प्रभावशीलता आने की उम्मीद है। अभी और विभागों में भी अधिकारियों के तबादले होंगे।

### फर्जी फर्मों के खिलाफ शुरू हुई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। अलीगढ़ में राज्य वस्तु एवं सेवा कर यानि जीएसटी विभाग ने फर्जी फर्मों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने 11 बोगस फर्मों को नोटिस जारी किया है, जो लंबे समय से फर्जी पते पर टैक्स चोरी कर रही थीं।लखनऊ मुख्यालय के निर्देश पर जीएसटी अधिकारी फर्जी फर्मों की जांच में जुट गए हैं। अलीगढ़ में भी बड़े पैमाने पर जांच चल रही है। दो बोगस फर्मों को पकड़ा गया है, जिन्होंने फर्जी पते का इस्तेमाल करके 50 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स चोरी की है।इससे पहले विभाग ने ऐसे गिरोह का भी पर्दाफाश किया था, जो आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के पैन और आधार कार्ड का इस्तेमाल कर फर्जी फर्म चला रहा था। इन फर्मों के जरिए एक करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन पकड़ा गया था, आयकर विभाग ने भी नोटिस जारी किया था।

# केजीएमयू: विशेषज्ञों के इस्तीफे शुभ संकेत नहीं

- डॉक्टरों पर काम का बोझ और तनाव माना जा रहा बड़ा कारण ,तमाम पद खाली, भर्ती नहीं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सरकारी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों पर काम का बोझ बढ़ रहा है। तनाव के कारण किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय जैसे अग्रणी चिकित्सा संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सक भी काम छोड़ रहे हैं। यही हाल रहा तो केजीएमयू में अच्छे डाक्टरों की कमी होनी तय है। वरिष्ठ चिकित्सक केजीएमयू छोड़ रहे हैं। एक महीने के भीतर केजीएमयू के तीन चिकित्सकों ने इस्तीफा दिया है। अभी केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डा. अजय वर्मा ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ज्वाइन भी कर लिया है। डा. अजय वर्मा लोहिया संस्थान के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के एचओडी होंगे।जुलाई माह में चीफ प्राक्टर व न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डा. क्षितिज श्रीवास्तव ने केजीएमयू छोड़ा है। उन्होंने आलमबाग के निजी अस्पताल में कार्य शुरू कर दिया है। केजीएमयू के मानसिक रोग विभाग के डा. आदर्श त्रिपाठी ने इस्तीफा दिया है। अभी केजीएमयू ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। वह तीन महीने की नोटिस पर चल रहे हैं।केजीएमयू के टीचर्स एसोसिएशन के महामंत्री डा.संतोष कुमार कहते हैं, केजीएमयू में चिकित्सकों का समान वेतन है। मरीजों का दबाव ज्यादा है। अधिक वेतन व सुविधाओं के लिए लोग प्राइवेट संस्थान जा रहे हैं।केजीएमयू के चिकित्सकों के करीब 70 पद रिक्त हैं। नई नियुक्तियां न होने और चिकित्सकों के पलायन के बाद मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है। इसी तरह विशेषज्ञ चिकित्सक केजीएमयू छोड़ जाते रहे तो मरीजों का इलाज प्रभावित होगा। केजीएमयू की नैक ग्रेडिंग पर असर पड़ सकता है। नैक ग्रेडिंग में फैकल्टी का स्थायित्व,अनुभव और अनुसंधान गतिविधियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

## दरियापुर गांव में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, दोनो पक्षों में पांच घायल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के महिगंवा थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में शनिवार को पट्टीदारों के बीच पुराने विवाद को लेकर हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए। बता दें कि परिवारिक विवाद के चलते संतोष सिंह और विनायक सिंह आपस में भिड़ गए। विनय सिंह की तरफ से अरूण सिंह, दुर्गेश सिंह, संजय सिंह, दीपू सिंह सहित लगभग एक दर्जन लोगों ने संतोष सिंह, उनके भाई विजय सिंह और बेटे आर्यन पर लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में संतोष सिंह पक्ष से लेखपाल संतोष सिंह, उनके भाई विजय सिंह और बेटा आर्यन घायल हो गए। दूसरे पक्ष से अरुण सिंह, आशा सिंह और सचिन सिंह घायल हुए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। संतोष सिंह पक्ष के घायलों को इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। संतोष सिंह पक्ष के घायलों को बीकेटी क्षेत्र के रामसागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहीं लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के महिंगवा थाना क्षेत्र के इलाके दरियापुर गांव में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें पथराव के बाद एक दूसरे पर दोनो ने धारदार हथियारों से हमला किया।

# मुरादाबाद के डीआईओएस ऑफिस में भ्रष्टाचार का बम फूटा

## 'गोली मार दो मुझे' से 'जूते मारेंगे' तक पहुँची बहस, वायरल वीडियो ने खोली पोल



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार की घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जौनपुर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की चर्चित भ्रष्टाचार की गूंज अभी शांत भी नहीं हुई थी कि अब मुरादाबाद के लेखाधिकारी कार्यालय का नया मामला सामने आ गया है। यहां शिक्षकों के वेतन भुगतान में हो रही अनियमितताओं को लेकर शिक्षक नेताओं और लेखाधिकारी के बीच ज़ोरदार भिड़ंत हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि लेखाधिकारी ने यहां तक कह दिया-÷गोली मार दो मुझे÷, तो वहीं शिक्षक नेता ने गुस्से में कहा-÷हम तुम्हें जूते मारेंगे÷। यह पूरा हंगामा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में हुआ, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

### वेतन भुगतान में देरी बना जड़

दरअसल, शिक्षक संघ के प्रतिनिधि वेतन भुगतान में हो रही देरी और भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत करने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचे थे। वहां बातचीत की जगह आरोप-प्रत्यारोप और गाली-गलौज शुरू हो गई। शिक्षकों ने लेखाधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए कि वह जानबूझकर वेतन में देरी कर रहे हैं और फाइलों को रोककर बैठे हैं।

### जनमानस में आक्रोश, नेताओं में नाराजगी

वेतन के लिए संघर्ष कर रहे शिक्षकों के प्रति शासन की बेरुखी ने आम जनता को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। सरकार के मंत्री और विधायक भी इस व्यवस्था से नाराज बताए जा रहे हैं, लेकिन उच्च स्तर पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बहरहाल यह मामला महज़ एक विवाद नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की पोल खोलता है। अब यह देखना होगा कि क्या योगी सरकार अपने ही अधिकारियों पर लगाम लगाने का साहस दिखा पाएगी या फिर ऐसे ही घटनाएँ जनता का भरोसा सरकार से उठाती रहेंगी। उत्तर प्रदेश की जनता अब सिर्फ जवाब नहीं, कार्रवाई चाहती है।

**वीडियो ने खोली पोल, सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति सवालों के घेरे में**

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार भले ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर दे रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जब सरकारी अधिकारी ही इस नीति को ठेंगा दिखा रहे हों और शिक्षकों जैसे सम्मानित वर्ग के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हों, तो सवाल उठना लाज़मी है।

**क्या ब्यूरोक्रेसी कर रही है सरकार को बदनाम?**

लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों से यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं ब्यूरोक्रेसी खुद ही सरकार की छवि को नुक़सान पहुँचाने में लगी तो नहीं? थाना, तहसील, ब्लॉक और अब शिक्षा विभाग के दफ्तरों तक में जिस प्रकार भ्रष्टाचार बेलगाम होता जा रहा है, वह दर्शाता है कि व्यवस्था की जड़ें खोखली हो रही हैं।

# प्रदेश के 15 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



उत्तर प्रदेश में रविवार को तराई, पूर्वांचल समेत विभिन्न इलाकों में अच्छी बारिश देखने को मिली। तराई के कई जिलों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। लखीमपुर खीरी और भदोही में सर्वाधिक 120 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं चित्रकूट और प्रतापगढ़ में 110 मिमी, अलीगढ़ में 100 मिमी, वाराणसी, बलिया, प्रयागराज, मिर्जापुर में 90 मिमी बारिश हुई। रविवार की देर शाम गोंडा, बहराइच, सीतापुर, बाराबंकी में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुई।सोमवार के लिए प्रदेश के तराई और आगरा मंडल के 15 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 31 अन्य जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट है और 64 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसूनी ट्रफ लाइन अभी भी प्रदेश के तराई इलाकों की ओर है। सोमवार को तराई व आगरा क्षेत्र में भारी बारिश के आसार हैं।

**यहां है भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट**

सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, मथुरा, हाथरस, आगरा, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में।

**यहां है भारी बारिश का येलो अलर्ट**

संतकबीरनगर, बस्ती, महाराजगंज, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, जालौन व आसपास के इलाकों में।

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में वासवी की मौत

## लखनऊ में जस्टिस मार्च, लोग बोले, प्रशासन चुप है, आवाज उठाने पर धमकी मिल रही

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




नैनीताल की ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में छात्रा वासवी सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मामले में लखनऊ में आक्रोश फूट पड़ा है। रविवार शाम आईटी चौराहे से परिवर्तन चौक तक 1 हजार से ज्यादा लोगों ने जस्टिस मार्च निकाला। इसमें छात्र, समाजसेवी, परिजन और आम लोग शामिल हुए। मार्च में शामिल लोग बोले-यूनिवर्सिटी का सीसीटीबी कहां है? प्रशासन चुप क्यों है? उस यूनिवर्सिटी की ये 8वीं घटना है। यूनिवर्सिटी अपने छात्रों के प्रति लापरवाह है। अपनी बेटी वासवी के लिए सोशल मीडिया पर आवाज उठाने पर धमकी मिल रही है। वासवी की मौत के मामले में परिजनों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा के पिता रामकृष्ण सिंह ने कहा कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि रैगिंग और मानसिक उत्पीड़न के बाद की गई हत्या है। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में बच्चे सुरक्षित नहीं हैं।

### तख्तियां लेकर शामिल हुए लोग

वासवी को न्याय दिलाने के लिए निकाले गए कैंडल मार्च में छात्र-छात्राओं ने हाथों में "Justice for Vasavi", "Stop Campus Ragging" और "Truth Must Prevail" जैसे पोस्टर और पर्चे लेकर प्रदर्शन किया। इस पूरे मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। परिजनों और सामाजिक संगठनों की मांग है कि घटना की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच करवाई जाए और अगर हत्या साबित होती है तो यूनिवर्सिटी प्रशासन और दोषी छात्रों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए।

# सेवादास धाम मंदिर, रामलीला मैदान के विकास से पर्यटन को मिलेगी नई ऊंचाई: जयवीर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- 163.53 लाख रुपए से बलिया में होगा पर्यटन विकास
- राज्य सरकार पर्यटन विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध: जयवीर



उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग प्रदेश के प्राचीन मंदिरों के आसपास पर्यटक सुविधाओं के विकास और सौंदर्यीकरण के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को लेकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी बलिया के तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों के समग्र विकास पर अग्रसर है। विकास योजनाओं पर 163.53 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। परियोजनाओं का उद्देश्य मंदिरों की भव्यता को पुनर्स्थापित कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश देश में घरेलू पर्यटन का केंद्र बनकर उभरा है। हाल के वर्षों में राज्य में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अयोध्या, काशी, मथुरा और प्रयागराज जैसे तीर्थ स्थल श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आगंतुकों का रुझान प्रदेश के नए गंतव्यों की ओर भी है। बलिया टूरिस्ट डेस्टिनेशन में एक है, जहां मंदिरों सहित पर्यटन स्थलों की वृहद श्रृंखला है। प्रदेश सरकार बलिया जिले के सेवादास धाम मंदिर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 60.60 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य कराएगी। इस योजना के तहत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और धार्मिक पर्यटकों के लिए आकर्षक निर्माण कार्य किए जाएंगे।योजना अंतर्गत मंदिर परिसर का व्यापक सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिसमें आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, विश्राम स्थल जैसी बुनियादी सुविधाओं का निर्माण शामिल है। साथ ही, धार्मिक पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण को भी सुदृढ़ किया जाएगा। ज्ञात हो, बलिया का सेवादास धाम मंदिर एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। बलिया जनपदवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूर्ण होने जा रही है। नगर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल रामलीला मैदान का सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। इस कार्य पर 34.23 लाख रुपए की लागत आएगी। धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र रहा यह मैदान अब नए और आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा, जिससे न केवल शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से यह स्थल महत्वपूर्ण बनेगा। उत्तर प्रदेश के बलिया में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड बांसडीह की ग्राम सभा मारीटर स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य किया जा रहा है। विभागीय योजना के तहत इस पर 68.70 लाख रुपए की लागत आएगी। इससे न केवल मंदिर क्षेत्र का सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। योजना अंतर्गत मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार, श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और स्वच्छता से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे स्थानीय लोगों की धार्मिक आस्था को मजबूती मिलेगी, क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी की उम्मीद है। पर्यटन विभाग का मानना है कि इस तरह के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में यूपी देश में शीर्ष स्थान पर है। अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे तीर्थ स्थल प्रमुख आकर्षण केंद्र बने हुए हैं। 'स्पिरिचुअल ट्रायंगल' ने देश-विदेश के पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित किया है। राज्य सरकार पर्यटन विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बलिया समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्राचीन मंदिरों के सौंदर्यीकरण और अल्पज्ञात स्थलों के विकास के माध्यम से प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# राजनीति में भद्रता की मिसाल थे अरुण जेटली, उन पर धमकाने का आरोप लगाना घटिया राजनीति है

**राहुल गांधी के झूठ अब बर्दाश्त से बाहर हैं। वह बार-बार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का नाम अपनी कल्पनाओं से भरे बयानों में घसीटते हैं। यह दावा कि अरुण जेटली जी ने उन्हें कृषि कानूनों पर धमकाया, न सिर्फ हास्यास्पद है बल्कि पूरी तरह से शर्मनाक और घृणित है। प्रमोद सावंत ने यह भी याद दिलाया कि राहुल गांधी ने स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर के मामले में भी गलत बयान दिए थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने राफेल सौदे पर झूठा आरोप लगाने के लिए पर्रिकर जी से मुलाकात का गलत अर्थ प्रस्तुत किया था। ऐसे बयान न केवल तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करते हैं।**

*खुद कई मामलों में जमानत पर चल रहे राहुल गांधी की सारी राजनीति आरोप लगाते रहने पर ही टिकी हुई है। वह भारत में बोलें या विदेशी धरती पर, उनके संबोधनों में सिर्फ भारत की सरकार और भारत के संवैधानिक संस्थान ही निशाने पर होते हैं। राहुल गांधी पहले प्रधानमंत्री के लिए %चौकीदार चोर है% वाली टिप्पणी का उपयोग करते थे, मगर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई तो वह संवैधानिक संस्थानों को चोर बताने लग गये हैं। एक दिन पहले राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकाते हुए कहा था कि रिटायर हो जाओगे तब भी तुम्हें ढूँढ़ निकालेंगे और आज उन्होंने उन लोगों पर हमले शुरू कर दिये जोकि इस धरा पर अपना पक्ष रखने के लिए नहीं हैं। राहुल गांधी ने स्वर्गीय पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली पर जो आरोप लगाये हैं वह बेहद निचले स्तर की राजनीति है। राहुल गांधी अमीर घराने से जरूर हैं लेकिन सभ्यता के मामले में बेहद गरीब हैं क्योंकि वह यह सामान्य-सी बात भी नहीं जानते कि हमारे धर्म और संस्कृति में यही सिखाया जाता है कि स्वर्गीय व्यक्ति के प्रति कभी भी अनादर नहीं प्रकट करना चाहिए। राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि अरुण जेटली ने उन्हें धमकाया जबकि असलियत यह है कि स्वर्गीय अरुण जेटली जनवरी 2019 से ही एक तरह से बिस्तर पर थे। हम आपको याद दिला दें कि फरवरी 2019 में जब जेटली को बतौर वित्त मंत्री लोकसभा चुनावों से पहले संसद में अंतरिम बजट पेश करना था तब उनकी अमेरिका में सर्जरी होने की वजह से उनकी जगह वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को वित्त मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। उसके बाद जेटली की जगह पीयूष गोयल ने अंतरिम बजट पेश किया था। हम आपको यह भी बता दें कि अरुण जेटली की 14 मई 2018 को किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी हुई थी और उसके बाद से वह घर से ही काम कर रहे थे। वह अपने मंत्रालय की बैठकों में भी ऑनलाइन शामिल होते थे और अत्यंत आवश्यक होने पर ही लोगों से मुलाकात करते थे क्योंकि डॉक्टरों ने उन्हें किसी से मिलने से मना किया हुआ था। ऐसे में राहुल गांधी का यह दावा कि अरुण जेटली उन्हें धमकाने गये थे ना सिर्फ सफेद झूठ है बल्कि देश के ईमानदार नेताओं में शुमार रहे व्यक्ति की छवि पर प्रहार भी है। देखा जाये तो राहुल गांधी कहने को तो कांग्रेस के लीगल कॉन्कलेव में बोल रहे थे लेकिन यहां बातें उन्होंने इल-लीगल कह दीं। दूसरी ओर, राहुल के बयान पर भाजपा नेता तो पलटवार कर ही रहे हैं साथ ही स्वर्गीय अरुण जेटली के पुत्र रोहन जेटली ने भी राहुल गांधी के बयान को तथ्यात्मक रूप से गलत और दिवंगत नेता की स्मृति के प्रति अनादरपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा, ÷मेरे पिता का 2019 में निधन हो गया था, जबकि कृषि कानून 2020 में पेश किए गए थे। राहुल गांधी का यह दावा समय-सीमा के हिसाब से असंभव है।÷ रोहन ने यह भी कहा कि अरुण जेटली लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखते थे और कभी भी दबाव की राजनीति नहीं करते थे। रोहन ने कहा कि वह संवाद और सहमति निर्माण में विश्वास रखते थे। यदि कोई राजनीतिक मतभेद होता भी, तो वे खुली और रचनात्मक चर्चा के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास करते थे। उन्होंने राहुल गांधी को चेतावनी दी कि दिवंगत नेताओं को राजनीतिक विवादों में न घसीटें। रोहन जेटली ने कहा कि राहुल गांधी ने मनोहर पर्रिकर जी के मामले में भी कुछ ऐसा ही किया था। कृपया departed leaders को शांति से रहने दें।*

## एक्सप्रेस आलेख

**वर्षों तक मीडिया ने इस मामले को सनसनीखेज बनाकर 'हिंदू आतंकवाद' को ग्लैमराइज किया। प्राइम टाइम पर भगवा को हिंसा से जोड़ना, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को 'संदिग्ध आतंकी' की तरह चित्रित करना और बिना न्यायिक पुष्टि के चरित्रहनन करना, पत्रकारिता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ था। वहीं, तथाकथित बुद्धिजीवियों एवं देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी ने भी इस मामले में एकतरफा विचारधारा के चलते भगवा को 'खतरा' घोषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसे लोगों से अब यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या आप सार्वजनिक रूप से माफी मांगेंगे? मालेगांव विस्फोट मामले में आया फैसला केवल न्यायिक विजय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है।**

# मालेगांव विस्फोट एवं भगवा पर कलंक की साजिश



ललित गर्ग

**क्या धर्म का दुरुपयोग कर वोटबैंक की राजनीति करते रहेंगे? साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की प्रतिक्रिया-आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है इस बयान में उनके दर्द एवं यथार्थ को समझने की आवश्यकता है। यह केवल एक साध्वी की व्यक्तिगत मुक्ति की खुशी नहीं, बल्कि उन करोड़ों लोगों की आवाज़ है जिनके लिए भगवा आस्था और अस्मिता का प्रतीक है।**

29 सितंबर 2008 को मालेगांव में हुए बम विस्फोट की न्यायिक परिणति ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि कैसे सत्ता, वोटबैंक और वैचारिक पूर्वाग्रहों ने भारतीय न्याय और निष्पक्षता की नींव को झकझोर दिया। मुंबई की एनआईए कोर्ट द्वारा सातों आरोपियों-प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित को सबूतों के अभाव में बरी कर देना न केवल कानूनी दृष्टि से एक महत्वपूर्ण फैसला है, बल्कि यह उस ÷भगवा आतंकवाद÷ की मिथ्या कथा पर भी करारा प्रहार है जिसे वर्षों तक कांग्रेस ने राजनीतिक मंचों और मीडिया के जरिए प्रचारित किया गया। यह कांग्रेस की फर्जी कहानी का अंत एवं सत्य की जीत का एक अमूल्य आलेख है। अदालत का यह वक्तव्य कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता', भारतीय संस्कृति और न्यायशास्त्र की मूल आत्मा को पुनः जीवित करता है। यह वही भारत है जहां 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और 'अहिंसा परमो धर्मः' की गूंज होती रही है, लेकिन दुर्भाग्यवश 2008 के बाद हिंदू धर्म, हिंदुत्व और भगवा पर ऐसा कलंक मढ़ा गया मानो वे आतंकवाद के स्रोत हों। मालेगांव विस्फोट मामले में एनआइए की विशेष अदालत उस नतीजे पर पहुंची, जिस पर बांबे हाई कोर्ट ट्रेन विस्फोट कांड की सुनवाई करते हुए पहुंचा था। ऐसा कई आतंकी घटनाओं के मामलों में हो चुका है। इससे यही पता चलता है कि कभी जांच एजेंसियां, कभी अदालतें और कभी दोनों अपना काम सही तरह और समय पर नहीं करतीं। जांच और फिर अदालती कार्यवाही में देरी तथा ढिलाई एक बड़ा रोग है। आतंक के मामलों की जांच में यह भी कोई दबी-छिपी बात नहीं कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं वोट बैंक बाधा बनते हैं। आतंकी घटनाओं को राजनीतिक रंग दिया जाता है। मालेगांव विस्फोट कांड में प्रज्ञा ठाकुर, सुधाकर द्विवेदी आदि की गिरफ्तारी के आधार पर हिंदू और भगवा आतंक का जुमला उछाला गया। इसका मकसद कथित भगवा आतंक को जिहादी आतंक जैसा बताना था। यह हिंदू ही नहीं, देश विरोधी साजिश थी। इसका लाभ पाकिस्तान को मिला, क्योंकि कांग्रेस के कई नेताओं ने समझौता एक्सप्रेस कांड पर भी एजेंसियों के सहारे भगवा आतंक की फर्जी कहानी गढ़ी। भगवा आतंकवाद शब्द का पहली बार प्रयोग उस समय के कुछ कांग्रेसी नेताओं ने किया, जिनका उद्देश्य स्पष्ट था, वोटबैंक की तुष्टिकरण नीति, मुस्लिम समाज को डराकर एकतरफा ध्रूवीकरण और हिंदू संगठन व सनातन मूल्यों को कलंकित करना। इसका परिणाम हुआ कि वर्षों तक निर्दोष लोग जेल में सड़ते रहे। साध्वी प्रज्ञासिंह ठाकुर को एक संन्यासी जीवन से घसीट कर हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और उनके आध्यात्मिक जीवन को ध्वस्त कर दिया गया। सवाल यह है कि जब सबूत नहीं थे, तब उन्हें जेल में रखने की ज़रूरत क्यों पड़ी?



**समाज की सहिष्णुता और धर्म की शुद्धता का प्रमाण है। आज समय है, जब राष्ट्र को यह समझना चाहिए कि धर्म को आतंक से जोड़ना स्वयं एक मानसिक आतंक है। सत्य को स्वीकारने का साहस कीजिए, क्योंकि न्याय तभी पूर्ण होता है जब उसमें निष्पक्षता, सत्य का साथ हो।**

क्यों जांच एजेंसियों ने बेसिर-पैर की कहानियों को सच मान लिया? क्यों मीडिया ने बिना परीक्षण के 'हिंदू आतंकवाद' की ब्रेकिंग न्यूज़ चला दी? यह वही मानसिकता थी जो आतंकवाद को धर्म से जोड़कर एक खास समुदाय को डराने और एक संप्रदाय को बदनाम करने में लगी थी। यह कांग्रेस का एक षडयंत्र एवं साजिश थी जो अब पर्दाफाश हो गयी है। कांग्रेस शासित प्रांत में सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया गया। मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी। धमाके में 100 से अधिक घायल हुए थे। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया है। यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर बाइक पर लगाए गए बम से हुआ था। कोर्ट ने कहा, श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी। इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

आरोपी जमानत पर बाहर थे। मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। इस पूरे प्रकरण में न्यायपालिका की देरी और जांच एजेंसियों की लापरवाही स्वयं अदालत द्वारा उजागर की गई। अदालत ने कहा कि ना तो घटनास्थल का स्केच बनाया गया, ना फिंगरप्रिंट लिए गए, ना बम के सटीक स्रोत की पुष्टि हुई और ना ही आरोपियों के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष प्रमाण था। अभियोजन पक्ष ने जिस मोटरसाइकिल को बम के लिए इस्तेमाल होने की बात कही थी, वह भी प्रज्ञा ठाकुर से जुड़ी नहीं पाई गई। यह सब कुछ बताता है कि पूरा केस पूर्वग्रहों, दुर्भावना और राजनीतिक साजिश से प्रेरित था। यदि न्याय के नाम पर निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जाए, तो वह केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि समस्त समाज और संस्कृति को दंडित करने जैसा होता है। प्रश्न यह उठता है-तो क्या अब तक इन आरोपियों को गलत तरीके से आतंकवादी घोषित कर वर्षों तक सलाखों के पीछे रखा गया? हिंदू धर्म और आतंकवाद-ये दो शब्द आपस में मेल नहीं खाते। सनातन संस्कृति का मूल आधार ही शांति, सहिष्णुता और करुणा है। विश्व में यदि कोई धर्म ऐसा है जिसने 'युद्ध नहीं, यज्ञ', 'हिंसा नहीं, अहिंसा' का मार्ग दिखाया है, तो वह हिंदू धर्म है। राम, कृष्ण, महावीर, बुद्ध, विवेकानंद और गांधी-इन सभी की परंपरा में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं। 'भगवा आतंकवाद' एक गढ़ा गया मिथक था, जो ना केवल हिंदू समाज को कलंकित करता है, बल्कि भारत की आत्मा को भी चोट पहुंचाता है। भगवा वस्त्र तो त्याग, तपस्या और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। उसे बम और खून से जोड़ना स्वयं भारतीयता के खिलाफ साजिश है। इस फैसले ने जहां एक ओर निर्दोषों को न्याय दिया, वहीं दूसरी ओर यह देश के जनमानस को आत्ममंथन का अवसर भी देता है, क्या हम इतनी आसानी से किसी को भी आतंकवादी घोषित कर देंगे?

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 11:39 तक |
| नक्षत्रः | अनुराधा 09:04 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | ब्रह्मा, 06:55 तक |
| सूर्योदयः | 05:47 |
| सूर्यास्तः | 19:05 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 07:27-09:07 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:00-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को।*
*है मचा बवाल।।*
*मौसम है चुनावी।*
*मचा है बवाल।।*
*रस्साकस्सी चल रही।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे।*
*शब्दों के प्रहार।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा।*
*बात निकल कर आई।।*
*हरकतों से ऐसी।*
*होती जगहंसाई।।*
*रहें सब महफ़ूज़।*
*हो काम इस प्रकार।।*
*रहें सब सुरक्षित।*
*जो सबका अधिकार।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# दांत और मसूड़ों के लिए फायदेमंद है अखरोट

**आज** के समय में दांतों और मसूड़ों की सेहत का ध्यान रखना जरूरी है। गलत खानपान, ज्यादा मीठा खाने की आदत और सही देखभाल न करने से दांतों की समस्याएं बढ़ सकती हैं। अगर आप भी मसूड़ों में दर्द, दांतों में सेंसिटिविटी या कैविटी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, तो अपनी डाइट में अखरोट को शामिल करना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। अखरोट सिर्फ एक सुपरफूड नहीं है, बल्कि यह कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो न केवल आपके दिमाग और हार्ट की सेहत के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि आपके दांतों और मसूड़ों को भी मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट तत्व दांतों को मजबूती देते हैं और मसूड़ों की बीमारियों से बचाते हैं। नियमित रूप से अखरोट खाने से कैविटी बनने की संभावना कम होती है और यह मसूड़ों की सूजन को भी रोक सकता है।



**मजबूत दांतों के लिए फायदेमंद है अखरोटः** अखरोट में फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो दांतों की मजबूती के लिए जरूरी हैं। ये खनिज दांतों के इनेमल को मजबूत बनाते हैं, जिससे दांत में सड़न और दांतों में कमजोरी की समस्या से बचाव होता है।

**मसूड़ों की सेहत में सुधार होता हैः** ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर अखरोट मसूड़ों की सूजन और ओरल इंफेक?शन को कम करने में मदद करता है। यह मसूड़ों की बीमारियों से बचाने में भी मदद करता है।

**कैविटी से बचाव होता हैः** अखरोट में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण मुंह में हानिकारक बैक्टीरिया के विकास को रोकते हैं, जिससे दांतों में सड़न और कैविटी की समस्या नहीं होती।

**मुंह की बदबू दूर होती हैः** अखरोट में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण मुंह में बैक्टीरिया के बढ़ने से रोकते हैं, जिससे सांसों की दुर्गंध कम होती है। यह प्राकृतिक माउथ फ्रेशनर की तरह काम करता है।

**दांतों में प्लाक से बचाव होता हैः** अखरोट में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर दांतों पर प्लाक जमने से रोकते हैं। यह दांतों को बैक्टीरिया के कारण होने वाली गंदगी से बचाने में मदद करता है।

**अखरोट का सेवन कैसे करें?:** रातभर 2-3 अखरोट पानी में भिगोकर रखें और सुबह खाली पेट खाएं। अखरोट को हल्का भूनकर पीस लें और इसे दूध, स्मूदी या दही में मिलाकर खाएं। 3 से 4 अखरोट रोजाना नाश्ते में या दिनभर स्नैक्स की तरह खा सकते हैं। अखरोट को बादाम, किशमिश और काजू के साथ मिलाकर खाएं। अखरोट को रातभर भिगोकर सुबह ब्लेंड करें और छानकर दूध निकालें। अखरोट दांतों और मसूड़ों की देखभाल में भी मदद करता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व दांतों को मजबूत बनाते हैं, मसूड़ों की सूजन कम करते हैं और कैविटी से बचाने में मदद करते हैं। उम्मीद करते हैं कि आपको यह जानकारी पसंद आई होगी। इस लेख को शेयर करना न भूलें।

## एक्सप्रेस विशेष

# स्क्रीन का शिकंजा : ऑस्ट्रेलिया से सबक लेगा भारत?



डॉ. प्रियंका सौरभ

**इसके अलावा, भारत में स्कूल स्तर पर भी डिजिटल नैतिकता की शिक्षा का अभाव है। बच्चों को यह नहीं सिखाया जाता कि तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग कैसे करें, फर्जी समाचारों से कैसे बचें, या साइबर खतरों से कैसे सतर्क रहें।**

**ऑस्ट्रेलिया** ने 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए यूट्यूब समेत सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगाने का साहसिक फैसला लिया है। यह कदम बच्चों को ऑनलाइन दुनिया के नकारात्मक प्रभावों से बचाने के लिए उठाया गया है। भारत जैसे देशों में, जहां डिजिटल लत तेजी से फैल रही है, वहां इस तरह की नीति बहुत जरूरी है। यह समय है कि भारत भी बच्चों के डिजिटल अधिकारों की रक्षा के लिए स्पष्ट कानून बनाए, अभिभावकों को जागरूक करे और बच्चों को स्क्रीन की लत से मुक्त करके संतुलित विकास की दिशा में कदम बढ़ाए। ऑस्ट्रेलिया के फैसले से दुनिया के देशों को सबक लेना चाहिए कि बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने का समय अब आ गया है। बचपन अब किताबों से नहीं, स्क्रीन की चमक से आकार ले रहा है- यह वाक्य अब हमारे समाज की वास्तविकता बन चुका है। मोबाइल, टैबलेट और इंटरनेट की पहुँच बच्चों तक इतनी सहज हो चुकी है कि चार साल का बच्चा भी यूट्यूब पर कार्टून देख सकता है और दस साल का बच्चा इंस्टाग्राम पर रील्स बनाना जानता है। ऐसी स्थिति में ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा लिया गया फैसला न सिर्फ साहसिक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने की दिशा में ऐतिहासिक कदम भी है। ऑस्ट्रेलिया ने

**भारत में अभी तक इस मुद्दे पर कोई ठोस नीति नहीं बन पाई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 13 साल की आयु सीमा तो तय है, लेकिन उसका पालन कोई नहीं करता। बच्चे गलत उम्र डालकर खाते बना लेते हैं और बिना किसी निगरानी के उनका इस्तेमाल करते हैं। माता-पिता की भूमिका भी संदिग्ध है कुछ अभिभावक खुद ही बच्चों को स्क्रीन थमाकर व्यस्त हो जाते हैं।**

यह तय कर दिया है कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म का भी उपयोग नहीं कर सकेंगे। यह नीति 10 दिसंबर से लागू हो रही है और इसका उल्लंघन करने पर संबंधित प्लेटफार्मों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की संसद पहले ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और एक्स जैसे प्लेटफार्मों को 16 साल से कम आयु के बच्चों के लिए प्रतिबंधित कर चुकी है। अब यूट्यूब को भी इसी दायरे में शामिल किया गया है। यह दुनिया का पहला कानून है जो बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर इतनी स्पष्टता और कठोरता के साथ लागू किया जा रहा है। नियमों के मुताबिक अगर कोई प्लेटफार्म 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सेवाएं देना जारी रखता है, तो उस पर 5 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लगाया जाएगा। यह कोई सामान्य चेतावनी नहीं है, बल्कि टेक कंपनियों को जवाबदेह बनाने की गंभीर कोशिश है। ऑस्ट्रेलिया की सरकार का मानना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक विकास और व्यवहार पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने यह स्पष्ट कहा है कि माता-पिता को यह जानने का हक है कि उनके बच्चे क्या देख रहे हैं और किसके प्रभाव में हैं। यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर जो सामग्री बच्चों के सामने आती है, वह कई बार हिंसा, लैंगिक पूर्वाग्रह, अपशब्दों और अमर्यादित व्यवहार से भरी होती है। इतना ही नहीं, बच्चों को लगातार विज्ञापन, ब्रांडेड कंटेंट और चकाचौंध वाली ज़िंदगी दिखाकर उनकी असल दुनिया से दूरी बढ़ाई जा रही है। यूट्यूब का कहना है कि वह केवल एक वीडियो होस्टिंग प्लेटफार्म है और उसे सोशल मीडिया की श्रेणी में नहीं रखा जाना चाहिए। यूट्यूब के प्रवक्ता का तर्क है कि 13 से 15 साल के लगभग तीन-चौथाई ऑस्ट्रेलियाई किशोर इसका उपयोग करते हैं और इसे शैक्षणिक, रचनात्मक व मनोरंजक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पर सवाल उठता है कि क्या यूट्यूब या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म बच्चों के लिए वाकई सुरक्षित हैं? क्या वे सुनिश्चित करते हैं कि बच्चों को केवल उपयुक्त और सकारात्मक सामग्री ही दिखाई जाए? वास्तविकता यह है कि अधिकतर टेक कंपनियाँ केवल व्यूज, क्लिक और विज्ञापन राजस्व के लिए काम करती हैं, न कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए। भारत जैसे देशों में यह मुद्दा और अधिक गंभीर हो जाता है। यहां इंटरनेट यूज़र्स की संख्या करोड़ों में है, जिनमें बड़ी संख्या किशोरों और स्कूली बच्चों की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 13 से 17 वर्ष के बच्चे हर दिन औसतन तीन घंटे से अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं। इतनी कम उम्र में जब बच्चों को किताबों, खेल और सामाजिक मेल-जोल में समय बिताना चाहिए, वे अपने कमरे में अकेले बैठकर स्क्रीन से चिपके रहते हैं। इससे न सिर्फ उनकी आँखों और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक विकास भी बाधित होता है। स्कूलों में शिक्षकों को अब इस बात की चिंता होती है कि विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, क्योंकि रातभर मोबाइल पर लगे रहते हैं। माता-पिता इस कशमकश में रहते हैं कि बच्चों को मोबाइल दें या न दें, क्योंकि अगर वे न दें तो बच्चा पिछड़ने का डर जताता है और दें तो स्क्रीन की लत लग जाती है। डिजिटल लत अब नशे की तरह फैल चुकी है।

# इकरा पब्लिक स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता में दिखी कला और संस्कृति की छटा

- 125 छात्राओं ने हाथों की मेहंदी से प्रस्तुत की भारतीय परंपरा की जीवंत तस्वीर

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**




इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में रविवार को नगर स्तरीय मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें नगर के 15 विद्यालयों से लगभग 125 छात्राओं ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता, सांस्कृतिक भावनाओं और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर ने दीप प्रज्वलन कर किया।प्रतियोगिता को दो वर्गों जूनियर (कक्षा 6 से 8) और सीनियर (कक्षा 9 से 12)–में विभाजित किया गया। दोनों वर्गों की प्रतिभागियों ने अपने हाथों में विविध प्रकार के पारंपरिक और रचनात्मक डिज़ाइन बनाकर भारतीय संस्कृति की अनुपम छवि प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दलजीत कौर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में प्रतिभागी छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य भी करती हैं। निर्णायक मंडल में राना (प्रवक्ता, अवंतीबाई इंटर कॉलेज), नाज़िया अली (कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर व मेहंदी एक्सपर्ट, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय) और मिदहत एजाज़ (इंटीरियर डिज़ाइनर, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय) रहीं। सीनियर वर्ग में उमम ने प्रथम, मिनाहिल ने द्वितीय और सारिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में ज़ारा प्रथम, ज़ूबिया द्वितीय और अलीशा तृतीय स्थान पर रहीं। दोनों वर्गों से कुल दस छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। सभी विजेताओं को पुरस्कार नेशनल स्टेशनर्स, पीलीभीत के सौजन्य से प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अख़लाक़ हसन खां ने सभी अतिथियों, निर्णायकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं को आगे भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक, शिक्षकों और अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हुए उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति को मंच देना रहा।

# डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी महेवागंज पुलिस ने चोरी का नहीं किया खुलासा

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**



पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में ग्राम पंचायत ओदरहना के गांव हाजीपुरवा चौकी महेवागंज कोतवाली सदर जनपद लखीमपुर खीरी के रहने पीड़ित मोअज्जम ने बताया की 14.जून .2025 की रात पीड़ित के घर मे अज्ञात चोर ने घुसकर चोरी को अन्जाम दिया पीड़ित व उसका परिवार घर के आंगन मे सो रहे थे चोर रात 12 बजे के बाद घर मे घुसे और उन्होने घर में रखे जेवर मटर माला सोने का, झाले सोने के, 2 जोडी पायल चाँदी की, कान की बाली सोने की, 35000 रूपये नगद तथा एक सोने की टप और मोबाइल फोन बर्तन तथा कपड़े भी चोरी कर के ले गये पीड़ित जब सुबह उठा तो उसे चोरी का पता चला पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की पुलिस कई बार घर आई 15.जून.2025 को मु.अ.सं.0499/2025 धारा 305 (डु) एफआईआर दर्ज कर महेवा गंज पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खगाले लेकिन चोरो व समान का कोई पता नहीं चला चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिए डेढ़ माह के उपर हो गये है अभी तक न चोर पकड़े गए न कोई कार्रवाई हुई पीड़ित अत्यंत ग़रीब है।चोरी होने से पीड़ित का परिवार बिल्कुल छुट गया है।पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर सिर्फ खानापूर्ति कर दी।

# मिल द्वारा आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में लखनऊ की टीम रही विजेता

**जन एक्सप्रेस | खंभारखेडा खीरी**



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड ग्रुप द्वारा आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में लखनऊ की टीम विजेता रही।सिंगल मैच में लखनऊ के ही खिलाड़ी संदीप त्रिपाठी ने विजय हासिल की। इस तरह से पूरे ग्रुप में लखनऊ ओवर आल विजेता रहा। इससे पहले जोनल स्तर पर हुए मैच में सेंट्रल जोन से खंभारखेडा, वेस्ट जोन से किनौनी व ईस्ट जोन से कुंदरकी की टीम विजेता रही थी, जिनके बीच यहां पर मैच खेला गया।टीम लखनऊ ने अपने शानदार प्रदर्शन से टूर्नामेंट का खिताब जीतकर न सिर्फ ट्रॉफी, बल्कि दर्शकों का दिल भी जीत लिया।कप्तान संदीप कुमार त्रिपाठी, का प्रदर्शन और नेतृत्व अतुलनीय रहा और उनको टूर्नामेंट का सर्व श्रेस्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। टीम किनौनी दूसरे स्थान पर रही। टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल भावना का प्रदर्शन किया। खंभारखेड़ा और कुंदरखी की टीमों ने भी पूरे समर्पण और जुझारूपन से टूर्नामेंट को रोमांच से भर दिया।टूर्नामेंट के आयोजन की सफलता में मिनी स्टेडियम के स्पोर्ट्स अफसर और खिलाड़ियों की भागीदारी सराहनीय रही। विजेता टीम को बजाज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा ने मैडल व सील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से सीएफओ सुनील ओझा,एचआर प्रेसिडेंट प्रभाकर चंद्र, और सेल्स प्रेसिडेंट एस एम रज़ा सहित बजाज ग्रुप के सैकड़ों अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।इस मौके पर ग्रुप के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा ने कहा कि इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ है जो शानदार रहा। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि इस तरह के आयोजन होते रहेंगे। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैडमिंटन के अलावा अन्य खेलों का आयोजन करायें।

# साहब एक नज़र इधर भी......विद्युत विभाग की लापरवाही से बढ़ा खतरा

- निजी प्लॉट में लगाया गया 11000 केवीए लाइन का पोल, स्थानीय निवासी ने समाधान दिवस में की शिकायत

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**



जनपद के बिलसंडा कस्बे के वार्ड नंबर 2, स्वामी जी नगर कॉलोनी में विद्युत विभाग की मनमानी और लापरवाही के चलते स्थानीय लोगों की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा है। आरोप है कि विभाग द्वारा बिना स्वामियों की सहमति के एक निजी प्लॉट में 11000 केवीए विद्युत लाइन का खंभा (पोल) लगा दिया गया है, जिससे संभावित हादसे की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, उक्त विद्युत पोल पहले एक खेत में स्थापित था, जो कई वर्षों से जर्जर स्थिति में था। हाल ही में वह पोल अचानक टूटकर उसी खेत में गिर गया। इसके बाद विद्युत विभाग ने पुराने पोल को हटाकर उसे पास ही स्थित एक निजी प्लॉट में स्थापित कर दिया, जिससे वहां रहने वालों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता उत्पन्न हो गई है।स्थानीय निवासी प्रदीप कुमार चौहान ने शनिवार को बीसलपुर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में इस मुद्दे को उठाते हुए उच्चाधिकारियों से पोल को तत्काल हटाए जाने की मांग की। उनका कहना है कि प्लॉट स्वामी एवं अन्य स्थानीय नागरिक कई बार इस संबंध में विद्युत विभाग के कार्यालयों के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा बार-बार आश्वासन देकर मामले को टाल दिया जा रहा है।प्रदीप कुमार का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों ने खेत स्वामी से मिलीभगत कर नियमानुसार पोल को उचित स्थान पर लगाने की बजाय निजी प्लॉट को चुन लिया, जो न केवल नियमों की अवहेलना है बल्कि जन सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी बन गया है।स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि 11000 केवीए की हाई-वोल्टेज लाइन से जुड़ा यह पोल कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है, जिससे जान-माल की हानि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके, विद्युत विभाग के अधिकारी अब तक निष्क्रिय बने हुए हैं।इस मामले में समाधान दिवस में शिकायत दर्ज हो जाने के बाद अब यह देखना होगा कि प्रशासन और विद्युत विभाग इस गंभीर लापरवाही पर क्या कार्रवाई करते हैं। स्थानीय निवासियों की मांग है कि पोल को तत्काल सुरक्षित और उचित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि किसी अनहोनी की आशंका से बचा जा सके।

# पूरनपुर में इंटेल इंडिया की पहल पर एआई डाटा लैब का शुभारंभ

- केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने किया उद्घाटन, छात्रों से संवाद कर तकनीकी शिक्षा की सराहना

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**




**पूरनपुर।** नगर पालिका परिषद पूरनपुर परिसर में रविवार को एक ऐतिहासिक तकनीकी पहल का शुभारंभ हुआ। भारत सरकार के सहयोग एवं इंटेल इंडिया की साझेदारी से स्थापित इंडिया एआई डाटा लैब का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने किया। उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका सदन परिसर में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में मंत्री जितिन प्रसाद ने बच्चों से संवाद करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर प्रश्न पूछे। बच्चों ने आत्मविश्वास से उत्तर देते हुए न केवल अपनी समझ का परिचय दिया, बल्कि उपस्थित जनसमूह को भी प्रभावित किया। मंत्री ने बच्चों के उत्तरों की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयोगशाला युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भविष्य के भारत की नींव को मजबूत बनाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका के सभासदों ने मंत्री का पुष्पमालाओं के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, भाजपा क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य रजनीश पांडेय और समाजसेवी हर्ष गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ राहत के लिए बनाई मंत्री टीम-11

- संजय सिंह गंगवार को जालौन का जिम्मा, बोले, राहत कार्यों में नहीं होगी कोई कोताही

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित 12 जिलों में राहत और बचाव कार्यों की निगरानी के लिए 12 मंत्रियों की एक विशेष टीम-11 का गठन किया है। इस टीम में गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार को जनपद जालौन का प्रभारी बनाया गया है।लखनऊ से जानकारी देते हुए संजय सिंह गंगवार ने बताया कि वे मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल जालौन के लिए रवाना हो गए हैं। वहां वे कैंप कर स्थानीय प्रशासन के साथ राहत और बचाव कार्यों की निगरानी करेंगे तथा पीड़ितों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि जब तक राहत कार्य पूर्ण नहीं हो जाते, वे जालौन में ही रहेंगे।राज्य मंत्री ने बताया कि वे बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा कर हालात का स्वयं जायजा लेंगे। साथ ही राहत शिविर, भोजन वितरण, स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षित स्थानों तक विस्थापितों को पहुंचाने जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देंगे। हर सप्ताह पीलीभीत स्थित जनसहयोग कार्यालय में शनिवार और रविवार को आयोजित होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम इस बार स्थगित रहेगा। राज्य मंत्री ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है और ऐसे संकट की घड़ी में राहत कार्यों को प्राथमिकता देना उनका कर्तव्य है।उन्होंने भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार पूरी तरह सजग और सक्रिय है तथा बाढ़ प्रभावित किसी भी नागरिक को सहायता से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

# आज जिला जजी सहित बीसलपुर और पूरनपुर न्यायालयों में रहेगा अवकाश

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

जिले में स्थित सभी प्रमुख न्यायालयों में आज (सोमवार) को अवकाश रहेगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद द्वारा पारित आदेश के अनुसार यह अवकाश मोहर्रम के पर्व के स्थान पर घोषित किया गया है।जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहर्रम का पर्व छह जुलाई (रविवार) को पड़ा था, जो पहले से ही सार्वजनिक अवकाश का दिन था। इसी के मद्देनज़र मुख्यालय स्थित जनपद न्यायालय, मुंसिफ न्यायालय बीसलपुर एवं ग्राम न्यायालय पूरनपुर में मोहर्रम के उपलक्ष्य में चार अगस्त को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।इस दौरान न्यायिक कार्य स्थगित रहेंगे और केवल अति आवश्यक मामलों में ही न्यायालय खुल सकते हैं। बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं एवं वादकारियों से आग्रह किया है कि वे इस निर्णय को ध्यान में रखते हुए अपने न्यायिक कार्यों की अग्रिम योजना बनाएं।

# कीचड़ में फंसी मंत्री की गाड़ी ने खोल दी व्यवस्थाओं की पोल

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**



रविवार को पीलीभीत के गजरौला क्षेत्र में जो दृश्य सामने आया, वह एक प्रतीक हैं। प्रशासनिक उदासीनता और निकायों की लापरवाही का। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद की गाड़ी का कीचड़ में फंस जाना केवल एक साधारण घटना नहीं है, यह स्थानीय व्यवस्था की नाकामी का वह आईना है जिसमें आज भी ज़मीन पर विकास की बजाय कीचड़ और बदहाली दिखती है। यह घटना उस समय हुई जब मंत्री जी शिवनगर गांव में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। बारिश की आशंका और ग्रामीण सड़कों की दुर्दशा के बावजूद न तो रास्तों की मरम्मत की गई, न ही कोई वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया। नतीजा यह हुआ कि मंत्री को अपनी सुरक्षा घेरे के साथ पैदल चलकर सभा स्थल तक जाना पड़ा, जबकि उनकी गाड़ी कीचड़ में धंसती रही और प्रशासन ट्रैक्टर मंगवाकर उसे बाहर निकालने में जुटा रहा। यह दृश्य कई सवाल खड़े करता है। सबसे पहला अगर एक केंद्रीय मंत्री की गाड़ी इस दशा में है, तो फिर एक आम नागरिक की स्थिति क्या होगी? क्या यह दर्शाता नहीं कि प्रशासनिक तंत्र सिर्फ %दिखावे% में व्यस्त है, जबकि ज़मीनी हकीकत से उसका कोई सरोकार नहीं? सबसे गंभीर बात यह है कि यह घटना अचानक नहीं थी। मौसम विभाग पहले ही भारी बारिश की संभावना जता चुका था। फिर क्यों नहीं पीडब्ल्यूडी, लोक निर्माण विभाग और स्थानीय निकायों ने कोई तैयारी की? क्या मंत्री का दौरा महज औपचारिकता था? और यदि उसके लिए भी यह स्थिति है, तो आम ग्रामीणों के जीवन की दुश्वारियों की कल्पना करना कठिन नहीं। वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जनता में भारी रोष देखा जा रहा है। लोग यह पूछ रहे हैं कि अगर मंत्री की सुरक्षा और सुविधा का यह हाल है, तो आम जन किसके भरोसे हैं? जवाबदेही की बात करें तो अभी तक किसी अधिकारी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यही वह ढुलमुल रवैया है जिसने जनता का विश्वास सरकारी तंत्र से उठाया है। मंत्री जी ने मंच से भाषण तो दिया, योजनाओं का बखान भी किया, लेकिन उनके सामने कीचड़ में फंसी गाड़ी ही असल जमीनी सच्चाई को उजागर कर गई। यह घटना केवल एक मंत्री की असुविधा नहीं थी, यह व्यवस्था की पोल खोलने वाला एक चेतावनी संकेत हैं।अगर अब भी सरकारी महकमे नहीं जागे, तो आने वाले समय में जवाबदेही कीचड़ में और गहरे धंसी नजर आएगी। समय की मांग है कि इस घटना को हल्के में न लिया जाए। केवल गाड़ी को कीचड़ से निकाल देना समाधान नहीं है। ज़रूरत है एक जवाबदेह, सजग और सक्रिय प्रशासनिक व्यवस्था की जो केवल कागज़ों पर नहीं, ज़मीन पर भी विकास को साकार करे। वरना, आगे की राह और भी फिसलन भरी हो सकती हैं। न केवल नेताओं के लिए, बल्कि पूरे जनतंत्र के लिए।

# मजदूरी की रकम न मिलने पर ग्रामीणों ने की शिकायत, पुलिस कर रही जांच

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव झुरकुरिया के मजदूरों ने आरोप लगाया है कि एक ग्रामीण ने उनकी मजदूरी की रकम हड़प ली है। पीड़ित मजदूरों ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी है, जिस पर पुलिस जांच कर रही है।ग्रामीणों के अनुसार, बलरामपुर गांव के एक ठेकेदार ने धान की सीजन में मजदूरों को धान रोपाई के लिए काम पर लगाया था। रोपाई का काम पूरा होने के बाद मजदूरी के रूप में कुल सात हजार रुपये बकाया रह गए। आरोप है कि ठेकेदार ने यह रकम गांव के ही एक व्यक्ति को मजदूरों तक पहुंचाने के लिए दी थी, लेकिन उसने वह रुपये खुद रख लिए और अब टालमटोल कर रहा है।मजदूर विमल कुमार, बबीता, मनोरमा, रंजना वर्मा आदि ने थाने पहुंचकर संयुक्त रूप से तहरीर दी और आरोप लगाया कि कई बार कहने के बावजूद उन्हें भुगतान नहीं किया गया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है और जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## अपहरण की झूठी कहानी रचकर मांगी फिरौती, तीन घंटे में पुलिस ने किया खुलासा

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** पूरनपुर क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक के अपहरण और फिरौती की सूचना मिली। परिजनों और पुलिस की सक्रियता के चलते तीन घंटे के भीतर युवक को बरामद कर लिया गया। जांच में सामने आया कि युवक ने खुद ही अपहरण का नाटक रचकर 50 हजार रुपये की फिरौती मांगने की साजिश रची थी।घटना घुंघचाई क्षेत्र के गांव दिलावरपुर की है, जहां के रहने वाले महेंद्र के पुत्र शिवम ने शनिवार को असम हाईवे स्थित सिरसा चौराहे पर आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए जनसेवा केंद्र पर जाने की बात कही थी। इसी दौरान शिवम ने कस्बे के एक सर्राफा व्यापारी को फोन कर खुद के अपहरण की सूचना दी और अपहरणकर्ताओं की ओर से 50 हजार रुपये की फिरौती मांगे जाने की बात कही। सूचना मिलते ही सीओ प्रतीक दहिया, थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार और एसओजी टीम तत्काल सक्रिय हो गई। सघन छानबीन के बाद तीन घंटे के भीतर युवक को खटीमा से बरामद कर लिया गया। पूछताछ में युवक ने कबूल किया कि उसने रुपये हड़पने के इरादे से अपहरण का ड्रामा रचा था। सीओ श्री दहिया ने बताया कि युवक से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब इस प्रकरण की विस्तृत जांच कर रही है और झूठी सूचना देने के मामले में कार्रवाई की जा सकती है।

# पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार से पूर्व ग्रामीणों ने रामचरितमानस पाठ व भंडारा का किया आयोजन

**जन एक्सप्रेस | पीलीभीत**



**हजारा(पूरनपुर)।** पवित्र श्रावण मास में जहां हर दिन शिवालयों में भजन-कीर्तन और पूजा अर्चना होता रहा तो वहीं श्रावण मास के अंतिम सोमवार से ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्रामीणों ने रामचरितमानस अखंड पाठ एवं विशाल भंडारा का आयोजन करते हुए विधि विधान से हवन पूजन किया है।पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार से पूर्व ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणा प्रताप नगर में शिव मंदिर कमेटी एवं ग्रामीणों के सहयोग से रामचरितमानस अखंड रामायण पाठ का आयोजन शनिवार को विधि विधान से पाठ का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात रविवार को पाठ का समापन हुआ। अखंड रामायण पाठ के समापन के उपरांत हवन पूजन किया गया तो वहीं महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन भी किया गया।हवन पूजन के पश्चात एक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था जिसमें राणा प्रताप नगर नहरोसा राजीवनगर चिरैया टोला श्रीनगर कबीरगंज गौतमनगर संपूर्णानगर सहित अन्य गांव के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया।इस भंडारा में हिंदू मुस्लिम एकता की झलक भी देखने को मिला।यहां बता दें कि पवित्र श्रावण मास में हर रोज क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं के द्वारा शिवलिंग पर दूध, बेलपत्र, भांग, धतूरा, मिष्ठान, अक्षत, पुष्प, रोली सहित अन्य पूजन सामग्री चढ़ा कर विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ साथ भजन कीर्तन भी किया जाता रहा इसके अलावा क्षेत्र के शिव भक्तों ने शारदा नदी के पवित्र जल लेकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ तक कांवड़ यात्रा भी निकालते हुए जलाभिषेक किया है।

# पर्यावरण संरक्षण पर जोर, 'हरि शंकरी' अभियान की तैयारी तेज

**जन एक्सप्रेस | निघासन खीरी**



समाधान दिवस के दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी महत्वपूर्ण पहल की गई।%पूरब पीपल,पश्चिम पाकड़, उत्तर दिशा में बरगद लगाएं, हरा-भरा, संरक्षित हो जीवन%–इस प्रेरक संदेश के साथ आगामी एक अगस्त को जनपद के समस्त राजस्व ग्रामों व सार्वजनिक स्थलों पर %हरि शंकरी पौधारोपण अभियान% चलाने की घोषणा की गई।तहसील परिसर में आयोजित एक विशेष गोष्ठी में अधिकारियों ने पौधारोपण के महत्व, तकनीकी जानकारी, उपयुक्त स्थल चयन तथा पौधों की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी राजीव निगम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अब केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गया है। गोष्ठी में वन विभाग, लोक भारती, सामाजिक संगठनों, स्वंयसेवी संस्थाओं और पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। अधिकारियों ने बताया कि इस बार पौधारोपण को जन आंदोलन का रूप देने की योजना बनाई गई है, जिसमें आमजन की भागीदारी प्रमुख भूमिका निभाएगी।

### जनता से की गई अपील

अधिकारियों ने सभी ग्रामवासियों से अपील की कि वे पौधारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी करें और कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। साथ ही, उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण मिल सके।कार्यक्रम के दौरान समाधान दिवस की कार्यवाही के साथ-साथ पर्यावरण जागरूकता का यह संगम प्रशासन की सकारात्मक सोच का परिचायक रहा। समाधान और संकल्प दोनों ही मंच पर देखने को मिले।

# राजा राजेश्वर सिंह के प्रयासों से मदनापुर लालबोझी के पास शारदा रिसाव को रोकने हेतु बाढ़ खण्ड की पहल

- घाघी नाले पर आ रहे अतिरिक्त पानी के रुकने से घाघी में बाढ़ की तबाही से राहत की बढ़ी उम्मीद

**जन एक्सप्रेस | निघासन खीरी**



झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह के अथक प्रयासों से मदनापुर लालबोझी के निकट घाघी नाले में शारदा नदी से हो रहे भयंकर रिसाव को नियंत्रित करने के लिए बाढ़ खंड विभाग ने तिगुड़िया (परप्यून पाइप) लगवाया है। यह कार्य शारदा नदी से आ रहे दबाव को रोकने और भूमि कटाव पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से कराया गया है।उल्लेखनीय है कि घाघी नाले पर रिसाव के कारण अतिरिक्त पानी के दबाव नाले के किनारे बना बांध अक्सर रानीगंज सहित कई क्षेत्रों में टूट जाता है, जिससे दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घुसकर तबाही मचा देता है। इससे स्थानीय किसानों और ग्रामीणों को हर साल भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इसके लिये आसपास के गावों के क्षेत्रीय किसानों ने राजा साहब से संपर्क कर पानी के रिसाव को नियंत्रित कराने हेतु राजा साहब से गुहार लगाई जिसके उपरांत बाढ़ नियंत्रण के इस कार्य को कराने के लिए राजा राज राजेश्वर सिंह ने प्रमुख सचिव अनिल गर्ग से विशेष भेंट कर स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया था। इसके बाद प्रमुख सचिव ने बाढ़ खण्ड अधिसाशी अभियंता को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द समाधान निकाला जाए। इसी का परिणाम है कि अब विभाग ने रिसाव रोकने के लिए प्रयोगिक तौर पर तत्काल कार्यवाही करते हुए परप्यून पाइप की व्यवस्था सुनिश्चित की है। विभाग को उम्मीद है कि इससे रिसाव में कमी आयेगी व अगले वर्ष पूर्णतया इस पानी को रोकने का कार्य किया जायेगा।राजा राज राजेश्वर सिंह के इस प्रयास से न केवल दर्जनों गांवों को संभावित बाढ़ से राहत मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों का वर्षों पुराना संकट में कमी आने की संभावना बढ़ी है। राजा साहब द्वारा बाढ़ से बचाव हेतु किये जा रहे कार्यों के लिए क्षेत्र की जनता उनके प्रयासों की सराहना कर रही है।

# मादक पदार्थ के साथ एक शख्स गिरफ्तार

- 55.56 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर की खेप को भारत से नेपाल राष्ट्र में करना था सप्लाई
- अवैध नशा कारोबार से संलिप्त अन्य लोगों की तलाश में जुटी सुरक्षा एजेंसिया

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में मादक पदार्थ की तस्करी की एक बड़ी कोशिश को आबकारी विभाग और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने नाकाम कर दिया है। टीम ने बीती रात पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध युवक को 55.56 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है। युवक भारत से नेपाल राष्ट्र में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने की फिराक में था। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान युवक ने कई अहम जानकारियां साझा कीं, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में भी जुट गई है। 22वी वाहिनी एसएसबी सहायक कमांडेंट प्रिया यादव और आबकारी विभाग निचलौल के इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव मय टीम ने बीती रात पेट्रोलिंग के दौरान निचलौल थाना क्षेत्र के मटरा गांव के से समीप से एक संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ और तलाशी ली। इस दौरान उसके कब्जे से प्रतिबंधित नशीला पदार्थ की बड़ी खेप बरामद हुआ। जिसमें 55.56 ग्राम ब्राउन शुगर (हेरोइन) एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। जिसकी कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपयों में आंकी जा रही है। मादक पदार्थ के साथ पकड़े गए व्यक्ति की पहचान राहुल यादव निवासी ग्राम नारायनपुर चरगाहा पोस्ट लक्ष्मीगंज थाना रामकोला जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है। युवक की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान उसने कई अहम जानकारियां साझा कीं और नेटवर्क से जुड़े लोगों का नाम भी बताया है। इस दौरान गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली संयुक्त टीम में एसएसबी के उपनिरीक्षक हंसराज, कुलदीप कुमार, ईश्वर चंद, मनोज कुमार, अनूप कुमार, अमरनाथ कुमार व आबकारी विभाग के प्रदीप कुमार, बृजेश कुमार, महिला आरक्षी पूजा शामिल रहे।

जन एक्सप्रेस संवाददाता को आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव ने बताया कि ब्राउन शुगर के साथ एक युवक राहुल यादव को गिरफ्तार कर निचलौल पुलिस के हवाले कर दिया गया, जहां पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# नाली विवाद को लेकर मारपीट, वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

क्षेत्र के कुरमौटा ठाकुर गांव में नाली के विवाद को लेकर हुई मारपीट का वीडियो चार दिन बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लग रहा है। हालांकि पुलिस एक पक्ष पर केस दर्ज कर मामले की जांच करने की बात कह रही है। भटनी के कुरमौटा ठाकुर गांव में नाली विवाद को लेकर रविवार को दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। मामले में एक पक्ष ने चार दिन बाद मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर पुलिस पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं करने की बात कह रहा है, जबकि पुलिस ने उसी दिन केस दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू करने की बात कही है। एसओ अश्वनी प्रधान ने बताया कि नाली विवाद में मारपीट हुई थी। एक पक्ष की तहरीर पर उसी दिन आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया गया था। मामले में संबंधित एसआई विवेचना कर रहे हैं।

# ढूठीबारी की सड़कें बनी तालाब, आवागमन बाधित

**जन एक्सप्रेस । ढूठीबारी/महराजगंज।**



निचलौल विकास खंड की ग्रामसभा ठूठीबारी में हल्की बारिश ने ही ग्राम पंचायत की विकास योजनाओं की पोल खोल दी है। नालियों की नियमित सफाई न होने और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था के अभाव में सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे ठूठीबारी उपनगर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन गई है। ग्राम पंचायत ठूठीबारी के विभिन्न वार्डों में पानी भर जाने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी दुर्गेश कुमार, देवव्रत पाण्डेय, आदित्य मिश्रा, बबलू निगम ने बताया कि यदि समय-समय पर नालियों की सफाई होती और जहां नाली नहीं है वहां निर्माण कराया गया होता, तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। उन्होंने कहा कि इस समस्या की शिकायत कई बार जनप्रतिनिधियों से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सबसे ज्यादा जलभराव दिलशेर के घर से लेकर दुर्गेश के घर तक और टीचर कालोनी में देखा गया, जहां आवागमन की सड़क नदी का रूप ले चुकी है। बच्चों और बुजुर्गों का बाहर निकलना अत्यंत कठिन हो गया है। इस संबंध में ग्रामप्रधान अजीत कुमार ने बताया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# गो-तस्करी के मामले में आरोपी नन्हे पासवान गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**




नन्हे पासवान के खिलाफ रामपुर कारखाना में गोवध निवारण अधिनियम का केस दर्ज है। वह इस मुकदमे में वांछित चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश काफी दिनों से कर रही थी। उसके खिलाफ कुशीनगर और देवरिया जिले में गो-हत्या से संबंधित चार मामले दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने गो-तस्करी से जुड़े केस में वांछित चल रहे एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहन पट्टी टोला हथियागढ़ निवासी नन्हे पासवान के रूप में हुई है। रविवार को पुलिस को उसके बारे में गुप्त सूचना मिली थी कि वह देवरिया मोड़ हेतिमपुर के पास मौजूद है।

इसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। नन्हे पासवान के खिलाफ रामपुर कारखाना में गोवध निवारण अधिनियम का केस दर्ज है। वह इस मुकदमे में वांछित चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश काफी दिनों से कर रही थी। उसके खिलाफ कुशीनगर और देवरिया जिले में गो-हत्या से संबंधित चार मामले दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को जेल भिजवा दी। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने टीम के इस सराहनीय कार्य के लिए शाबाशी दी और कहा कि अपराधियों के खिलाफ पुलिस की यह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक नीरज सिंह यादव, कांस्टेबल सुशील कुमार यादव, कांस्टेबल विमलेश कुमार यादव, संतोष कुमार यादव शामिल रहे।

# घर में घुसा चोर, गृहस्वामी को धक्का देकर भागा

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

पटहेरवा थाना क्षेत्र के पटहेरिया-तुर्कपट्टी मार्ग पर स्थित गांव धारमठिया के एक व्यक्ति के घर शुक्रवार की आधी रात एक अज्ञात युवक घर के दो मंजिला पर चढ़ गया और इसी बीच गृहस्वामी का लड़का उसे पकड़ लिया लेकिन वह उसे धक्का मारकर दो मंजिला मकान से कूद कर सड़क पर खड़े साथी के साथ बाइक से फरार हो गया। घटना के बाद सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने मामले की जांच की। पटहेरिया-तुर्कपट्टी मार्ग के किनारे मुर्तुजा अंसारी का घर है। रात करीब 1 बजे के करीब उनके दो मंजिला घर में कुछ हलचल होने के बाद उनका लड़का बाहर निकला तो एक अज्ञात युवक को देखकर शोर मचाते हुए उसे पकड़ लिया, लेकिन उस अज्ञात युवक लड़के को धक्का मारते हुए दो मंजिला घर से धान के खेत में छलांग लगा कर कुद गया। उसके शर्ट का आधा भाग मुर्तुजा के लड़के के हाथ में आ गया।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे : खाटू श्याम का दर्शन कर लौट रहे थे, ट्रक से टकराई कार, 1 की मौत-5 घायल

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




कार सवार लोग खाटू श्याम से दर्शन कर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार रमाशंकर शर्मा (पुत्र भागवत शर्मा, निवासी पटहेरवा, थाना-कुशीनगर) की मौके पर ही मौत हो गई।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर रविवार की सुबह एक हादसा हो गया। एक अर्टिगा कार ट्रक से टकरा गई, जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कार सवार लोग खाटू श्याम से दर्शन कर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार रमाशंकर शर्मा (पुत्र भागवत शर्मा, निवासी पटहेरवा, थाना-कुशीनगर) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, वाहन में सवार पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि दो बच्चे आंशिक रूप से चोटिल हुए हैं।

# सड़क हादसा : अयोध्या दर्शन करने गोरखपुर से निकले थे 29 श्रद्धालु, पिकप पलटी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



रविवार को दिन में पिकअप वाहन से गोरखपुर जनपद के बांसगाव थानाक्षेत्र के ग्राम भैंसा रानी एवं ग्राम हौसलापार के 29 महिला एवं पुरुष श्रद्धालु आयोध्या स्थान करने जा रहे थे। अपने गांव से श्रीरामजानकी मार्ग होते हुए अयोध्या धाम में सावन स्नान करने जा रहे थे।

धनघटा थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग डुहिया गांव के पास अयोध्या जा रही श्रद्धालुओं से भरी पिकअप रविवार को दिन में 2 बजे के करीब पलट गई। इस घटना में 20 श्रद्धालु घायल हो गए। सीएचसी हैंसर से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक की टीम ने 8 लोगों को जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। पिकअप पर कुल 29 लोग सवार बताये जा रहे हैं। रविवार को दिन में पिकअप वाहन से गोरखपुर जनपद के बांसगाव थानाक्षेत्र के ग्राम भैंसा रानी एवं ग्राम हौसलापार के 29 महिला एवं पुरुष श्रद्धालु आयोध्या स्थान करने जा रहे थे। अपने गांव से श्रीरामजानकी मार्ग होते हुए अयोध्या धाम में सावन स्नान करने जा रहे थे। श्रद्धालुओं का पिकअप वाहन थाना क्षेत्र धनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम डुहिया कला के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

घटना के बाद चीखपुकार मच गया। दुर्घटना देखकर आसपास के लोगों की भारी भीड़ वहां पर जुट गई। इस घटना की सूचना पाकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घायलों को वहां से निकाला। वहीं घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक धनघटा रामकृष्ण मिश्र पुलिस फोर्स के साथ तत्काल दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य में जुट गए।

सभी घायलों को पिकअप वाहन से निकलवाकर पुलिस ने अपने वाहन तथा एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैंसर बाजार भेजवाया। वहां पर इलाज के दौरान चिकित्सकों ने 8 घायलों की स्थिति नाजुक देखकर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। शेष घायलों का इलाज सीएचसी हैंसर पर चल रहा है। दुर्घटना में घायलों के बारे में पुलिस ने उनके घर वालों से संपर्क कर जानकारी दिया।

दुर्घटना में इन घायलों की हालत है गंभीर इस दुर्घटना में जो लोग घायल हुए हैं उनमें सोनमती पत्नी प्रेम, सावित्री पत्नी सावन राजा, चनवा पत्नी बेचन, करमदानी पत्नी राम बृक्ष, चमेली पत्नी राम अवतार पाल, मीरा देवी पत्नी लालबहादुर, सोमनाथ पाल पुत्र राज बली, श्रीमती पत्नी हौसला पाल निवासी ग्राम भैंसा रानी को सीएचसी हैंसर बाजार में प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद उनको जिला अस्पताल संतकबीरनगर के लिए रेफर कर दिया गया।

# वैश्विक विधायी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे विधायक

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

विधानसभा व विधान परिषद के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल बोस्टन अमेरिका में होने वाले वैश्विक विधायी सम्मेलन में हिस्सा लेने जाएगा। इसमें कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पीएन पाठक भी शामिल होंगे। बोस्टन, अमेरिका में 4 से 6 अगस्त को होने वाले नेशनल कांफ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेटर (एनसीएसएल) की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में प्रतिनिधिमंडल के साथ कुशीनगर विधायक पीएन पाठक भी हिस्सा लेंगे। यह एक गैर राजनीतिक मंच है, जो भारतीय विधायकों की क्षमता बढ़ाने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक बातचीत को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। विधायक पीएन पाठक ने कहा कि मेरे राज्य और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व वैश्विक मंच पर करना गर्व की बात है।

# प्रशिक्षु आईएएस दल ने बुद्ध प्रतिमा के समक्ष नवाए शीश

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में शनिवार को 19 सदस्यीय प्रशिक्षु आईएएस दल ने प्रमुख बौद्ध दर्शनीय स्थलों और प्राचीन मंदिर स्थलों का भ्रमण किया। उन स्थलों की ऐतिहासिकता और प्राचीनता से रू-ब-रू हुए। कुशीनगर मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में दल ने पांचवीं शताब्दी लेटी बुद्ध प्रतिमा का दर्शन किया। बुद्ध वंदना के साथ प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया। प्रतिमा की भव्यता व विशिष्टता की जानकारी हासिल किया।

# अंश ने पहला और अखंड ने जीता शतरंज का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

शहर के हनुमान इंटर कॉलेज परिसर में कॉलेज के संस्थापक पंडित मातादीन शर्मा की 94वीं जयंती समारोह के दूसरे दिन कुर्सी दौड़ और कबड्डी मैच का आयोजन हुआ। इसमें बालक और बालिका वर्ग की हुई अलग-अलग प्रतियोगिताओं विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया।

फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अभिषेक राय ने कबड्डी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मुकाबला बालक वर्ग के कक्षा 7वीं व 8वीं के बीच हुआ। इसमें कक्षा 8वीं टीम विजयी हुई। दूसरा मुकाबला 11वीं गणित व 11वीं बायो के बीच खेला गया, लेकिन बारिश होने के चलते मैच बराबारी पर छूट गया। मैच में निर्णायक की भूमिका उशेष पांडेय व सद्दाम हुसैन ने निभाई, जबकि स्कोरर के रूप में सदरे आलम और खेल प्रतियोगिता का संचालन दिवाकर यादव ने किया। इसके बाद बालक वर्ग की शुरू हुई शतरंज प्रतियोगिता का क्वाटर फाइनल मैच खेला गया। पहला मुकाबला सुमित पटेल व अखंड प्रताप के बीच खेला गया, जिसमें अखंड प्रताप विजयी रहे, वहीं दूसरा मुकाबला विवेक खरवार और अरमान के बीच खेला गया। इसमें विवेक खरवार विजेता रहे। तीसरा मुकाबला अंश केशरी व अमन मोदनवाल के बीच खेला गया। इसमें अंश केशरी विजयी रहे। इसके बाद शतरंज प्रतियोगिता का सेमी फाइनल मुकाबला अंश केशरी व विवेक खरवार के बीच खेला गया, जिसमें अंश केशरी विजयी रहा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला अखंड प्रताप और श्रेयांस कुमार के बीच खेला गया। इसमें अखंड प्रताप विजयी रहे।

इसके बाद बालिकाओं का जूनियर और सीनियर वर्ग में कुर्सी दौड़ हुआ। सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में जुली 10वीं-ब की टीम प्रथम और रोशनी सिंह 11वीं अंग्रेजी माध्यम की टीम दूसरे स्थान पर रही। इसी तरह जूनियर वर्ग में आराध्या गोंड 6वीं की प्रथम और अराधना प्रजापति 8वीं की टीम प्रथम रही। अंत में जूनियर बालिका वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रियांशी प्रथव ओर सबिना खातून ने दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सभी विजेता और उपविजेता टीम को कॉलेज के प्रबंधक मनोज सारस्वत और प्रधानाचार्य शैलेंद्र दत्त शुक्ल ने संबोधित कर प्रोत्साहित किया।

# निजीकरण के विरोध में खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर के विरोध में अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को नगर में प्रदर्शन किया। गांधी चौक से डाक बंगले पर नारेबाजी करते पहुंचे, जहां से पैदल मार्च करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और वहां सभा की। 12 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि सरकार को मनरेगा बजट बढ़ाकर 2 लाख करोड़ करके साल में 100 दिन की गारंटी और मजदूरी को बढ़ाकर 600 प्रतिदिन करना चाहिए। सभा को जयप्रकाश यादव, जिला मंत्री रामनिवास यादव, बलविंदर मौर्य, संजय कुमार गोंड, सुनील गुप्ता, सोनू शर्मा, अनिल यादव आदि ने संबोधित किया।

# कंपोजिट दुकान से दो लाख नकद, बियर भी उठा ले गए चोर, शटर काटकर की थी चोरी

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**




मगहरा चौराहे पर अंग्रेजी शराब और बियर की दुकान है। उसके बगल में मिठाई की भी दुकान है। शनिवार रात करीब बजे के अज्ञात चोरों ने शराब की दुकान का शटर काटकर उसमें रखा 2 लाख से अधिक कैश तथा शराब की बोतले उठा ले गए। बगल में स्थित मिठाई की दुकान का काउंटर तोड़कर करीब चालीस हजार रुपए उठा ले गए।

शनिवार की रात एक बजे के करीब अज्ञात चोरों ने मगहरा चौराहा स्थित कंपोजिट बियर की दुकान का शटर काटकर दो लाख रुपये कैश और शराब उड़ा ले गए। उधर, बगल में मिठाई दुकान का कांउटर तोड़ उसमें रखा करीब चालीस हजार नगदी भी उड़ा ले गए। पुलिस ने रविवार सुबह मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल शुरू किया।

मगहरा चौराहे पर अंग्रेजी शराब और बियर की दुकान है। उसके बगल में मिठाई की भी दुकान है। शनिवार रात करीब बजे के अज्ञात चोरों ने शराब की दुकान का शटर काटकर उसमें रखा 2 लाख से अधिक कैश तथा शराब की बोतले उठा ले गए। बगल में स्थित मिठाई की दुकान का काउंटर तोड़कर करीब चालीस हजार रुपए उठा ले गए।

सूचना पर पीआरबी टीम और खुखुन्दू पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच की। सीसीटीवी फुटेज में चोरी की घटना कैद हो गई है। परन्तु चोरों का मुंह बंधे होने के कारण चेहरा साफ दिखाई नहीं दे रहा है। मुख्य चौराहे पर इस प्रकार की घटना से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि चौराहे पर पुलिस रात को गस्त करती है। फिर भी दो दो दुकानों में चोरी की घटना हो गई है। प्रभारी थानेदार सुरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गलियों-सड़कों पर बहने लगी गंगा, राहत शिविरों में पहुंचे साढ़े पांच हजार लोग

जन एक्सप्रेस । वाराणसी



गंगा और वरुणा नदियों में आई बाढ़ के कारण पानी घाटों को पार कर अब गलियों और सड़कों पर बह रहा है। शनिवार की रात 12 बजे गंगा का जलस्तर खतरे के निशान 71.26 मीटर को पार कर 71.31 मीटर पहुंच गया। रविवार की शाम चार बजे तक गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 47 सेमी ऊपर बह रहा था। पानी का क्षैतिज बहाव काफी तेज है और जलस्तर में दो सेमी प्रति घंटा की दर से वृद्धि जारी है। शहर के 24 मुहल्ले और 32 गांवों में बाढ़ का पानी घुस चुका है। तटवर्ती क्षेत्रों में लोगों के घरों में पानी घुस जाने से 1182 परिवार बेघर हो गए हैं और इन परिवारों के लगभग साढ़े पांच हजार लोग विस्थापित हो चुके हैं। इनमें से 2877 ने बाढ़ राहत शिविरों में तो 2484 ने अन्य ठिकानों पर शरण ली है। बाढ़ के चलते 328 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फसलें जलमग्न हो चुकी हैं और अब तक लगभग डेढ़ हजार किसानों की गाढ़ी कमाई डूब चुकी है। शहरी क्षेत्रों में घाटों को पार कर पानी सड़कों पर आ गया। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार के समीप तक जल पहुंच गया है। बढ़ाव इसी तरह जारी रहा तो रात तक गंगा मैया गंगा द्वार मे बाबा विश्वनाथ दरबार में प्रवेश कर जाएंगी। मणिकर्णिका घाट की गली में नावें चल रही हैं। पानी सतुआ बाबा आश्रम तक आ पहुंचा है तो उधर दशाश्वमेध पर चितरंजन पार्क की ओर पानी चढ़ने को है। गंगा सेवा निधि कार्यालय की तरफ से पानी सड़क पर आ पहुंचा है। शीतला घाट की ओर से भी पानी सड़क पर आ चुका है। असि घाट पर गंगा का पानी जगन्नाथ मंदिर गली तक पहुंच गया है तो संत रविदास पार्क के दोनों तरफ बनी गंगोत्री विहार और नगवा की कालोनियों तक पानी पहुंच गया है। वहां लगभग 50 घर बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं जिनमें रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। नगवा नाला से पानी घुसकर रामेश्वर मठ के पीछे से भागवत विद्यालय तक पानी भर गया है। उसी नाले से साकेत नगर कालोनी में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। सामने घाट तिराहे से बाढ़ का पानी बालाजी नगर की तरफ बढ़ रहा है। यहां महामृत्युंजय मंदिर के ऊपर तक पानी चढ़ गया है। सामने घाट में बना पक्का घाट और जजेज गेस्ट हाउस पानी की चपेट में आ गए हैं। सनबीम एकेडमी परिसर, ज्ञान प्रवाह, परमहंस आश्रम, कबीर मठ, अपना घर आश्रम से लेकर विश्व सुंदरी पुल तक गंगा का पानी सड़क तक लहरा रहा है।

### कोनिया घाट से सारनाथ को जोड़ने वाले पुल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त, आवागमन ठप

उधर वरुणा के तटवर्ती क्षेत्र में कोनिया घाट से सारनाथ को जोड़ने वाले पुल का शुरुआती हिस्सा बाढ़ के पानी से क्षतिग्रस्त होकर बह गया है। इससे उस पर आवागमन ठप हो गया है। यह पुल सारनाथ, सलारपुर, चिरईगांव पंचकोशी खालिसपुर की ओर से शहर में प्रवेश करने वाले लोगों के लिए प्रमुख मार्ग है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो की बिजली कटी

बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रभावित क्षेत्र की बिजली काट दी है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए प्रशासन, जल पुलिस, एनडीआरएफ व पुलिस टीम लगातार चक्रमण कर रही है। कुल 46 राहत शिविर चिह्नित किए गए हैं, इनमें से 20 सक्रिय हो गए हैं, जहां बाढ़ पीड़ितों ने शरण ले रखी है। राहत शिविरों में रह रहे लोगों को भोजन व दूध का पैकेट, फल, ओआरएस के घोल, क्लोरीन टैबलेट, बाढ़ राहत किट, आवश्यक दवाएं आदि वितरित की जा रही हैं। प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए 1765 क्विंटल भूसा भी वितरित किया गया है। राहत कार्यों के लिए जिला प्रशासन की तरफ से 42 नावें तथा एनडीआरएफ की आठ मोटर बोट्स लगी हुई हैं।

# मार्ग पर अब भी रोडवेज बसों का कब्ज़ा, आदेशों की उड़ रही धज्जियां




जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय पर प्रशासनिक निर्देशों और नगरपालिका अध्यक्ष की सख्ती के बावजूद झारखंडी मंदिर मार्ग तथा बस स्टेशन रोड पर रोडवेज बसों का अतिक्रमण अब भी जस का तस बना हुआ है। जबकि प्रभारी बस स्टेशन अधीक्षक द्वारा दावा किया गया था कि सभी बसें अब बड़ा परेड के पास खड़ी होंगी और क्रमवार तरीके से ही बस स्टेशन पर आएंगी। लेकिन तस्वीरें कुछ और ही हकीकत बयां कर रही हैं। जानकारी के अनुसार मंदिर के ठीक सामने और मोहल्ले जाने वाली संकरी सड़क पर कई रोडवेज बसें अब भी खड़ी देखी जा सकती हैं। यह दृश्य साफ दर्शाता है कि जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की ओर से दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। यह वही मार्ग है जहां झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग के चलते पहले से ही जाम की स्थिति बनी रहती है और अब इन खड़ी बसों से स्थिति और भी भयावह हो जाती है। स्कूल जाने वाले बच्चों, राहगीरों, एंबुलेंस और अन्य वाहनों को यहां से निकलना मुश्किल हो रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेंद्र प्रताप सिंह %धीरू% द्वारा जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई की मांग की गई थी। बस चालकों को सख्त निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक इस पर नियमित निगरानी नहीं रखी जाएगी,तब तक यह समस्या यूं ही बनी रहेगी। अब देखना होगा कि प्रशासन इन आदेशों की अनदेखी पर क्या ठोस कार्रवाई करता है।

# सीएमओ ने मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर में रविवार को जिले के इकतीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बलरामपुर में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 1920 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया , जिसमें 865 पुरुष , 688 महिलाएं तथा 367 बच्चे शामिल हैं । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में इलाज कर रहे चिकित्सकों एवम पैरा मेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को न तो बाहर की दवा और न ही बाहर की जांच लिखा जाय , यह सुनिश्चित किया जाए कि जन आरोग्य मेले में इलाज हेतु आए मरीजों को समस्त आवश्यक औषधियां व जांचे पीएचसी पर ही उपलब्ध हो। मौके पर डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलरामपुर के स्टाफ मौजूद रहे।

# भद्रा एवं ग्रहण रहित नौ अगस्त शनिवार को मनेगा रक्षाबंधन पर्व

■ सभी पापों से मुक्त करता है श्रावणी उपाकर्म: स्वामी पूर्णानन्द पुरी जी महाराज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



भारतीय शास्त्रों में श्रावणी पर्व रक्षाबंधन को विशेष महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है,जिसमें भगवान शिव की पूजा,ज्ञान की साधना,वेदों के अध्ययन की शुरुआत और गुरु-शिष्य परंपरा का सम्मान शामिल है। यह पर्व न केवल आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण है,बल्कि यह रक्षाबंधन जैसे सामाजिक अनुष्ठानों से भी जुड़ा है,जो भाई-बहन के स्नेह और सुरक्षा के बंधन को दर्शाता है, उक्त बातें वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी पूर्णानन्द पुरी जी महाराज ने कहीं।

स्वामी जी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि प्राचीन काल में श्रावणी पर्व से ही गुरुकुलों में शिक्षण सत्र प्रारम्भ होता था और छात्र वेदों का अध्ययन प्रारम्भ करते थे।वेदों के ज्ञान को जीवन में आत्मसात करके सद्ज्ञान,बुद्धि और विवेक द्वारा ऋषियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है,जिन्होंने हमें यह अमूल्य ज्ञान प्रदान कर राष्ट्र को सुदृढ़ करने का मार्ग प्रसस्त किया,गुरुओं को रक्षा सूत्र बांधकर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की जाती है,जो ज्ञान के आदान-प्रदान और शिष्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वेदपाठी ब्राह्मण वर्षभर में हुए पाप-कर्मों का प्रायश्चित्त कर जीवन को सकारात्मक दिशा देने के लिए श्रावणी उपाकर्म विधान करते है। भाई-बहन के स्नेह,सुरक्षा और विश्वास का भी पर्व है,जिसमें बहनें भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर उनकी दीर्घायु, सुख और समृद्धि की कामना करती हैं।भाई भी अपनी बहनों को जीवनभर उनकी रक्षा का वचन देते हैं।

स्वामी जी ने रक्षाबंधन के विषय में बताते हुए कहा कि इस वर्ष श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त शुक्रवार को दोपहर 02 बजकर 12 मिनट से शुरू होगी। तिथि का समापन 09 अगस्त शनिवार को दोपहर 01 बजकर 24 मिनट पर है। उदया तिथि के अनुसार 09 अगस्त 2025 शनिवार को भद्रा रहित रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा।रक्षाबंधन के दिन कई शुभ योग एक साथ बन रहे हैं,जो इसे अत्यंत दुर्लभ और शुभ बना रहे हैं। रक्षाबंधन 2025 पर आयुष्मान योग, सर्वार्थसिद्धि योग,सिद्धि योग और सौभाग्य योग का अद्भुत संयोग बन रहा है। साथ ही शनैश्चरी पूर्णिमा, मकर राशि का चंद्रमा, श्रवण एवं धनिष्ठा नक्षत्र और प्रीति योग भी इस दिन को विशेष बना रहे हैं। ऐसा दिव्य संयोग अंतिम बार 97 वर्ष पूर्व 1928 में बना था।यह योग कृषि, पारिवारिक समृद्धि और सामाजिक सौहार्द के लिए अत्यंत फलदायी माना जा रहा है।इसके अतिरिक्त इस वर्ष रक्षाबंधन पर्व पर 297 वर्ष बाद दुर्लभ ग्रहों की स्थिति विशेष रहेगी। सूर्य कर्क राशि में,चंद्रमा मकर में,मंगल कन्या में,बुध कर्क में,गुरु और शुक्र मिथुन में,राहु कुंभ में और केतु सिंह राशि में रहेगा। ऐसा संयोग 1728 में बना था।उस समय भी भद्रा पृथ्वी पर नहीं थी और ग्रहों की स्थिति ऐसी ही थी। इस बार भी भद्रा रहित वैसा ही योग बन रहा है।यह समय शुभ कार्यों के लिए उत्तम रहेगा।

इस बार रक्षाबंधन पर किसी भी प्रकार की भद्रा या ग्रहण का साया नहीं रहेगा। भद्रा काल रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व यानी 8 अगस्त की रात में ही समाप्त हो जाएगा। इसके चलते 9 अगस्त को पूरे दिन राखी बांधने का शुभ समय उपलब्ध रहेगा। इस कारण बहनें बिना किसी समय की चिंता के दिनभर अपने भाइयों को राखी बांध सकेंगी।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित विशाल व्यापारी सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

जन एक्सप्रेस । हाथरस




आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित विशाल व्यापारी सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय रामोजी रिसॉर्ट में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ,जिसके मुख्य अतिथि माननीय श्री लोकेश अग्रवाल जी ने रहे. श्री लोकेश अग्रवाल जी ने कहा की किया कि कोंम बिरादरी कोई भी हो पहले हम व्यापारी है,उन्होंने व्यापारियों के प्रशिक्षिन करने की आवश्यकता व योजना बताई और उसकी जरूरत भी समझायी, साथ ही वर्तमान सरकार द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न व शोषण पर चिंता व्यक्त की. माननीय लोकेश जी ने कहा इतने बड़े पैमाने पर जीएसटी कलेक्शन के बावजूद भी सरकार व्यापारियों का उत्पीड़न कर रही है, उनको शक की निगाह से दिखती है, आए दिन नित्य नए टैक्स लगाए जा रहे हैं,जबकि सरकार ने वादा किया था एक देश -एक टेक्स- एक कानून,फूड बिभाग की हठ धार्मिता आज चरम पर है, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री श्री राधेश्याम अग्रवाल ने की. कार्यक्रम में नगर के प्रमुख 20 उद्योगपतियों व समाजसेवीयो को सम्मान व्यापारी रत्न की उपाधि किया गया जिसके अंतर्गत श्री सुरेश अग्रवाल जी बर्तन वाले,श्री सुनील बर्मन, श्री मुकेश बंसल, श्री सुभाष गर्ग साड़ी वाले,श्री कृष्ण अरोड़ा काके बाबू, श्री दीपक अग्रवाल,डॉ सुनील अग्रवाल, श्री सचित गर्ग,श्री सचिन गोयल हींग वाले,श्री नितिन कुमार नमकीन वाले, श्री लाल बाबू,श्री शुभम मित्तल, श्री अमित आग्रवाल, डा विकाश शर्मा जी का सामाजिक,उद्योग जगत के क्षेत्र में कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया. इसके बाद ज़िला, नगर व युवा की टीम ने पद ओर गोपनीयता की शपथ लि, कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में प्रांतीय उपाध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, प्रदीप गंगा अलीगढ,श्री परमेश शर्मा फिरोजाबाद, राजीव वार्ष्णेय नगर पालिका चैयरमेन ह्यड्डह्यठ्ठद्ब, श्री कपिल अग्रवाल जी प्रदेश मंत्री, देवेंद्र मोहता,प्रदेश संघठन मंत्री, श्री नन्नूमल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष उद्योग मंच,नवीन गुप्ता युवा जिला अध्यक्ष, नगर युवा अध्यक्ष आकाश गोयल, नगर अध्यक्ष मनोज बुटिया, डा विकास शर्मा आदि ने संबोधित किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में जिले की टीम ने शपथ ली, उद्योग मंच से जिला महामंत्री अनूप अग्रवाल जी के नेतृत्व में उद्योग मंच की टीम कों शपथ दिलवाई. कार्यक्रम का सफल और बेहतरीन संचालन जिला चैयरमेन कपिल अग्रवाल जी ने किया.

इस अवसर पर श्री शिव शंकर जी साइकिल वाले,बंसी पंडित, गौरांग अग्रवाल,यश राठी, मनोज वर्मा, नरेंद्र बंसल,नितिन सपड़िया, दीपेश अग्रवाल सिकतरा वाले, अरविंद वार्ष्णेय फ्लोर मिल वाले,नितिन वार्ष्णेय जिला महामंत्री, सहित अनेक व्यापारी ने अपने अपने विचार रखे. कार्यक्रम में सादाबाद, सासनी, सिकंद्राराऊ हसायन, जलेसर रोड, सहपऊ, मेडू आदि कसबो के व्यापारियों ने भाग लिया और सभी ने माननीय लोकेश आग्रवाल जी का नागरिक अभिनंदन भी किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से हर्ष मित्तल, सुनील बंसल, राकेश बंसल, डॉ विकास शर्मा, नरेंद्र बंसल,प्रबल प्रताप सिंह, कप्तान सिंह ठेनुआ, सौरभ अग्रवाल, राहुल शर्मा, गिरीश मोहन गुप्ता, प्रवीन वार्ष्णेय, दायुदयाल वार्ष्णेय, महेश वर्मा, सुमित अग्रवाल, सूरज वार्ष्णेय, गजेंद्र वर्मा, नरेन्द्र सिंह यादव, आदि उपस्थित रहे।

### नवंबर में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय कार्यक्रमों की तैयारी बैठक

जन एक्सप्रेस/बलरामपुर। जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर पर रविवार को आगामी नवंबर माह मैं आयोजित होने वाले पांच दिवसीय कार्यक्रमों पांच दिवसीय कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 3 अगस्त को गायत्री शक्तिपीठ बलरामपुर में आगामी 25 से 30 नवम्बर को आयोजित होने वाले सजल श्रद्धा-प्रखर प्रज्ञा महाकाल मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों के लिए जनपद स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया । प्राण प्रतिष्ठा अनावरण अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख, देव संस्कृति विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या के कर कमलों द्वारा संपन्न होना सुनिश्चित हुआ है । गोष्ठी को अयोध्या जोन के प्रभारी देशबंधु तिवारी ने संबोधित किया । महिला मंडल की रानी मिश्रा और कल्पना शुक्ला द्वारा आओ गुरु को करें हम नमन वंदना गीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

# ज्वैलरी की दुकान से नगदी समेत 55 लाख की चोरी

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बरियावन बाजार में स्थित हीरालाल कन्हैयालाल की ज्वैलरी की दुकान से चोरों ने नकदी समेत करीब 55 लाख की चोरी की घटना को अंजाम देकर प्रशासन को चुनौती दी है। घटना सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस पीड़ित से जानकारी लेकर घटना के खुलासे में तेजी से जुट गई है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानगढ़ के रहने वाले सौरभ बरियावन बाजार में हीरालाल कन्हैयालाल के नाम से ज्वैलरी की दुकान चलाते हैं। प्रतिदिन की भांति शनिवार को वह दुकान बंद कर सुल्तानगढ़ अपने घर चले गए। सुबह करीब नौ बजे दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो शटर के पास ही चाबी पड़ी देख उनके होश उड़ गए। शटर उठाकर अंदर पहुंचे तो देखा अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। लकार में रखा 400 ग्राम सोना, 3 किलो चांदी, 9 लाख 80 हजार रुपए नगद गायब था। चोर जाते समय दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा का पूरा सेट चिप समेत अपने साथ उठा ले गए।

करीब 55 लाख रुपए की चोरी की घटना सामने आने के बाद बाजार में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही लोग मौके पर जमा हो गए। वही पीड़ित परिवार सदमे में है। चौंकाने वाली बात यह है कि चोरों ने उसी चाबी से दुकान व लाकर खोला है जिस चाबी से दुकानदार प्रतिदिन दुकान खोलता था। दुकानदार सौरभ के अनुसार वह शनिवार को करीब 7 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। लेकिन बाइक की डिग्गी से चाबी किसने निकाला या वह कहीं भूल कर रख दिया यह बता पाने में वह असमर्थ है।

घर जाते समय वह बरियावन में रास्ते में एक जगह कुछ खाया था। चाबी चोरों के पास कैसे पहुंची यह रहस्य बना है। सूचना पर अकबरपुर, सम्मनपुर, व बसखारी की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। एस ओ जी व फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने भी पहुंचकर साक्ष्य संकलित किया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव, व सीओ सिटी नीतीश तिवारी ने भी मौके पर पहुंच कर पीडित से घटना की जानकारी ली। उच्चाधिकारियों ने जल्द से जल्द पुलिस टीम को घटना के राजफास का निर्देश दिया है।

# जनपद में धड़ल्ले से चल रहा है अवैध गैस रिफिलिंग का काला साम्राज्य

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर




बिना लाइसेंस रसोई गैस को जमा करना और बेचना गैर कानूनी काम है। बावजूद ये गैर कानूनी काम जनपद में बेरोकटोक और धड़ल्ले से चल रहा है। एक तरफ जहां केंद्र सरकार जरूरतमंदों को रसोई गैस उपलब्ध कराने के लिए उज्जवला जैसी योजना चलाकर जरूरतमंद महिलाओं को रसोई के लिए गैस देने का कार्य कर रही है लेकिन इसकी आड़ में गैस एजेंसियों से दुकानदार सीधा संपर्क बनाकर गैस रिफिलिंग जैसी काला बाजारी का खेल खेल रहे है और सरकार को चुनौती दे रहे है साथ ही सरकार को बदनाम भी करते रहते है। बता दें अकबरपुर बसखारी मार्ग पर बरियावन बाजार में बैंक आफ बड़ौदा के बगल हिमांशु गैस चूल्हा सर्विस के नाम से बरसो से एक दुकान चल रहा है, जो गैस एजेंसियों से सीधा संपर्क बनाकर इंडेन भारत और एचपी गैस रिफिलिंग का कार्य अपने निजी वाहन जिस पर भारत गैस लिखवाकर धड़ल्ले से कर रहा है। और खास बात यह है कि इस दुकान में आपको भारत गैस, एचपी गैस इंडेन गैस जिस एजेंसी के गैस की जरूरत हो ऊंचे दामों पर जितनी संख्या में आपको सिलेंडर की जरूरत हो आप के घर पर पर तुरंत मिल जाएगा। यही नहीं उक्त दुकान के बगल दुकानदार द्वारा बकायदा एक स्टोर रूम भी बनाया गया है जहां पर अलग अलग एजेंसियां के मालिकों द्वारा आए दिन दर्जनों की संख्या में अपने एजेन्सी के वाहनों द्वारा गैस सिलेंडर भेजवाकर उतरवाया जाता है

# अनदेखे आंकड़े और तनावपूर्ण जीवनशैली: युवाओं में दिल के दौरे की चिंताजनक बढ़ोतरी

जन एक्सप्रेस । इटावा

सेमिनार आयोमित किया गया जिसका विषय था - अनदेखे आंकड़े और तनावपूर्ण जीवनशैली- युवाओं में दिल के दौरे की बढती घटनाएं। इसमें कई चिकित्सा विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया और भारत के युवाओं में बढ़ती दिल की बीमाररयों पर चर्च की। इस कार्यक्रम में मुख्य भाषण डॉ. अभीनीत गुप्ता (एसोसिएट डायरेक्टर, कार्डियक साइंसेज, रीजेंसी हेल्थ, कानपुर) ने दिया।

डॉ. गुप्ता, जो एम्स (दिल्ली) से कार्डियोलोजी में डीएम हैं और एससीएआई (सोसाइटी फॉर कार्डियोवस्कुलर एंजियोग्राफी एंड इंटरवेंशन) में फेलोशिप की हैं, उन्होंने बताया की अब बहुत से युवाओ को बिना पूर्व लक्षण के दिल का दौरा पड़ रहा है, जो कि गंभीर चिंता का विषय है।



### बढ़ती चिंता: क्यों खतरे में हैं आज के युवा?

डॉ. गुप्ता ने कहा अब हृदय रोग सिर्फ बुजुर्गों तक सीमित नही रह गए हैं। अब 25 से 40 की उम्र के युवाओ में भी दिल के दौरे हो रहे हैं। उन्होंने खामोश तीकड़ी (साइलेंट ट्राइड) की बात की, जो अक्सर ध्यान नही दी जाती- अनियंत्रित ब्लड प्रेशर, हानिकारक कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) एवं अनजाना या ठीक से नियंत्रित न किया गया मधुमेह (डायबिटीज) इनके साथ-साथ तनाव और ख़राब जीवन शैली मिलकर युवाओ में हार्ट अटैक का कारण बन रहे हैं। डॉ. गुप्ता ने कहा की 25 से 30 साल की उम्र तक हर व्यक्ति को अपना ब्लड प्रेशर, शुगर और क कॉलेस्ट्रॉल ज़रूर चेक करवाना चाहिए। लक्षण का इंतजार करना खतरनाक हो सकता है। रोकथाम ही सबसे बड़ा इलाज है।

### आधुनिक जीवनशैली: एक छुपा हुआ खतरा

डॉ. गुप्ता ने जीवन शैली में बदलाव को जरूरी बताया और ये कारण बताए- नौकरी और काम का अत्यधिक तनाव, नीदों की कमी और मोबाइल/डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ज़्यादा समय बिताना , व्यायाम की कमी तला-भुना, जंक और प्रोसेस्ड फूड का ज्यादा सेवन धूम्रपान और शराब का सेवन

### मुख्य आंकड़े और चौंकाने वाली जानकारी

डायबिटीज और हाई बीपी एक साथ- 60 प्रतिशत नए डायबिटीज मरीजों में हाई ब्लड प्रेशर भी मिला। कम उम्र में हार्ट अटैक- भारत में 50 प्रतिशत पुरुषों को 50 साल से पहले और 25 प्रतिशत को 40 साल से पहले दिल का दौरा पड़ता है—यह अन्य देशों के मुकाबले 10 से 33 प्रतिशत पहले है। नजरअंदाज लक्षण सीने में भारीपन, थकावट, सांस फूलना और अपच जैसे समस्याओ को युवा अक्सर अनदेखा कर देते हैं। बीमारी की जानकारी नहीं- 40 साल से कम उम्र के 25 प्रतिशत मरीजो को दिल की बीमारी के बारे में कोई जानकारी नही थी।

### खतरनाक स्थिति से निपटने के लिए डॉ. गुप्ता ने कुछ ज़रूरी सुझाव दिए

- अपने नंबर जानिए- ब्लड प्रेशर, फास्टिंग ब्लड शुगर /एचबीए1सी, और लिपिड प्रोफ़ाइल चेक कराए।
- अच्छी आदतें अपनाए - रोज़ व्यायाम करें, पर्याप्त नींद ले, नमक कम खाए , फल सब्जियां ज़्यादा खाए।
- तनाव से बचे - योग, ध्यान, या मन पसंद शौक अपनाए।
- धूम्रपान और शराब से बचे
- 25 साल की उम्र से हर साल हेल्थ चेकअप कराए— लक्षणों का इतज़ार मत करें

अंत में डॉ गुप्ता ने कहा की युवाओ में भी हृदय रोगो की सम्भावना हो सकती है अत: ईलाज से बेहतर है समय पर बचाव। पहला लक्षण आने तक इंतजार करना बड़ी गलती हो सकती है। भारत में हृदय रोगो से संबंधित चुपचाप फैलती महामारी देखी जा रही है अर्थात युवाओ में बढ़ते दिल के दौरे । इसका मुख्य कारण है—स्वास्थय से संबंधित अनदेखे नंबर और खराब जीवन शैली। अब वक्त है जागने का। अगर आज हम संचेत हो जाए , नियमित रूप से जांच कराये और स्वस्थ जीवन शैली अपनाए —तो हज़ारो जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



कांग्रेस द्वारा बौद्धिक सम्मेलन एवं सदस्यता समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शिरकत की। आपको बता दे की उन्नाव बार एसोसिएशन के आठ बार से अध्यक्ष रहे सतीश शुक्ला ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ली। मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा की हम सिस्टम देख रहे हैं, किस तरीके से भाजपा सरकार ने सारी संवैधानिक संस्थाओं को हाईजैक किया हुआ है, सिस्टम को अपने दबाव में लिया हुआ है। वहीं चुनाव आयोग जो चुनाव आयोग के चुनाव आयुक्त टीएन सेशन हुआ करते थे, उस समय चुनाव आयोग का जलवा हुआ करता था, आज चुनाव आयोग पर उंगली उठ रही है, चुनाव आयोग पर टिप्पणियां हो रही हैं, हमारे नेता राहुल गांधी मोर्चे के साथ खड़े हैं। आज जो आयोग सरकार के दबाव में काम कर रहा है हम पूरी ताकत के साथ अपने नेता के साथ हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पंचायत चुनाव पर बोलते हुए कहा कि 2027 से पहले पंचायत चुनाव की पूरी तैयारी है, अभी हमारा संगठन सृजन चल रहा है हम पूरे मंडल, ब्लॉक से लेकर बूथ तक काम कर रहे हैं। पंचायत का चुनाव हम पूरी ताकत के साथ लड़ने जा रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर कटाक्ष किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा की जिस तरह मोदी जी ने ट्रंप के सामने सरेंडर किया है, वह पूरी तरीके से डरे हुए हैं, उनका बड़बोला पान कहूं राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा उसका फायदा उठाया जा रहा है। मोदी जी सीधे सीधे ट्रंप के आगे नतमस्तक हो गए, अब उससे शर्म की बात देश के लिए कोई नहीं होगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाते हुए कहा की सरकार का एक ही काम मुकदमा लिखना है, जेल भेजना मेरे ऊपर कितने मुकदमे लिखेगा 24 25 मुकदमे हैं चल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया की यह सरकार पूरी तरह से शिक्षा को समाप्त करना चाहती है। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इंडिया पाकिस्तान के मैच को लेकर भी टिप्पणी की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा की इंडिया-पाकिस्तान के बीच मैच बिल्कुल नहीं होना चाहिए जब आपने अपनी बंद कर दिया व्यापार बंद कर दिया क्रिकेट क्यों होगा भाई क्रिकेट स्थिति होगा कि अमित शाह का बेटा जय शाह उसमें है, तो पैसे कमाने के लिए माध्यम है, मोदी जी ने कहा मेरे ब्ल्ड में व्यापार है, निश्चित तौर से मैच रद्द होना चाहिए। जो आज आतंकवादी गतिविधियां पाकिस्तान हमारे खिलाफ कर रहा है उसमें पाकिस्तान से कोई रिश्ता नहीं रखना चाहिए।

# कथावाचकों को भ्रम फैलाने से बचना चाहिए : महंत एकनाथ महाराज

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



वृंदावन के एक कथावाचक अनिरुद्ध आचार्य द्वारा स्त्रियों पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर ओजस्वी फाउंडेशन के अध्यक्ष राजर्षि महंत एकनाथ महाराज ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि धर्म और कथा का उद्देश्य समाज में सद्भाव और ज्ञान फैलाना होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत जीवन में हस्तक्षेप या अपमान। एकनाथ महाराज ने बनकटी के आनंद त्रिपाठी के यहां आयोजित कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए कहा- ÷आजकल कई कथावाचक धर्म का असली उद्देश्य भूल चुके हैं। वे कथा मंच से लोगों के व्यक्तिगत जीवन में हस्तक्षेप कर रहे हैं, यह न केवल अनैतिक है बल्कि मानवीय अधिकारों का भी हनन है। भगवत गीता का उद्देश्य समाज को जागरूक करना था, न कि किसी स्त्री के आचरण पर टिप्पणी करना। उन्होंने कहा कि आज का कथाकार स्वयं को भगवान समझने लगा है, जबकि भगवत गीता भी अर्जुन को प्रेरित करने का माध्यम मात्र थी। ÷कृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया, यह केवल युद्ध जीतने के लिए नहीं, बल्कि कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने के लिए था। आज के कथाकार गीता की आत्मा को भुलाकर केवल बाहरी दिखावा कर रहे हैं। विवादित बयानों पर कटाक्ष करते हुए कहा एकनाथ महाराज ने कहा कि कोई कहता है विभूति लगाने से कैंसर ठीक होता है,कोई कहता पर्ची हनुमान जी निकालते है.. कोई नीबू मिर्ची टांगने से लक्ष्मी आएगी.... कोई कहता हनुमान जी मेरे अंदर प्रगट होते है... यह सब अज्ञान फैलाना है, न कि धर्म प्रचार। अगर कथावाचक जनता को भ्रमित करेंगे तो समाज कैसे जागरूक होगा? कहा कि जब अमेरिका, जापान, रूस तकनीक और विज्ञान में आगे बढ़ रहे हैं, तब हम आज भी मिर्च-नींबू में उलझे हैं। सनातन धर्म एक विज्ञान है, इसे समझने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनाने की जरूरत है। एकनाथ महाराज ने कहा कि कथावाचकों को आत्मचिंतन करना चाहिए। कथा मंच से आस्था जगाई जाए, न कि किसी समुदाय या वर्ग को नीचा दिखाया जाए। धर्म का मर्म तभी जीवित रहेगा जब उसका प्रचार सत्य और करुणा के साथ किया जाए। भगवान के नाम पर भ्रम फैलाना धर्म नहीं, पाप है। धर्म समाज को जोड़ने का माध्यम है, तोड़ने का नहीं।

# करंट से दो दुकानदारों की मौत, मचा हड़कम्प

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

रामनगर कोतवाली क्षेत्र स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल श्री लोधेष्वर महादेव मंदिर मेला परिसर के बाहर शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। पुलिस चौकी के पास बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आकर दो दुकानदारों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई श्रद्धालु झुलस गए। हादसे के बाद मेला क्षेत्र में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर दर्शन के लिए भारी भीड़ गुजर रही थी। पुलिस चौकी के पास लगी लाई और अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों के पास अचानक एक खंभे में करंट दौड़ने लगा। करंट की चपेट में आने से गोबरहा गांव निवासी संजय (36) और गुलरिहा (त्रिलोकपुर) निवासी हौसला प्रसाद (30) की मौके पर ही मौत हो गई। कई लोग झुलस गए जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही तहसीलदार, ज्वाइन मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल और पुलिस बल मौके पर पहुंचे।

# ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

रविवार को भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मूर्तजीपुर मोड़ पर टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। क्योंकि मूर्तजीपुर मार्ग पिछले कई सालों से पूरी तरह जर्जर हालत में गड्ढों में तब्दील हो गया है। जिससे काफी परेशान होकर ग्रामीणों ने यह कदम उठाया है। विकासखंड सिद्धौर ब्लाक की ग्राम पंचायत मुर्तजीपुर का संपर्क मार्ग पिछले दो वर्षों से पूरी तरह से जर्जर है। जर्जर मार्ग के निर्माण के लिए ग्रामीणों के साथ मिलकर भारतीय किसान यूनियन गुट के जिलाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य राम बरन वर्मा द्वारा अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग से की मांग की थी।

# विश्व हिन्दू महासंघ का हुआ गठन, तपसी धाम के महाराज ने दिलायी शपथ

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

रविवार को विश्व हिन्दू महासंघ का पुर्नगठन और शपथ ग्रहण समारोह स्टेशन रोड स्थित एक मैरेज हाल के सभागार में सम्पन्न हुआ। तपसीधाम के महाराज जयबख्श दास ने महासंघ पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। अखिलेश सिंह जिलाध्यक्ष, जय प्रकाश जयसवाल, अर्पण श्रीवास्तव उर्फ चंदन, विपिन सिंह, विवेक श्रीवास्तव, महेश हिन्दुस्तानी महामंत्री, अमरजीत सिंह, श्याममणि त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र प्रताप सिंह जिला प्रवक्ता, राकेश सिंह जिला संगठन मंत्री, शिवम पाण्डेय जिला सचिव, बालकृष्ण सिंह, जमुना प्रसाद, विष्णु प्रसाद सिंह, डा. परशुराम साहनी, दिनेश सिंह, आशीष, मुन्नू सिंह, सौरभ चर्तुवेदी, चन्द्रमणि पाठक, चन्द्रेश पाठक, प्रदीप सिंह, सुरेश राजभर, महेन्द्र सिंह, सुनील मिश्र, राजेश विधायक, दीपक सोनी, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, विकास सिंह, जगत मोहन सिंह, परमानन्द गुप्ता, अमरदीप पाण्डेय उपाध्यक्ष, सचिन त्रिपाठी, भोला जायसवाल, अरविन्द सिंह, विकास वर्मा, अरविन्द, विजय गुप्ता, अभिषेक अग्रहरि, दीपक गुप्ता, महेन्द्र पाठक, राहुल कमलापुरी, राजन सिंह, अजात सिंह, मनोज मिश्र, विनय तिवारी, नीरज जायसवाल, राजन गुप्ता, संदीप कमलापुरी, अरूण कुमार सिंह, डा. हरिश्चन्द्र शास्त्री, अजय सिंह, प्रशान्त श्रीवास्तव, विश्वम्भरनाथ तिवारी, महेश कसौधन, गुलाब सोनकर, अनीस गिरी, वेद प्रकाश त्रिपाठी, विजय श्रीवास्तव ने मंत्री पद पर शपथ लिया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के 51 सदस्यों ने शपथ लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चित्र पर वैदिक मंत्रों के बीच दुग्ध स्नान कराने के साथ ही आरती की गई।

तपसीधाम के महाराज ने शपथ दिलाते हुये कहा कि सनातन परम्परा के विस्तार और हिन्दुत्व की रक्षा के लिये पदाधिकारी पूरी ताकत से जुट जांय और गरीबों, निर्बलों की सेवा के साथ ही अन्याय का मुखर विरोध करें। विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने शपथ लेने के बाद कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उसका पूरी निष्ठा से सभी पदाधिकारी पालन करेंगे। संचालन संजय द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष महेश सिंह और दक्षिण दरवाजा के चौकी इन्चार्ज ओ.पी. सिंह को योगदान के लिये महासंघ की ओर से अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

विश्व हिन्दू महासंघ के पुर्नगठन और शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से महासंघ युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी, मातृ शक्ति जिलाध्यक्ष पूनम सिंह, डा. कमलेश शाही, रेखा श्रीवास्तव, अतुल सिंह, सूरज प्रसाद शुक्ल, सतीश चन्द्र मिश्र, प्रदीप सोनी, राजा सिंह, सौरभ दूबे, शिव कुमार चौधरी, सुक्खीराम चौरसिया, विश्वजीत गोस्वामी, मनीष पाण्डेय, अमित चौधरी, आनन्द उपाध्याय, राम नयन चौधरी, बलवन्त सिंह, ई. विजय कुमार सिंह, विजय गुप्ता, राजेश पाण्डेय, पंकज चौधरी, जवाहर लाल चौधरी, रितेश मिश्रा, सुभाष चन्द्र आजाद, श्रवण कुमार पाण्डेय, श्याम राजभर, विनोद सिंह, विजय श्रीवास्तव, अमितराम कन्नौजिया, घनश्याम तिवारी, राकेश पाण्डेय, मार्कण्डेय पाण्डेय, शिव सहाय कसौधन, अरूण अग्रहरि, राकेश दूबे, शनिदेव मणि तिवारी, अभिषेक सिंह, अजय मिश्रा, प्रवीण आहूजा, विनय कुमार त्रिपाठी, अभय सिंह, प्रिन्स, रवि चौधरी, संदीप मिश्र, अमित चौधरी, भोलू सिंह, राकेश चन्द्र त्रिपाठी, ओ.एन. पाण्डेय, ओम प्रकाश गुप्ता, चन्नूराय, अमित यादव, रितेश सिंह, अभिषेक सिंह, अमित श्रीवास्तव, दुर्गेश कुमार, राज श्रीवास्तव, अर्जुन चौधरी के साथ ही हजारों की संख्या में पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और अनेक संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे। बरसात के बावजूद लोग बड़ी संख्या में जमे रहे।

# खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की छापेमारी से हड़कम्प

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

- दो मेडिकल स्टोर से लिया गया 6 नमूने, रिपोर्ट आने के बाद दर्ज होगा मुकदमा
- दुकान से नियमित व्यापार बीजक जारी नहीं किया जा रहा है

प्रदेश के आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने शहर के दो प्रतिष्ठित मेडिकल स्टोर पर शनिवार को छापेमारी की। इनमें दोनों दुकानों से छह दवाओं का सैंपल लेकर राजकीय प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया गया है । रिपोर्ट आते ही संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान दवाओं की खरीद फरोख्त का सही बिल वाउचर नहीं मिला। दवाओं के रखरखाव में काफी गंदगी पाई गई । इसे घोर लापरवाही मानते हुए सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। शहर के नईगंज रोड स्थित वी एस फार्मास्युटिकल एंड सर्जिकल एजेंसी पर परीक्षण और विश्लेषण के लिए तीन औषधियों के नमूने एकत्र किए गए। जिनमें एंटीबायोटिक टैबलेट, गैस्ट्रो प्रतिरोध और एनएसएआईडी दर्द निवारक शामिल है। यहां जांच के दौरान सबसे बड़ी खामी यह मिली कि फर्म द्वारा कालातीत औषधियों को नियमानुसर नहीं रखा जा रहा था। दुकान पर साफ सफाई की व्यवस्था बेहद ही खराब पाई गई। बिल्कुल ऐसी ही खामी शहर के नईगंज रोड स्थित दुर्गा हॉस्पिटल में संचालित मेडिकल तेजस विराट फार्मेसी में भारी मात्रा में एलोपैथिक औषधियाँ स्टॉक में पाई गईं। परीक्षण और विश्लेषण के लिए तीन औषधियों के नमूने एकत्र किए गए। जिनमें एनएसए आईडी टैबलेट, लोपेरामाइड कैप्सूल और एमोक्सिसिलिन और पोटेशियम क्लैवुलैनेट्र टैबलेट (एंटीबायोटिक्स) शामिल है। जिला ड्रग इंस्पेक्टर रजत पांडेय ने बताया कि इस फर्म से भंडारित तीन संदिग्ध औषधियों के नमुने संकलित किये गये। इस मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा नियमित व्यापार बीजक जारी नहीं किया जा रहा था। फर्म द्वारा संकलीत किये गये नमूने का क्रय बिल नहीं दिखाया गया। कालातित औषधियों को नियमानुसर रखा नहीं गया था।

**अधोमानक दवाओं के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई**

जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों प्रतिष्ठान से एकत्र किए गए नमूनों को परीक्षण और विश्लेषण के लिए भेजा गया है। परीक्षण रिपोर्ट आते ही उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी । इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। क्योंकि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की जा रही है।

# चोरी के माल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




**खेतासराय।** जिले की खेतासराय थाना पुलिस ने रविवार को सुम्बुल पुर गांव में हुई चोरी के 24 घण्टे के अंदर ही मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस टीम ने चोरी गए सामानों के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सभी माल को बरामद भी कर लिया है। खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय ने बताया की उक्त गांव में एक दिन पहले एक व्यक्ति के मकान में नकब लगाकर चोर हजारों रुपये नकदी समेत 50 हजार से अधिक का सामान उठा लें गए थे। मामले की जानकारी होते ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से छानबीन में जुट गई। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गांव में हुई चोरी का सामान लेकर एक व्यक्ति सुम्बुलपुर पोखरा के पास खड़ा है। थाना प्रभारी रामाश्रय राय अपने साथ उप निरीक्षक गुलाबचन्द्र, हेड कांस्टेबल विपिन पाण्डेय, विनोद प्रजापति के साथ उक्त स्थान पर छापेमारी करके अभियुक्त को पकड़ लिए। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मोहम्मद शहनवाज पुत्र मोहम्मद मुन्ना निवासी ग्राम सुम्बुलपुर थाना खेतासराय जौनपुर बताया। पुलिस टीम आरोपी को हिरासत में लेकर वहां से पूछताछ के लिए थाने ले आई । यहां कड़ाई से पूछताछ हुई तो उसने स्वीकार किया कि गांव में हुई चोरी को उसने अंजाम दिया था। अभियुक्त की निशान देही पर पुलिस ने चोरी के सभी सामान को बरामद कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेज दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिये अधिकारीगणों के साथ प्री–ट्रायल बैठक की

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव के निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.09.2025 के आयोजन में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु आज 02.08.2025 समय सायं-4÷00 बजे मनीष निगम अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव द्वारा एक बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता श्रीमती ममता सिंह, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत,द्वारा की गई। उक्त बैठक में समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अधिकारी गण उन्नाव उपस्थित रहें। उक्त बैठक में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव मनीष निगम के द्वारा बैठक में उपस्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट अधिकारी गण के साथ आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार.विमर्श किया गया एंव सुलह समझौता के आधार पर अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर बल दिया गया साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि हर सम्मन/नोटिस को कम से कम दो बार तामिला कराया जाना सुनिश्चित करें।

# पीयूकैट की काउंसलिंग 5 अगस्त से शुरू

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में पीयूकैट प्रवेश परीक्षा के रिजल्ट के बाद सत्र 2025-26 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रथम काउंसलिंग 5 अगस्त से 8 अगस्त 2025 तक होगी। विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए रविवार को प्रेस रिलीज में यह तिथियां जारी कर दी है। 5 अगस्त 2025 को बीकॉम ऑनर्स, एमएससी के केमिस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, एल एल एम, एमबीए, एमबीए के फाइनेंस एंड कंट्रोल, फार्मेसी में डिप्लोमा की होगी। 6 अगस्त दूसरे दिन एमबीए के एग्री बिजनेस, ई-कॉमर्स, एचआरडी में, एलएलबी 5 वर्ष इंटीग्रेटेड, बीसीए में काउंसलिंग होगी। 7 अगस्त को एमसीए, बीसीए, एमसीए इंटीग्रेटेड, बीएससी के सभी 10 विषय में तथा बीएससी ऑनर्स बायोटेक्नोलॉजी व एनवायरमेंटल साइंस की होगी। 8 अगस्त को बीटेक के सभी 10 विषयों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग होनी निर्धारित है। जिसकी सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को अपने सभी अंक पत्र मूल एवं छाया प्रति के साथ ही, आधार कार्ड, फोटोग्राफ, जाति आदि प्रमाण पत्र लेकर आना होगा।

# कैंसर को लेकर शिक्षकों व छात्राओं को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**जफराबाद।** क्षेत्र के गद्दीपुर में स्थित एसएनबी इंटर कॉलेज में रविवार को मालती देवी फाउंडेशन द्वारा एक समाज उपयोगी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जरूरतमंद छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें वितरित करने के बाद उन्हें कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। छात्रों को यह भी बताया गया कि खान-पान पर हमको कैसे ध्यान रखने की जरूरत है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैंसर एवं रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमार दुबे ने छात्राओं को पढ़ाई में मन लगाकर पढ़ने के लिये प्रेरित किया। इसके अलावा कैंसर के लक्षण, कारण, रोकथाम और सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ÷स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विचार पनपते हैं। यदि समय पर जांच हो और प्रारंभिक लक्षणों को नजरअंदाज न किया जाए तो कैंसर को हराना संभव है। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक आलख नारायण दुबे, राम जनम दुबे, कपिल दुबे तथा प्राचार्य डी.एस. चौबे ने भी छात्राओं का सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक संतोष मिश्रा सुग्गु ने किया।उन्होंने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कविता श्रीवास्तव कायस्थ सेवा ट्रस्ट महिला विंग जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



कायस्थ सेवा ट्रस्ट की बैठक जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार श्रीवास्तव के रौता पार स्थित आवास पर ट्रस्ट के संस्थापक अजय कुमार श्रीवास्तव व संरक्षक प्रीति श्रीवास्तव की अध्यक्षता सम्पन्न हुई। बैठक में ट्रस्ट के महिला विंग का गठन किया गया। इसमें कविता श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक प्रीति श्रीवास्तव ने कहा कि ट्रस्ट में महिला विंग का गठन होने से संगठन का विस्तार तो होगा ही साथ साथ ट्रस्ट का हर परिवार तक पहुंचने का उद्देश्य भी पूरा होगा। संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कविता श्रीवास्तव को दायित्व मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये संगठन के विस्तार पर जोर दिया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कविता श्रीवास्तवा को नियुक्ति पत्र , भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा भेंट किया गया। उन्होने शीघ्र कार्यकारिणी विस्तार की घोषणा किया। जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारी दुर्गेन्द्र श्रीवास्तव, नीतेश श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, जिला संयोजक राजेश श्रीवास्तव, महामंत्री कमलेश श्रीवास्तव, संगठन महामंत्री नितेश श्रीवास्तव, सलाहकार समिति के सदस्य मनीष श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तवा, सौरभ श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र ई जेएफएस सिद्धार्थ भटनागर के आगमन पर होटल रघुवंशी जौनपुर में मल्टी एलओ मीट संपन्न

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र ई जेएफएस सिद्धार्थ भटनागर के आगमन पर जोन प्रेसिडेंट जेएफडी गौरव अरोड़ा,जोन वाइस प्रेसिडेंट जेएफएम सोनम चतुर्वेदी एवं टूर कॉर्डिनेटर जेएफएम गौरव सेठ की उपस्थिति में मल्टी एलओ मीट का आयोजन होटल रघुवंशी, जौनपुर में किया गया। इस अवसर पर जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष जेसी नीरज श्रीवास्तव, जेसीआई जौनपुर चेतना की अध्यक्ष जेसी ज्योति श्रीवास्तव, जेसीआई जौनपुर युवा के अध्यक्ष जेसी अवनीश केशरवानी, जेसीआई शाहगंज सिटी की अध्यक्ष जेसी दीपा सेठ एवं जेसीआई शाहगंज संस्कार के अध्यक्ष जेएफडी विनायक गुप्ता ने अपनी कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत की। नेशनल वाइस प्रेसिडेंट जेएफएस सिद्धार्थ भटनागर ने जेसीआई के महत्व पर प्रकाश डाला एवं सभी अध्यक्षों की उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना की। इस दौरान पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेसी अनिल सिंह, पास्ट जोन प्रेसिडेंट जेसी आलोक सेठ, पास्ट जोन प्रेसिडेंट जेसी राधे रमन जायसवाल, जेएफएम गुलाम साबिर, जोन कॉर्डिनेटर जेसीआई सेन विशाल गुप्ता, जोन कॉर्डिनेटर जेसी मीरा अग्रहरि, जोन कॉर्डिनेटर जेसी आकाश केशरवानी सहित संगठन के कई पूर्व अध्यक्षों एवं टीम सदस्यों की उपस्थिति रही। जोन प्रेसिडेंट जेएफडी गौरव अरोड़ा ने सभी अध्यक्षों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया।

# ग्रामीणों में निशुल्क पेड़ का किया गया वितरण



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर-जिले के सिरकोनी विकास क्षेत्र के सलाखापुर गांव में एन.आर.आई.के सदस्यों के द्वारा पर्यावरण को देखते हुए ÷एक कदम हरियाली की ओर÷ मिशन के तहत सैकड़ों से अधिक आम पेड़ों का नि÷शुल्क वितरण किया गया। पेड़ वितरण करते हुए एन.आर.आई.के सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध व सही रखने के लिए हम भी लोगों को पेड़-पौधे जरुर लगाना चाहिए। जिससे आने वाले दिनों में हम सभी लोगों को ऑक्सीजन के साथ-साथ फल व लकड़ियां भी मिलती रहे। इस दौरान अनिल सिंह, शैलेन्द्र सिंह,रविन्दर यादव, पंकज, सचिन , संदीप सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ओवल टेस्ट- इंग्लैंड की पारी लड़खड़ाई

**● ओली पोप आउट ● सिराज सीरीज के टॉप विकेट टेकर, टंग को पीछे छोड़ा ● 374 चेज कर रही इंग्लैंड के 3 बल्लेबाज पवैलियन लौट गए थे**



**लंदन (एजेंसी)।** भारत ने ओवल टेस्ट में इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रन का टारगेट दिया है। जवाब में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 3 विकेट पर 154 रन बना लिए थे। ओली पोप (27 रन) को मोहम्मद सिराज ने एलबीडब्ल्यू किया। वे इस सीरीज के टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। सिराज ने जोश टंग (19 विकेट) को पीछे छोड़ा। बेन डकेट (54 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने केएल राहुल के हाथों कैच कराया।

रविवार को मैच का चौथा दिन था और पहला सेशन जारी है। भारत जीत से 5 विकेट दूर थी, क्योंकि क्रिस वोक्स इंजरी के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं। वहीं, इंग्लैंड को आखिरी 2 दिन में 253 रन बनाने हैं।

मुकाबले के तीसरे दिन भारत अपनी दूसरी पारी में 396 रन पर ऑलआउट हुआ। इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को पहली पारी में 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे।

## दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत** - शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, प्रसिद्ध कृष्णा।

**इंग्लैंड** - ओली पोप (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैकब बेथेल, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, जैमी ओवर्टन, जोश टंग।

# साइना नेहवाल ने पति पारुपल्ली कश्यप संग फोटो शेयर की

## 19 दिन पहले अलग हुए थे, अब लिखा- हम फिर कोशिश कर रहे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बैडमिंटन ओलिंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने पति पारुपल्ली कश्यप के साथ सोशल मीडिया पर फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा- कभी-कभी दूरियों से इंसान की अहमियत समझ आती है। यहां हम फिर से कोशिश कर रहे हैं। साइना नेहवाल ने 19 दिन पहले इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट करते हुए लिखा था कि उन्होंने पति से अलग होने का फैसला कर लिया है।

**पहाड़ों के बैकग्राउंड के साथ फोटो शेयर की -** साइना ने पारुपल्ली कश्यप को टैग किया और फोटो शेयर की। इसमें दोनों पहाड़ों के बैकग्राउंड में खड़े नजर आए। जहां पीछे की ओर पानी भी नजर आया। साइना ने शनिवार शाम 7 बजे यह पोस्ट की। साइना नेहवाल ने 13 जुलाई को इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा, बहुत सोच-विचार के बाद कश्यप और मैंने अलग होने का फैसला किया है। साइना ने लिखा, जिंदगी कभी-कभी हमें अलग-अलग दिशाओं में ले जाती है। हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और उबरना चुन रहे हैं। मैं उनके साथ सभी यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं। हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद।

**7 साल पहले हुई थी शादी, ट्रेनिंग के दौरान मिले थे -** साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ लव मैरिज की थी। दोनों 2007 से रिलेशनशिप में थे।

# साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने डब्ल्यूसीएल का खिताब जीता

**फाइनल में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया, एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए**

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) का खिताब जीत लिया है। टीम ने शनिवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया।मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका टीम ने 16.5 ओवर में एक विकेट खोकर 196 रन का टारगेट हासिल कर लिया। एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए। डिविलियर्स को उनके शतक और टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।




**शरजील खान ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए -** पाकिस्तान के लिए शरजील खान ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। उनके अलावा उमर अमीन ने नाबाद 36 रन की पारी खेली। आसिफ अली ने 28 और शोएब मलिक ने 20 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका के लिए हार्डस विल्जोएन और वेन पार्नेल ने 2-2 विकेट लिए। डुआने ओलिवियर को एक विकेट मिला।

**डुमिनी ने नाबाद 50 रन बनाए -**एबी डिविलियर्स ने 60 गेंदों में नाबाद 120 रन बनाए। जेपी डुमिनी ने 28 गेंदों में नाबाद 50 रन की पारी खेली। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी निभाई। इस टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी।

**पाकिस्तान के खिलाफ खेलने नहीं उतरा था भारत -** इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई थी। वहीं, भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे।

**डब्ल्यूसीएल प्राइवेट लीग, इसे अजय देवगन की कंपनी करा रही -** डब्ल्यूसीएल-टी-20 क्रिकेट लीग है। इसमें दुनिया भर के रिटायर्ड प्लेयर्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 6 टीमें इंडिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज हैं। लीग का आयोजन बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड करा रहे हैं। लीग का यह दूसरा सीजन था। पहले सीजन में भारत चैंपियन बना था।

# वेस्टइंडीज ने दूसरा टी-20 जीता

**पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 की बराबरी पर; जेसन होल्डर ने लिए 4 विकेट**

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने लॉडरहिल (फ्लोरिडा) के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 133 रन बनाए, जबकि वेस्टइंडीज ने 134 रन के लक्ष्य को 8 विकेट खोकर 19.4 ओवर में हासिल कर लिया। जेसन होल्डर ने 4 विकेट लेने के साथ ही 16 रन बना कर वेस्टइंडीज की जीत में अहम भूमिका निभाई।



**पाकिस्तान की बल्लेबाजी- खराब शुरुआत, सलमान और नवाज ने संभाला -** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज सईम अयूब 9 रन बनाकर आउट हुए, जबकि दूसरे ओपनर साहिबजादा फरहान 16 रन पर पवेलियन लौट गए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए मोहम्मद हारिस भी 21 रन के कुल स्कोर पर आउट हो गए। पावरप्ले (पहले 6 ओवर) में पाकिस्तान ने 3 विकेट खोकर मात्र 24 रन बनाए।इसके बाद सलमान आगा और हसन नवाज ने पारी को संभालने की कोशिश की। सलमान आगा ने 33 गेंदों में 38 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने पहले फखर जमान के साथ चौथे विकेट के लिए 27 गेंदों में 32 रन की साझेदारी की और फिर हसन नवाज के साथ 39 गेंदों में 60 रन की साझेदारी कर स्कोर को 130 के पार पहुंचाया। हसन नवाज ने 23 गेंदों में 40 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें 1 चौका और 4 छक्के शामिल रहे। उनकी इस पारी ने पाकिस्तान को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में मदद की।

**वेस्टइंडीज की गेंदबाजी- होल्डर ने लिए 4 विकेट -**वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट झटके। गुकेश मोटी ने 4 ओवर में 39 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि अकील हुसैन और रोस्टन चेज को 1-1 विकेट मिला।

**वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी- शुरुआत खराब, फिर संभली पारी -** 134 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज एलिक अथानाजे 2 रन बनाकर आउट हुए, जबकि दूसरे ओपनर ज्वेल एंड्रयू 12 रन पर पवेलियन लौट गए। पावरप्ले में वेस्टइंडीज ने 2 विकेट खोकर 34 रन बनाए। इसके बाद गुकेश मोटी (28 रन), कप्तान शाई होप (21 रन), रोस्टन चेज (16 रन) और जेसन होल्डर (16 रन) ने उपयोगी योगदान दिया। रोमारियो शेफर्ड ने 11 गेंदों में 15 रन और ज्वेल एंड्रयू ने 12 गेंदों में 10 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंत में वेस्टइंडीज ने 2 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

**पाकिस्तान की गेंदबाजी- नवाज और अयूब ने दिखाया दम -** पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए। सईम अयूब ने भी 4 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। हालांकि, अन्य गेंदबाजों का प्रदर्शन औसत रहा, जिसके कारण पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा।

# एशिया कप, भारत-पाकिस्तान 14 सितंबर को दुबई में खेलेंगे

**फाइनल समेत सुपर-4 के एक मैच को छोड़कर सभी मैच यहीं होंगे; टूर्नामेंट 9 सितंबर से**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मेंस एशिया कप के मुकाबलों के लिए वेन्यू का ऐलान कर दिया। हालांकि, शेड्यूल का ऐलान पहले ही किया जा चुका था। एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (श्व) में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मुकाबला रविवार (14 सितंबर) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में हैं। ऐसे में रविवार (21 सितंबर) को सुपर 4 मैच में फिर से उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है।

**एशिया कप 2025 में ग्रुप स्टेज का शेड्यूल**

| | | |
|---|---|---|
| AFG vs HKG<br>9 सितंबर<br>अबू धाबी | IND vs UAE<br>10 सितंबर<br>दुबई | BAN vs HKG<br>11 सितंबर<br>अबू धाबी |
| PAK vs OMA<br>12 सितंबर<br>दुबई | BAN vs SL<br>13 सितंबर<br>अबू धाबी | PAK vs IND<br>14 सितंबर<br>दुबई |
| UAE vs OMA<br>15 सितंबर<br>अबू धाबी | SL vs HKG<br>15 सितंबर<br>दुबई | BAN vs AFG<br>16 सितंबर<br>अबू धाबी |
| PAK vs UAE<br>17 सितंबर<br>दुबई | SL vs AFG<br>18 सितंबर<br>अबू धाबी | IND vs OMA<br>19 सितंबर<br>अबू धाबी |

**भारत का पहला मैच यूएई से**

भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को श्व, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

- **पिछला एशिया कप पाकिस्तान ने होस्ट किया था -** एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि, भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब जीता था।
- **पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव -**अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान खेलने के लिए भारत नहीं आएगा। इसलिए एसीसी टूर्नामेंट को यूएई में कराया जा रहा है।
- **भारत ने 8 बार जीता एशिया कप -** एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

# बीसीसीआई आयु-धोखाधड़ी रोकने के लिए करने जा रहा है स्क्रीनिंग एजेंसी नियुक्त

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आयु-धोखाधड़ी रोकने और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी को नियुक्त करने जा रहा है। बीसीसीआई के अनुसार आयु-धोखाधड़ी और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया में है। हाल ही में एक आरएफपी जारी किया गया है, जिसमें सत्यापन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलियां आमंत्रित की गई हैं। इस आउटसोर्स एजेंसी के अगस्त के अंत तक स्थापित होने की उम्मीद है। ऐसा माना जा रहा है कि यह मामला खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज या प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए से संबंधित है। बीसीसीआई का उद्देश्य इस प्रक्रिया को पेशेवर बनाना और अधिक आयु के खिलाड़ियों के इस प्रणाली में प्रवेश करने की किसी भी संभावना को समाप्त करना है। बीसीसीआई दो-स्तरीय आयु-सत्यापन प्रणाली अपनाता है - पहले में दस्तावेजों और जन्म प्रमाण पत्रों की जांच शामिल है जबकि दूसरा अस्थि परीक्षण है, जिसे आमतौर पर टीडब्ल्यू3 (टैनर-व्हाइटहाउस 3) पद्धति के रूप में जाना जाता है।




ये सत्यापन आमतौर पर लड़कों के लिए अंडर-16 स्तर पर और लड़कियों के लिए अंडर-15 स्तर पर किए जाते हैं। बीसीसीआई ने बोली लगाने वाली संस्थाओं से अपेक्षित आवश्यकताओं की रूपरेखा तैयार की है। एक हालिया अधिसूचना के अनुसार, बोली लगाने वाली कंपनियों/एजेंसियों के पास प्रतिष्ठित फर्मों को पृष्ठभूमि सत्यापन सेवाएं प्रदान करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इनमें कॉर्पोरेट कंपनियां शैक्षणिक बोर्ड/संस्थान और भर्ती निकाय शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। इसके अलावा इच्छुक पक्षों के पास एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क या सभी भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भौतिक और डिजिटल दोनों तरह से सत्यापन करने की क्षमता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई वर्ष में इसी समय जुलाई और अगस्त के आसपास आयु सत्यापन करता है। इस वर्ष यह प्रक्रिया सितंबर तक भी बढ़ सकती है क्योंकि एजेंसी के इस महीने के अंत तक काम शुरू करने की उम्मीद है। सत्यापन राज्यवार किया जाता है और प्रत्येक राज्य से, प्रत्येक बालक और बालिका वर्ग में, 40-50 खिलाड़ियों को परीक्षण प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

# ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने डीपीएल 2025 में की विजयी शुरुआत, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान अनुज रावत (55) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे संस्करण के शुरुआती मुकाबले में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार को आयोजित भव्य उद्घाटन समारोह में डीपीएल शानदार आगाज हुआ।




दर्शकों ने सुनंदा शर्मा, रफ्तार, कृष्णा और सीधे माउत के जोशीले प्रदर्शनों का आनंद लिया। समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी, डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली और बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला उपस्थित थे। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी ने प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'मैं सभी टीमों और खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। यह टूर्नामेंट प्रतिभा, टीम वर्क और खेल भावना का उत्सव बने। मैं रोमांचक क्रिकेट देखने के लिए उत्सुक हूं और आशा करती हूं कि यह आयोजन हमारे शहर के युवाओं को खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा।

डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, 'दिल्ली प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन आज आधिकारिक रूप से शुरू हो रहा है और यह स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। मैं इस वर्ष भाग लेने वाली सभी टीमों और खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। आशा करता हूं कि लीग का कद बढ़ता रहे और उभरते सितारों को चमकने के लिए एक मजबूत मंच मिले। दक्षिण दिल्ली सुपरस्टार्ज और पूर्वी दिल्ली राइडर्स के बीच शुरुआती मुकाबला हुआ जो बेहद रोमांचक रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए, दक्षिण दिल्ली सुपरस्टार्ज ने 20 ओवरों में छह विकेट पर 169 रन बनाए। सुपरस्टार्ज को शुरुआती झटका तब लगा जब कुंवर बिधूड़ी दूसरी ही गेंद पर अजय अहलावत का शिकार बन गए। सलामी बल्लेबाज सार्थक रे और कप्तान आयुष बदौनी ने 43 रनों की साझेदारी करके पारी को संभाला, लेकिन बदौनी 20 गेंदों पर 25 रन बनाकर आउट हो गए। लगातार विकेट गिरने के कारण उनका स्कोर 82/5 हो गया ऐसे संकट के समय में सार्थक रे के साथ विजन पांचाल क्रीज पर आए। सार्थक रे और विजन पांचाल ने छठे विकेट के लिए 32 रनों की अटूट साझेदारी की, जिसमें पांचाल ने 15 गेंदों पर 29 रनों की तेज पारी खेली। इसके बाद अभिषेक खंडेलवाल ने 23 गेंदों पर नाबाद 40 रनों की पारी खेली, जबकि सार्थक रे 35 गेंदों पर 41 रन बनाकर नाबाद रहे और सुपरस्टार्ज को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। 170 रनों के लक्ष्य के जवाब में, ईस्ट दिल्ली राइडर्स के सलामी बल्लेबाज अर्पित राणा और सुजल सिंह ने 4.3 ओवर में 33 रनों की साझेदारी की, लेकिन राणा 15 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हो गए।

# महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2026 में शामिल होने की पुष्टि की

## सीएसके की कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ ही संभालेंगे

**चेन्नई (एजेंसी)।** इस साल चोटिल रुतुराज गायकवाड़ से 5 बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कमान संभालने के बाद तूफानी कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अगले साल के संस्करण में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है और कहा है कि रुतुराज कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और टीम का नेतृत्व करेंगे। धोनी ने एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद कहा कि उन्हें चेन्नई के साथ अपने लंबे समय से जुड़े जुड़ाव, चेन्नई के प्रशंसकों से मिले प्यार, स्नेह और समर्थन की याद आती है। चेन्नई के प्रति उनका प्यार तब स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जब उन्होंने कहा कि इसी शहर ने उन्हें 2005 में पहला टेस्ट और 2008 में आईपीएल का पहला मैच दिया था। धोनी ने इस साल के संस्करण में टीम की समस्याओं और संतुलन की बात स्वीकार की, लेकिन यह भी कहा कि अगले साल सीएसके की बल्लेबाजी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा, 'हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है।

# पीसीबी का बड़ा फैसला

**अब डब्ल्यूसीएल में नहीं खेलेगा पाकिस्तान**

## भारत के न खेलने पर लगाया पूरी तरह से बैन; साउथ अफ्रीका चैंपियन बना

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भविष्य में हिस्सा लेने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विवाद के बाद लिया गया। भारतीय टीम ने डब्ल्यूसीएल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच खेलने से इनकार कर दिया था। इसमें सेमीफाइनल और ग्रुप स्टेज का मुकाबला शामिल है। पीसीबी ने इसकी घोषणा रविवार को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 79वीं मीटिंग के बाद की। मीटिंग की अध्यक्षता मोहसिन नकवी ने की । पीसीबी ने बयान में कहा गया, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर, जो बाहरी दबावों के स्पष्ट और असहनीय प्रभाव तथा खेल की निष्पक्षता के सिद्धांतों की अवहेलना को उजागर करता है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मजबूरी में कड़ा रुख अपनाना पड़ रहा है। पीसीबी अब ऐसे टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां निष्पक्ष खेल भावना और स्वतंत्र संचालन जैसे मूलभूत सिद्धांत बाहरी हस्तक्षेप के कारण समझौते की भेंट चढ़ जाएं।

**पाकिस्तान के खिलाफ खेलने नहीं उतरा था भारत -** इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई थी। वहीं, भारतीय प्लेयर्स ने



पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे। भारत ने यह फैसला कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण लिया था।

**डब्ल्यूसीएल बोला था- हम जो करते दर्शकों के लिए करते हैं -**डब्ल्यूसीएल टी-20 क्रिकेट लीग है। इसमें दुनिया भर के रिटायर्ड प्लेयर्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 6 टीमों इंडिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज ने हिस्सा लिया। लीग का आयोजन बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड करा रहे हैं। लीग का यह दूसरा सीजन था। पहले सीजन में भारत चैंपियन बना था।

**साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने डब्ल्यूसीएल का खिताब जीता -** साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) का खिताब जीत लिया है। टीम ने शनिवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया।

# 7 अगस्त को राहुल गांधी के घर पर इंडिया अलायंस की अहम बैठक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की अगली बैठक 7 अगस्त को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर होगी। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक डिनर के दौरान होगी और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### क्या है बैठक का मकसद?

राहुल गांधी ने हाल ही में आरोप लगाया था कि 2024 के लोकसभा चुनावों में करीब 70-80 सीटों पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बहुत मामूली बहुमत से जीते हैं और यदि 15 सीटें भी सही तरीके से हुई होतीं, तो वो प्रधानमंत्री नहीं बन पाते। इसके साथ ही, बैठक में कई मुद्दे उठाए जा सकते हैं। जिसमें बिहार में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया, महाराष्ट्र में फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप, ऑपरेशन सिंदूर, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से संभावित टैरिफ (शुल्क) धमकी शामिल है।

### क्या कह रही हैं विपक्षी पार्टियां?

शिवसेना (यूबीसी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि, %चाहे वह पहलगाम आतंकवादी हमला हो या ऑपरेशन सिंदूर, सरकार कोई जवाबदेही नहीं दिखा रही है। प्रधानमंत्री ने खुद कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, लेकिन वहीं दूसरी ओर सेना और सरकार के लोग क्रिकेट खेल रहे हैं यह शहीदों का अपमान है। उन्होंने महाराष्ट्र में 45 लाख नए वोटरों के जुड़ने और 70 लाख वोटों के अंतिम समय में डाले जाने पर सवाल उठाया। बिहार में 60 से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए जाने पर भी चिंता जताई, जिससे प्रवासी मजदूरों का वोट अधिकार छिन गया है।

### कौन-कौन नेता होंगे शामिल?

पिछली बैठक 19 जुलाई को वर्चुअल हुई थी, जिसमें 24 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए थे, जिसमें एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार, आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, जम्मू-कश्मीर के मौजूदा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे शामिल थे। इस बार फारूक अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस) ने भी पुष्टि की है कि वे बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वे बिहार की एसआईआर प्रक्रिया पर चर्चा करेंगे, जिसे भाजपा-जेडीयू गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए उपयोग किया जा रहा है।

### राहुल गांधी का चुनाव आयोग पर आरोप

राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोलते हुए कहा, भारत का चुनावी सिस्टम मर चुका है। हमारे पास सबूत हैं कि लोकसभा चुनावों में धांधली हुई। करीब 1.5 लाख फर्जी वोटर मिले हैं। चुनाव आयोग अब अस्तित्व में ही नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने पिछले छह महीनों में गहन जांच की, जिससे यह तथ्य सामने आया। हालांकि, चुनाव आयोग ने 12 जून को राहुल गांधी को इस मुद्दे पर बातचीत के लिए बुलाया था, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है।

### सीपीआई महासचिव डी राजा का बयान

वहीं इसे लेकर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) के महासचिव डी राजा ने कहा कि राहुल गांधी व्यक्तिगत रूप से नेताओं को फोन कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अभी कोई ठोस एजेंडा तय नहीं हुआ है।

### चुनाव आयोग से निष्पक्षता की उम्मीद थी: केसी वेणुगोपाल

वहीं इस मामले में केरल के त्रिशूर में बोलते हुए कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा- 7 अगस्त को दिल्ली में एक बैठक होगी। भारत गठबंधन के नेता वहां मौजूद रहेंगे। उन्होंने आगे कहा- हम संसद के अंदर और बाहर एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। चुनाव आयोग इस देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को सुनियोजित तरीके से निशाना बना रहा है। हमें चुनाव आयोग से निष्पक्षता की उम्मीद थी, लेकिन वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। बिहार में कई मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। ऐसे में निष्पक्ष लोकतंत्र कैसे चल सकता है? ... हम 5 अगस्त को बंगलूरू में चुनाव आयोग की गंभीर गड़बड़ियों का खुलासा करने जा रहे हैं।

# मालेगांव विस्फोट मामले में बरी हुए पुरोहित का पुणे में स्वागत, बोले, कहा था मैं बेदाग वापस आऊंगा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

एनआईए कोर्ट से 2008 मालेगांव विस्फोट मामले में बरी हुए ले. कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित का पुणे में रविवार को जोरदार स्वागत हुआ। पुणे में लोगों ने कर्नल पुरोहित पर फूल बरसाए। साथ ही ढोल नगाड़ों की धुन पर जमकर झूमे। कर्नल पुरोहित ने कहा कि लोग हमेशा मेरा स्वागत करना चाहते थे, लेकिन मैंने पहले ही कहा था कि मैं बेदाग वापस आऊंगा। ढोल-नगाड़ों की थाप और पुष्प वर्षा के बीच लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित अपनी पत्नी के साथ खुली जीप में सवार होकर जुलूस के साथ शांतिशीला हाउसिंग सोसाइटी स्थित अपने घर पहुंचे। जुलूस में शामिल लोगों ने पुरोहित के बरी होने पर जय श्री राम और सनातन धर्म की जय के नारे लगाए। पुरोहित की सोसाइटी के लोग भी फूल लेकर उनका स्वागत करने आए और भगवा झंडे लहराए। जुलूस के दौरान कर्नल पुरोहित ने कहा कि लोग हमेशा मेरा स्वागत करना चाहते थे। लेकिन मैंने कहा था कि जब तक मैं इस मामले से पूरी तरह बरी नहीं हो जाता, मैं आपको उस तरह की खुशी नहीं दे पाऊंगा। इस बार जब अदालत ने फैसला सुनाया तो लोगों ने कहा कि वे मेरा स्वागत करेंगे। मेरा यह कहने का कोई मन नहीं था कि मैं इसमें शामिल नहीं हो पाऊंगा। मैं लोगों का आभारी हूं। पुरोहित ने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि मेरा इतना भव्य स्वागत किया गया। मेरा पूरा परिवार इस स्थान पर मेरा इंतजार कर रहा है। मेरा पूरा परिवार यहां आया है। मैं यहीं पला-बढ़ा हूं। सभी लोग मुझसे मिलने यहां आए हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित के एक कॉलेज मित्र ने कहा कि उन्हें 17 साल बाद न्याय मिला है। उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया था। अदालत के फैसले के बाद वह एक निर्दोष व्यक्ति के रूप में अपने घर लौट रहे हैं। इसलिए हमें उनका स्वागत करना चाहिए। हमने यहां सभी व्यवस्थाएं की हैं।

### एनआईए की विशेष अदालत से सभी आरोपी बरी


एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने 31 जुलाई 2025 को साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सातों आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका। मालेगांव ब्लास्ट मामले में शुरुआत में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें से सात पर ही आरोप तय हुए और मुकदमा चला। बाकी सात को पहले ही रिहा कर दिया गया था।

### क्या था मालेगांव ब्लास्ट मामला

29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में एक मस्जिद के पास खड़ी मोटरसाइकिल में विस्फोट हुआ था। धमाके में छह लोगों की मौत हुई थी और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस मामले में आरोपियों पर यूएपीए, आईपीसी की धारा 302 और आपराधिक साजिश के तहत केस दर्ज किया गया था।

# नितिन गडकरी के घर को बम से उड़ाने की झूठी धमकी, पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को दबोचा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नागपुर**



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के घर में बम लगाने की झूठी धमकी देने वाले एक शख्स को नागपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में नागपुर के डीसीपी रुशिकेश सिंगारेड्डी ने बताया कि उन्हें एक फोन आया जिसमें कहा गया कि नितिन गडकरी के घर में बम लगाया गया है और वह जल्द ही फटने वाला है। इस फोन के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और बम स्क्वॉड को बुलाया गया, केंद्रीय मंत्री के घर की सुरक्षा को सतर्क किया गया और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### बम स्क्वॉड की जांच में कुछ भी नहीं मिला संदिग्ध

इसके बाद बम स्क्वॉड ने घर की पूरी तरह से जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। तब पुलिस को समझ में आ गया कि यह एक झूठी कॉल है। इसके बाद पुलिस ने फोन करने का लोकेशन ट्रेस किया और उसे ढूंढ निकाला। पुलिस ने बताया कि इस मामले में उमेश राउत नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। कॉल उसी के फोन से किया गया था। पुलिस के मुताबिक, उस व्यक्ति ने सुबह शहर के पुलिस नियंत्रण कक्ष के आपातकालीन नंबर 112 पर कॉल करके धमकी दी थी।

### आम जनता से अपील

पुलिस के अनुसार, उमेश नागपुर में एक शराब की दुकान में सर्वर का काम करता है। उसकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है और पहले कभी किसी केस में उसका नाम नहीं आया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि उसने ऐसा क्यों किया। फिलहाल वह पुलिस की हिरासत में है और पूछताछ जारी है। इसके साथ डीसीपी सिंगारेड्डी ने लोगों से अपील की है कि इस तरह की झूठी कॉल करना एक गंभीर अपराध है और ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कोल्हापुर की 'महादेवी' हथिनी को वनतारा से वापस लाने की मांग तेज, लोगों ने किया मौन मार्च

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



कोल्हापुर में एक अनोखा और भावुक दृश्य देखने को मिला। 36 वर्षीय हथिनी महादेवी को गुजरात के वनतारा सेंटर से वापस लाने के लिए हजारों लोग हाथों में तख्तियां लिए सड़कों पर उतरे। मांग को लेकर हजारों लोगों ने मौन मार्च किया। यह मार्च पूर्व सांसद राजू शेट्टी के नेतृत्व में नंदनी से शुरू होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचा, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। दरअसल, महादेवी को हाल ही में बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद वनतारा वाइल्डलाइफ रेस्क्यू और रिहैबिलिटेशन सेंटर भेजा गया। अदालत का यह फैसला एनजीओ की उस शिकायत के बाद आया, जिसमें दावा किया गया कि महादेवी मानसिक और शारीरिक रूप से बेहद कष्ट में है। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाई कोर्ट के इस फैसले को 25 जुलाई को बरकरार रखा। महादेवी को 1992 में कर्नाटक से लाकर कोल्हापुर के श्री जिनसेन भट्टारक जैन मठ में रखा गया था।

### सांसद और विधायक भी कूदे मैदान में

महादेवी की विदाई के बाद से ही कोल्हापुर में भारी जनभावना उमड़ी है। भाजपा सांसद धनंजय महाडिक और शिवसेना के सांसद धैर्यशील माने केंद्र सरकार से अपील कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर महादेवी को वापस लाने की अनुमति ली जाए। महाडिक ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से भी इस सिलसिले में मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने भी वनतारा अधिकारियों के साथ बैठक कर हथिनी को वापस लाने के प्रयासों की जानकारी दी।

### महादेवी की हालत पर वनतारा का दावा

महादेवी के बारे में कहा गया है कि वह पैरों में सड़न (फुट रॉट), गठिया और मानसिक तनाव जैसे गंभीर समस्याओं से जूझ रही थी। अकेलेपन के चलते उसके व्यवहार में भी लगातार सिर हिलाने जैसे लक्षण दिख रहे थे। वनतारा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा कि वे महादेवी की देखभाल बेहद सहानुभूति और समझ के साथ कर रहे हैं, और उसे वहां धीरे-धीरे नई जिंदगी में ढालने की कोशिश हो रही है।

### सड़कों से सोशल मीडिया तक जनता का विरोध

कोल्हापुर की जनता सिर्फ सड़कों पर ही नहीं, मोबाइल नेटवर्क और सोशल मीडिया पर भी विरोध कर रही है। स्थानीय नेताओं के मुताबिक, बड़ी संख्या में लोग अपनी जियो मोबाइल सेवा को बंद करवा रहे हैं, क्योंकि वनतारा रिलायंस समूह की परियोजना है। कांग्रेस के विधान पार्षद सतेज पाटिल ने बताया कि दो लाख से अधिक लोग महादेवी को वापस लाने के लिए फॉर्म भर चुके हैं, जिन्हें राष्ट्रपति कार्यालय को भेजा जाएगा।

### क्या है वनतारा?

वनतारा सेंटर जामनगर में करीब 3,000 एकड़ में फैला हुआ है और इसे रिलायंस ने विकसित किया है। यहां जानवरों को हाइड्रोथेरेपी, विशेषज्ञ पशुचिकित्सकों की निगरानी और सामाजिक वातावरण मिलता है। हालांकि, कोल्हापुर की जनता यह मानने को तैयार नहीं कि महादेवी के लिए यह स्थान उसके मठ से बेहतर है। यह मामला अब कानूनी आदेश और जनभावनाओं के बीच संतुलन की चुनौती बन चुका है।

# 'देश में बने उत्पाद खरीदने से भारत आत्मनिर्भर बनेगा'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को देश के सभी नागरिकों से अपील की कि वे आत्म निर्भर भारत अभियान में पूरी सक्रियता से भाग लें और भारत में बने उत्पाद ही खरीदें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी के एकजुट होकर प्रयास करने से ही आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिलेगी।

### आत्मनिर्भर भारत अभियान में शामिल होना चाहिए

केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि आत्म निर्भर भारत अभियान, एक ऐसा अभियान है, जिसमें हर भारतीय को शामिल होना चाहिए। आप जो भी सामान खरीदें, अगर आप भारत में बना सामान खरीदते हैं तो इससे आत्म निर्भर भारत अभियान को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने हर नागरिक से अपील की है। पीयूष गोयल ने लोकसभा और राज्य सभा में साफ किया कि भारत की नीति साफ है कि भारत के हितों का ध्यान रखा जाएगा। शनिवार को पीएम मोदी ने कहा कि जब पूरी दुनिया में अस्थिरता का माहौल है, तब भारत को अपने आर्थिक हितों के लिए चौकन्ना रहना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता किसानों, छोटे उद्योगों का कल्याण और युवाओं के लिए रोजगार है। प्रधानमंत्री ने भी लोगों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने की अपील की।

### स्वदेशी का भाव आने वाले दिनों में हमारा भविष्य तय करेगा

प्रधानमंत्री ने वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें उन चीजों को खरीदना चाहिए जिन्हें बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है, और जो भारत के लोगों के कौशल से बनी हैं। जो देश का भला चाहते हैं, जो देश को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं, तो देशवासियों में इस भाव को जगाना होगा। प्रधानमंत्री ने विदेशों में शादी करके देश का धन लुटाने के बजाय भारत में ही शादी करने की सलाह दी और बताया कि कई नौजवान अब भारत में ही शादी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर बात में स्वदेशी का भाव आने वाले दिनों में हमारा भविष्य तय करने वाला है।

# के. कविता ने पार्टी के ही वरिष्ठ नेता पर साजिश रचने का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद**



तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष और एमएलसी के. कविता ने रविवार को आरोप लगाया कि उनके खिलाफ की गई अनुचित टिप्पणियों के पीछे उनकी ही पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का हाथ है। उनके इस बयान से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के भीतर चल रही आपसी खींचतान एक बार फिर चर्चा में आ गई है। हालांकि, कविता ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह टिप्पणियां किस तरह की थी। उन्होंने कहा कि पार्टी के अन्य नेताओं की चुप्पी काफी कुछ कहती है। उन्होंने कहा, जब मेरे खिलाफ गलत बातें बोली गईं, तब पूरे तेलंगाना को बुरा लगा। लोगों ने इस पर प्रतिक्रिया भी दी। लेकिन किसी कारणवश, मेरी ही पार्टी बीआरएस के भाई चुप रहे। हमें पूछना चाहिए-क्यों? कविता ने दावा किया कि उनके पास पक्की जानकारी है कि पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने जानबूझकर यह सब कराया। उन्होंने कहा, साजिश करने वाले ये सोचते हैं कि वे मेरे समर्थकों के बीच अपने लोग घुसाकर मेरी जानकारी जुटा लेंगे। लेकिन उन्हें यह जानना चाहिए कि मुझे भी पार्टी के अंदर की बातें पता हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे पता है आपने किससे मुलाकात की, किसे मेरे खिलाफ बोलने को उकसाया और एक महिला को निशाना बनाने के लिए आप कितने नीचे गिर गए। मैं यह सब देख रही हूं। बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी कविता ने कहा कि वह कर्म में विश्वास रखती हैं और जो लोग उन्हें निशाना बना रहे हैं, उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे। कविता ने पार्टी के ही एक छोटे कद के नेता पर हमला बोला और आरोप लगाया कि उन्होंने नालगोंडा जिले में पार्टी को नुकसान पहुंचाया और उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, क्या केसीआर के बिना बीआरएस में किसी नेता की पहचाना है? केसीआर ने ही हम सबको जनता से मिलवाया।

### एक निजी पत्र के लीक होने पर जताई थी नाराजगी

बीआरएस में अंदरूनी विवाद मई महीने में भी उस समय सामने आया था, जब कविता ने अपने पिता और पार्टी प्रमुख को लिखे गए एक निजी पत्र के लीक होने पर नाराजगी जताई थी। उस समय उन्होंने कहा था कि पार्टी में षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। उन्होंने केसीआर को चौतरफा राक्षसों से घिरा भगवान बताया था।

# ग्रेनाइट खदान धंसने से ओडिशा के छह श्रमिकों की मौत, तीन घायल, सीएम चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बल्लीकुरवा**



आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में रविवार सुबह एक दुखद हादसा हो गया, जब एक भारी ग्रेनाइट की चट्टान खदान में काम कर रहे मजदूरों पर गिर गई। इस हादसे में छह प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

### हादसा कैसे हुआ?

पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 10:30 बजे 10 से 15 मजदूर खदान में काम कर रहे थे, तभी अचानक एक विशाल चट्टान उन पर गिर पड़ी। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में लगता है कि बारिश या पानी के रिसाव की वजह से चट्टान कमजोर हो गई थी, जिससे वह गिर गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, घटना के समय कोई ब्लास्ट या भूकंप जैसी गतिविधि नहीं हुई थी। पूरी जांच के लिए फॉरेंसिक टीम मौके पर भेजी गई है।

### राहत और बचाव कार्य जारी

हादसे के बाद पुलिस और खनन विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के प्रयास किए गए।

### मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने जताया दुख

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने एक बयान में कहा, मैंने अधिकारियों से बात की है और घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए हैं। हादसे की पूरी जांच कराई जाएगी।

### वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने जताई संवेदना

पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी प्रमुख वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा, यह बहुत ही दिल तोड़ देने वाली घटना है। ये मजदूर अपने परिवारों के लिए मेहनत कर रहे थे, और ऐसे में उनकी जान जाना बेहद दुखद है। उन्होंने सरकार से मांग की कि घायलों को तुरंत इलाज मिले और मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए।

### सभी मजदूर ओडिशा के रहने वाले

जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में मारे गए और घायल हुए सभी मजदूर ओडिशा से आए हुए थे और खदान में काम कर रहे थे। वहीं इस घटना के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोग और मजदूर संगठनों ने सरकार से मृतकों के परिवारों को मुआवजा और घायल मजदूरों को पूरी मदद देने की मांग की है।

# बिना सबूत अब नहीं बदल सकेंगे नाम और जन्म-तिथि बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए सख्त निर्देश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**




पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्रों में मनमाने बदलावों पर रोक लगा दी है। अब कोई भी व्यक्ति बिना वैध दस्तावेज और रजिस्ट्रार की अनुमति के इन प्रमाणपत्रों में कोई बदलाव नहीं कर पाएगा। यह निर्णय राज्य में प्रमाणपत्रों की विश्वसनीयता बनाए रखने और फर्जीवाड़े को रोकने के लिए लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अब किसी भी प्रकार के परिवर्तन की इजाजत केवल स्थानीय रजिस्ट्रार ही देंगे। रजिस्ट्रार द्वारा प्रमाणपत्र में बदलाव की अनुमति तभी दी जाएगी जब संबंधित व्यक्ति सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करेगा और रजिस्ट्रार को यह बदलाव उचित लगेगा। इसमें केवल टाइपिंग या वर्तनी की गलतियों जैसे मामूली सुधार की ही इजाजत होगी।

### जरूरी होंगे वैध दस्तावेज और हलफनामा

बदलाव के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी या पैन कार्ड जैसे पहचान पत्र अनिवार्य होंगे। यदि किसी को उपनाम (सरनेम) में बदलाव करवाना है, तो प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जारी हलफनामा और स्कूल एडमिशन सर्टिफिकेट या समकक्ष दस्तावेज देना जरूरी होगा। यह प्रक्रिया प्रमाणपत्रों में एकरूपता लाने और गलत जानकारी को रोकने के लिए शुरू की गई है।

### तलाक पर भी नहीं बदलेगा पिता का नाम

नए नियम के तहत, तलाक या पुनर्विवाह जैसी परिस्थितियों में भी बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र में एक बार दर्ज हो चुका पिता का नाम नहीं बदला जा सकेगा। विभाग ने स्पष्ट किया कि यह कदम कानूनी उलझनों से बचाव और स्कूल दाखिले जैसे मौकों पर दस्तावेज सत्यापन को आसान बनाने के लिए उठाया गया है।

### 1969 अधिनियम के तहत कार्रवाई संभव

स्वास्थ्य विभाग ने यह निर्देश जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के प्रावधानों के तहत जारी किया है। अधिनियम के अनुसार ऐसे बदलाव जो कानूनी या प्रशासनिक भ्रम पैदा कर सकते हैं, उनकी अनुमति नहीं दी जा सकती। विभाग का मानना है कि यह दिशा-निर्देश राज्य भर में प्रमाणपत्र प्रबंधन को एकरूप बनाएगा और नागरिकों के डेटा के दुरुपयोग को रोकेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)